2 फरीदाबाद
स्मार्ट सिटी : करोड़ों खर्च करके भी शहर में यातायात व्यवस्था चरमराई

6 अभिमत
भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का विस्तार

9 देश/विदेश
2.5 करोड़ टीके लगने से एक पार्टी को आया बुखार: मोदी


11 स्पोर्ट्स
मुख्य कोच के लिए कुंबले, लक्ष्मण से संपर्क कर सकता है बीसीसीआई

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 221
फरीदाबाद, रविवार, 19 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



बच्चों को चाहिए अनुकूल वातावरण
पेज - 12

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 33.02°C
न्यूनतम 26.01°C

## क्विक न्यूज

### दूसरे चरण का आगाज आज से, मुबई-चेन्नई में भिड़ंत

**दुबई।** आईपीएल 2021 के दूसरे चरण का आगाज रविवार से हो रहा है। लीग के 14वें सीजन के 30वें मैच में मुंबई इंडियन्स और चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आमने-सामने होगी। दुबई में होने वाले इस मुकाबले में आईपीएल की दो सबसे सफल टीमें भिड़ेंगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली मुंबई यूएई चरण की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी। वहीं चेन्नई की टीम पहले चरण के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चाहेगी।

### 16 दिसंबर से 13 जनवरी के बीच होगी सीटीईटी परीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 16 दिसंबर से 13 जनवरी के बीच केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) आयोजित करेगा। बोर्ड ने कहा, यह परीक्षा पूरे देश में 20 भाषाओं में कंप्यूटर आधारित परीक्षा के रूप में आयोजित की जाएगी। इसमें बताया कि परीक्षा की जानकारी, पाठ्यक्रम, भाषा, योग्यता, फीस आदि के बारे में विस्तार से जानकारी सीटीईटी की वेबसाइट पर 20 सितंबर से उपलब्ध होगी। उम्मीदवारों को सीटीईटी की वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन आवेदन देना होगा और यह प्रक्रिया 20 सितंबर से 19 अक्टूबर तक चलेगी।

### रनिंदर सिंह चौथी बार एनआरएआई अध्यक्ष चुने गए

**मोहाली।** अनुभवी प्रशासक रनिंदर सिंह को शनिवार को फिर से चौथी बार भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) का अध्यक्ष चुना गया, जिन्होंने यहां चुनावों में बसपा सांसद श्याम सिंह यादव को 56-3 मत से हराया। कुंवर सुल्तान को निर्विरोध राष्ट्रीय संस्था का महासचिव चुना गया, जबकि रणदीप मान को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

● विस्तृत खबर पेज-11

### वायुसेना डल झील के ऊपर 26 को एअर शो करेगी

**श्रीनगर।** वायुसेना 26 सितंबर को एक एअर शो करेगी, जिसमें स्काईडाइविंग टीम आकाशगंगा और सूर्यकिरण एरोबैटिक तथा डिस्प्ले टीम प्रसिद्ध डल झील के ऊपर अपने हवाई करतबों का प्रदर्शन करेंगी। पैरामोटर फ्लाइंग भी कार्यक्रम का आकर्षण होगी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया, आजादी का अमृत महोत्सव समारोहों के तहत एअर शो का आयोजन श्रीनगर एयरफोर्स स्टेशन और जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

# हरियाणा में भाजपा की सरकार, इसलिए बना रहे टारगेट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़


किसानों के आंदोलन को कांग्रेस दे रही हवा

शांतिपूर्ण आंदोलन करने से नहीं रोकेंगे

कानून हाथ में लिया तो होगी कार्रवाई

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि पिछले दस माह से दिल्ली बार्डर पर चल रहे किसानों के आंदोलन को कांग्रेस हवा दे रही है। हरियाणा में भाजपा की सरकार है, इसीलिए हरियाणा को टारगेट बनाया जा रहा है। आंदोलन में शामिल और समर्थन करने वाले ज्यादातर लोगों को कृषि कानूनों की जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री शनिवार को चंडीगढ़ में एक चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, 'लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने या आंदोलन करने का अधिकार है। शांतिपूर्ण आंदोलन करने से कोई नहीं रोक सकता। यदि कोई भी कानून को अपने हाथ में लेता है, तो उस पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार ने किसानों को मंडियों का विकल्प दिया है। अब किसान कहीं भी अपनी फसल बेच सकते हैं।



### मोदी के साथ हुई मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा

दिल्ली के हालिया दौरे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात के दौरान हरियाणा मंत्रिमंडल में विस्तार से जुड़े सवाल पर सीएम ने स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री से कैबिनेट विस्तार पर चर्चा हुई है। इस बारे में भाजपा अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष के माध्यम से उचित निर्णय किया जाएगा।

तीनों कृषि कानून किसानों के हित में हैं। सीएम ने कहा, राज्य सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण और उन्नति के लिए निरंतर कार्य किया है, आगे भी करती रहेगी। चाहे किसान हित की बात हो, प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने की बात हो, युवाओं को केवल मेरिट पर सरकारी नौकरियां देने या खिलाड़ियों को सर्वाधिक पुरस्कार राशि देने की बात हो, हमारी सरकार ने पारदर्शी, जवाबदेही शासन सुनिश्चित करते हुए कल्याणकारी नीतियां बनाई हैं।

# रजिस्ट्री होने के साथ उसी दिन दर्ज होगी म्युटेशन भी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के वित्तायुक्त व राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया, अब हरियाणा में संपत्ति या जमीन की रजिस्ट्री होने के साथ म्युटेशन भी उसी दिन दर्ज होगी, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

संजीव कौशल शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ गांवों को लालडोरा मुक्त बनाने की दिशा में क्रियान्वित की जा रही स्वामित्व योजना व मॉडर्न रिकॉर्ड रूम की प्रगति कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने गिरदावरी के कार्य को बुधवार तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को आदेश दिए कि पंजाब राजस्व (हरियाणा संशोधन) अधिनियम-2020 (हरियाणा अधिनियम संख्या-19, 2021) अधिनियम में वैधानिक प्रावधान के अनुसार की बंटवारे की भूमि के संयुक्त सह-साझेदारों को 7 अक्टूबर तक नोटिस जारी करें। यह अधिनियम 7 जुलाई को अधिसूचित हुआ। इसके अनुसार 3 महीने के भीतर नोटिस जारी करना अनिवार्य है। उन्होंने जिलों में जाकर चेक करने के लिए राजस्व विभाग के विशेष सचिवों की ड्यूटी भी लगाई।

**कैप्टन ने छोड़ी टीम** सीएम अमरिंदर ने पूरी टीम के साथ दिया इस्तीफा, बोले

# मेरा अपमान हुआ, राजनीति में खुले रहते हैं विकल्प

## कांग्रेस ने सोनिया गांधी को दिया नया मुख्यमंत्री चुनने का अधिकार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** कांग्रेस के घमासान के बीच मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने शनिवार शाम 04:00 बजे राज्यपाल बीएल पुरोहित को पूरे मंत्रिमंडल का भी इस्तीफा सौंपा। पंजाब विधायक दल की बैठक से पहले वे राजभवन पहुंचे और अपना इस्तीफा सौंपा। उनके साथ उनकी पत्नी परनीत कौर भी हैं। इसके बाद राजभवन के गेट पर उन्होंने पत्रकारों से बात की। इस दौरान कैप्टन काफी नाराज दिखें। वहीं चंडीगढ़ स्थित पंजाब कांग्रेस भवन में चल रही विधायक दल की बैठक खत्म हो गई है। वहां सर्वसम्मति से पंजाब में नया सीएम चेहरा चुनने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को दे दिया गया है।

उन्होंने ने पत्रकारों से कहा कि मैंने सुबह ही फैसला कर लिया था और सुबह ही मैंने हाईकमान को इस बारे में बता दिया था। हाईकमान को अब जिस पर भरोसा हो, उसे मुख्यमंत्री बना दें। उन्होंने साफ कहा कि बार-बार मेरी बेइज्जती की गई। दो माह में तीन बार विधायकों की बैठक बुलाई गई। सरकार चलाने को मुझ पर संदेह किया गया। मुझे अपमानित महसूस हुआ। अब मैं अपने समर्थकों से बात कर भविष्य की रणनीति बनाऊंगा। कहा कि राजनीति में विकल्प खुले रहते हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कांग्रेस पार्टी में ही हैं। अपने साथियों से बात करने के बाद ही भविष्य पर फैसला लूंगा। साथ ही उन्होंने भाजपा जॉइन करने की अटकलों पर पूछे गए सवाल पर चुप्पी साध ली। पंजाब कांग्रेस में कई महीनों से मचा घमासान कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे तक जा पहुंचा है। अमरिंदर सिंह अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अब पंजाब में कांग्रेस के दो बड़े चेहरे मुख्यमंत्री पद की रेस में सबसे आगे हैं। अगर कैप्टन के ही हिंदू चेहरे के फॉर्मूले पर कांग्रेस काम करेगी तो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ को पंजाब का नया मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। वहीं अगर कांग्रेस ने सिख चेहरे को प्राथमिकता दी, तो नवजोत सिंह सिद्धू का नाम सबसे आगे है। इस सबके बीच पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाने की चर्चा चल रही है।



### सबसे आगे सुनील जाखड़ का नाम

पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने कहा कि पार्टी की परंपरा के मुताबिक नए सीएम का चेहरा सोनिया गांधी बताएंगी। यह प्रस्ताव विधायक ब्रह्म मोहिंदरा ने रखा, जिसका विधायक संगत सिंह गिलजियां, राजकुमार वेरका और अमरीक सिंह ढिल्लो ने समर्थन किया। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे सुनील जाखड़ कांग्रेस में एक प्रमुख हिंदू नेता हैं। जाखड़ मूलरूप से अबोहर के गांव पंजकोसी के रहने वाले हैं। उनके पिता बलराम कुमार जाखड़ कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल थे। उनका परिवार शुरू से ही कांग्रेस के साथ रहा है। जाखड़ 2002 में पहली बार अबोहर शहर के विधायक बने थे। अबोहर से लगातार तीन बार विधायक रहे जाखड़ 2012 से 2017 तक विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। वे कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से एमबीए हैं।

### सिद्धू को प्रधान बनाने के बाद से ही नाराज कैप्टन

कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू को पार्टी प्रधान बनाने के बाद हाईकमान से नाराज चल रहे हैं। उन्होंने हाईकमान को भी नाराजगी बताई थी। इसके बावजूद उनकी बात नहीं सुनी गई। कैप्टन ने कहा कि सिद्धू उन पर लगाए आरोपों पर माफी मांगें, लेकिन इस पर भी बात नहीं बनी। इसके बाद पंजाब में सरकार और संगठन के तालमेल के बजाय आपसी मुकाबला शुरू हो गया। कैप्टन भी इसको लेकर अड़े रहे।

### सिद्धू देश की सुरक्षा के लिए खतरा: कैप्टन

मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अमरिंदर सिंह ने पार्टी के प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू पर बड़ा आरोप लगाया है। कैप्टन ने कहा, सिद्धू की पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और आर्मी चीफ जनरल बाजवा से दोस्ती है। अगर कांग्रेस पार्टी उन्हें पंजाब सीएम का चेहरा बनाती है, तो मैं इसका विरोध करूंगा, क्योंकि ये राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। कैप्टन ने कहा, मैं जानता हूं पाकिस्तान के साथ सिद्धू का कैसा संबंध है। पाक पीएम इसका दोस्त है, जनरल बाजवा के साथ इसकी दोस्ती है। सिद्धू तो बाजवे के साथ है, इमरान खान के साथ है। रोज हमारे कश्मीर में जवान मारे जा रहे हैं। आपको लगता है मैं सिद्धू के नाम को स्वीकार करूंगा। वो मेरा मंत्री था और उसे निकालना पड़ा। सात महीने तक अपनी फाइलें क्लियर नहीं की। क्या इस तरह का व्यक्ति जो एक विभाग नहीं संभाल सकता वो एक राज्य संभाल सकता है? सिद्धू कुछ नहीं संभाल सकता, मैं उसे अच्छी तरह जानता हूं। वो पंजाब के लिए भयानक होने वाला है। वहीं कैप्टन ने बताया, जब शनिवार सुबह उन्होंने अपने इस्तीफे के बारे में बताने के लिए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को फोन किया, तो उन्होंने कहा कि अमरिंदर मुझे खेद है।

# अब डेंगू बरपा रहा कहर: 11 राज्यों में मिल रहे टाइप-2 मरीज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** में जारी टीकाकरण के दम पर कोरोना को तो काबू किया जा रहा है, लेकिन अब डेंगू बड़ा खतरा बनता जा रहा है। 11 राज्यों में डेंगू के टाइप-2 मरीज मिल रहे हैं। केंद्र सरकार के अनुसार ऐसे मरीजों में डेंगू के अन्य रूपों की तुलना में ज्यादा जटिलताएं देखी जा रही हैं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि देश में शनिवार दोपहर तक 80 करोड़ कोरोना खुराक दी जा चुकी हैं।

शनिवार को डेंगू को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने जानकारी दी। बता दें, देश के कई राज्यों में मच्छर जनित रोग डेंगू का कहर देखा जा रहा है। घरों और अस्पतालों में सैकड़ों की संख्या में डेंगू मरीज हैं। मंडाविया ने शनिवार को हैशटैग 'वर्ल्डसलार्जेस्टवैक्सीनेशनड्राइव' से ट्वीट करते हुए कहा कि 80 करोड़ लोगों को कोविड-19 रोधी टीके लगाए जा चुके हैं। यह कामयाबी पाने के लिए देशवासियों को बधाई।' शुक्रवार को पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर एक दिन के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 2.5 करोड़ लोगों को टीके लगाए गए। केंद्रीय मंत्री मंडाविया ने कहा कि यह विश्व इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।



केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव मंडाविया ने दी डेंगू को लेकर जानकारी

देश में अब तक 80 करोड़ से ज्यादा को लगीं कोरोना खुराक

### पहले और तीसरे से ज्यादा खतरनाक है टाइप-2 स्ट्रैन

डेंगू का टाइप-2 स्ट्रैन पहले और तीसरे स्ट्रेन से ज्यादा खतरनाक है। बीते दिनों लखनउ स्थित संजय गांधी पीजीआई के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग के हेड प्रो.टीएन ढोले ने बताया कि टाइप-2 स्टेन से संक्रमित मरीजों में प्लेटलेट काउंट बहुत तेजी से गिरता है। डॉ. ढोले ने बताया कि यह डेंगू में दो तरह से असर करता है। पहला डेंगू हेमरेजिक फीवर (डीएचएफ) और दूसरा डेंगू शॉक सिंड्रोम (डीएसएस) है। डेंगू हेमरेजिक फीवर ज्यादा खतरनाक नहीं है, लेकिन शॉक सिंड्रोम में बुखार उतरने के बाद मरीज में तेजी से प्लेटलेट की संख्या कम होने प्रकृति देखी गई है।

### बुखार उतरने के बाद भी प्लेटलेट्स की जांच कराते रहें

टाइप-2 डेंगू मरीज का बुखार उतरने के बाद भी दी प्लेटलेट्स की जांच कराते रहना चाहिए। यदि प्लेटलेट्स बुखार उतरने के बाद भी 30 हजार से कम हैं, तो मरीज को पूरी तरह से आराम करना चाहिए। उसे पौष्टिक तरल पदार्थ देना चाहिए। जिससे शरीर में द्रव की कमी न हो। यदि प्लेटलेट्स इसके बाद भी घटे तो मरीज को अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी है, जिससे उसे प्लेटलेट्स चढ़ायी जा सके। उन्होंने बताया, प्लेटलेट्स काउंट कम होने से रक्तस्राव होने की संभावना होती है। शरीर के प्रतिरक्षण तंत्र और मरीज की शारीरिक स्थिति के अनुसार रक्तस्राव हो सकता है। कुछ मरीजों में 10 हजार प्लेटलेट्स काउंट होने पर भी रक्तस्राव नहीं होता, तो कुछ में 30 से 40 हजार काउंट होने पर रक्तस्राव की प्रकृति देखी गई है। डॉ. ढोले ने बताया कि कुछ मरीजों में डेंगू और मलेरिया दोनों परजीवी मिले हैं। इसलिए घर के अंदर और बाहर साफ-सफाई सबसे ज्यादा जरूरी है।

### ईडी का दावा: सोनू सूद ने की 20 करोड़ की टैक्स चोरी

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में गरीब और मजदूरों की मदद कर दुनियाभर में चर्चित हुए अभिनेता सोनू सूद विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। आयकर विभाग ने उनके मुंबई, लखनऊ, कानपुर, जयपुर, दिल्ली और गुरुग्राम सहित 28 ठिकानों पर तीन दिन की रेड के बाद 20 करोड़ की टैक्स चोरी का दावा किया है। छापेमारी के बाद एक्टर या उनकी पीआर टीम की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। आईटी का दावा है, 'जांच में सामने आया है कि सोनू ने विदेशी डोनर्स से 2.1 करोड़ का नॉन-प्रॉफिट फंडिंग जुटाई, जो इस तरह के लेन-देन को नियंत्रित करने वाले कानून का उल्लंघन है।

● विस्तृत खबर पेज-09

# बाबुल सुप्रियो तृणमूल में, 48 दिन पहले छोड़ी थी भाजपा

**एजेंसी।** कोलकाता

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए। बाबुल को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी और पार्टी सांसद डेरेक ओब्रायन ने टीएमसी की सदस्यता दिलाई। 48 दिन पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल में हुए फेरबदल के बाद सुप्रियो ने भाजपा छोड़ दी थी।

भाजपा से इस्तीफे के ऐलान के बाद बाबुल ने कहा था, 'मैं किसी दूसरी पार्टी में नहीं जा रहा हूं। हमेशा से भाजपा का सदस्य रहा हूं और रहूंगा, लेकिन कुछ देर बाद ही उन्होंने अपनी पोस्ट एडिट कर दी और उससे हमेशा भाजपा में रहने वाली लाइन हटा दी थी।' टीएमसी में शामिल होने के बाद बाबुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'आज का दिन मेरे लिए बहुत बड़ा है। मुझे जनता की सेवा करने का मौका मिला है। ये सब पिछले 4 दिन में हुआ है। बाबुल ने कहा कि ममता पर बंगाल की जनता को भरोसा है। मैं काम करने के लिए टीएमसी से जुड़ा हूं। उन्होंने कहा कि मुझे अपने इस फैसला बदलने पर गर्व है।'

# बिना सबूत किसी को भी समन ने भेजें अदालतें : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति आरोपी नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है कि उसने अपराध किया है, तो ऐसे मामलों में अदालतें लापरवाह तरीके अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकती हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतें ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल तभी कर सकती हैं, जब उसके खिलाफ पर्याप्त और पुख्ता सबूत हों।

दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 319 के तहत जब किसी अपराध की जांच या मुकदमे के दौरान सबूतों से यह लगता है कि मामले में आरोपी नहीं बनाए गए किसी व्यक्ति ने अपराध किया है, तो अदालत ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही कर सकती है। न्यायमूर्ति केएम जोसफ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने एक आपराधिक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि यह एक और मामला है, जिसमें सीआरपीसी की धारा 319 के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए किसी नए व्यक्ति के खिलाफ समन जारी करके उसे इस अदालत में लाया गया है। पीठ ने कहा कि जब किसी व्यक्ति के खिलाफ पर्याप्त और पुख्ता सबूत हों, तभी धारा 319 का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने रमेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा दायर एक याचिका पर फैसला सुनाते समय यह टिप्पणी की।

# 30 वर्षों से क्लर्कों को प्रमोशन नहीं, समायोजन ने भी पकड़ा तूल


**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के लिपिकिय (क्लर्क) स्टॉफ की पिछले करीब 30 वर्षों से प्रमोशन नहीं होने का मुद्दा अब तूल पकड़ रहा है। फील्ड में कार्यरत क्लर्कों का प्रमोशन नहीं होने, 2015 से वरिष्ठता सूची अपडेट नहीं होने और ऑनलाइन ट्रांसफर में दूर-दराज बदले क्लर्कों को समायोजित करने की मांग अब बड़ा मुद्दा बन गई है। हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टॉफ एसोसिएशन (हेमसा) ने इन मांगों को लेकर 21 सितंबर को पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित शिक्षा निदेशालय के बाद मार्च करते हुए प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा के हस्तक्षेप के बाद सैकेंडरी शिक्षा निदेशालय हरकत में भी आया है और 21 सितंबर को ही इन मुद्दों पर बातचीत के लिए हेमसा प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया है।

फील्ड में कार्यरत क्लर्क की वरिष्ठता सूची भी 2015 से लंबित

कर्मचारी 21 को पंचकूला में सैकेंडरी शिक्षा निदेशालय के बाहर निकालेंगे मार्च

### पद रिक्त पड़े हैं और कर्मचारी हो रहे हैं रिटायर



हेमसा ने विभाग का ध्यान इन त्रुटियों की ओर दिलाते हुए कई बार ठीक करने की अपील की गई। पिछले 6 साल से फील्ड के 4881 लिपिक वर्ग कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची को विभाग अपडेट नहीं कर सका। एसकेएस ने अपने पत्र में मुख्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के संज्ञान में यह भी लाया गया कि कर्मचारियों का पूर्ण डाटा एमआईएस और एचआरएमएस पर पर उपलब्ध होने के बावजूद 1990 में नियुक्त लिपिकों की 30 साल के बाद भी असिस्टेंट के पद पर प्रमोशन नहीं की गई। पद रिक्त पड़े हैं और कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं। शक्तियों का केंद्रीयकरण होने से एसीपी मामले लंबित पड़े हैं। महिलाओं को समय पर चाइल्ड केयर लीव नहीं मिलती। संघ ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव व शिक्षा विभाग के एसीएस को भी इस बारे अवगत करवाया था। मुख्य सचिव के स्पष्ट आदेश हैं कि एसकेएस से संबंधित संगठनों से विभाग के मुखिया हर तीन महीने बाद बैठक कर समस्याओं का समाधान करेंगे।

हेमसा अब पीछे हटने को तैयार नहीं है। शिक्षा विभाग में 2015 से फील्ड मिनिस्ट्रियल स्टॉफ की वरिष्ठता सूची अपडेट नहीं हुई है। वहीं 1990 के क्लर्कों को अभी तक अस्सिटेंट पदों पर प्रमोट नहीं किया है। सैकड़ों की संख्या में पद खाली पड़े हैं। 30 साल सेवा करने के बाद भी क्लर्क बिना प्रमोशन के रिटायर हो कर जा रहे हैं। लॉकडाउन में जब लोग अपने घरों में थे, तो सरकार ने लिपिकों को सैकड़ों किलोमीटर दूर ट्रांसफर कर बेघर कर दिया। सर्व कर्मचारी संघ प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा और महासचिव सतीश सेठी का कहना है कि सैकेंडरी शिक्षा निदेशालय फील्ड मिनिस्ट्रियशल स्टॉफ मांगों एवं समस्याओं की वर्षों से अनदेखी कर रहा है। इससे स्टॉफ में नाराजगी है। संघ की ओर से 10 सितंबर को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसकी शिकायत भी की गई। 14 सितंबर को सीएम के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल व शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. महावीर सिंह से मुलाकात करके शिक्षा निदेशालय की कार्यप्रणाली की शिकायत भी की गई। उक्त अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद ही निदेशालय ने 21 सितंबर को एसोसिएशन को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। इससे साफ है कि निदेशालय मुद्दों के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है।

उनका कहना है कि अगर निदेशालय गंभीर होता तो मॉस डेप्युटेशन से पहले मीटिंग आयोजित करता। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कर्मचारी संघ ने कहा है कि खुद को हाईटैक बताने वाले शिक्षा विभाग ने 2015 में लिपिक वर्ग की बिना किसी जांच के वरिष्ठता सिन्योरटी लिस्ट जारी की थी। इसमें मृतक, रिटायर व अन्य कारणों से सेवा छोड़ चुके या प्रमोट हो चुके लिपिकों के भी नाम शामिल थे।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, रविवार, 19 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 33.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- शहर में 5 जगह लगेंगे वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच: सुबह 9 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे
- सभी दुकानें और माल्स खुले रहेंगे: रात 10 बजे तक

**निवेश गुरु**

**अगर** आप कही इन्वेस्टमेंट करने का प्लान कर रहे हैं और मन में ये दुविधा है कि कैसे और कहां करें इन्वेस्ट. तो हम आपको बताते हैं कि एलआईसी की एक स्कीम के बारे में जहां निवेश कर आप बढ़िया मुनाफ़ा कम सकते हैं. हम बात कर रहे हैं एलआईसी एलआईसी की जहां निवेश करना अच्छा माना जा रहा है। एलआईसी के चेयरमैन एमआर कुमार ने हाल ही में दो नए यूनिट-लिंक्ड प्लान एलआईसी निवेश प्लस प्लान और एलआईसी एसआईआईपी प्लान लॉन्च किए हैं। एलआईसी निवेश प्लस सिंगल प्रीमियम, नॉन पार्टिसिपेटिंग, यूनिट-लिंक्ड और व्यक्तिगत जीवन बीमा है, जो पॉलिसी की अवधि के दौरान बीमा के साथ निवेश का भी विकल्प देता है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### 701 लोगों का हुआ टीकाकरण



**फरीदाबाद।** वैश्य समाज सेक्टर 28, 29, 30, 31द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित तृतीय मेगा वैक्सीनशन कैम्प मे 701 जनों ने कोविड टीका लगवाया। सेक्टर 28 स्थित रघुनाथ मंदिर में आयोजित कैम्प में आये सभी व्यक्तियों ने स्मार्ट व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से सराहना की। विभाग के स्वास्थ्य कर्मियों ने 500 वैक्सीनशन के तय लक्ष्य से अधिक 701 जनों का टीकाकरण किया। वैश्य समाज के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल व महासचिव बीआर सिंगला के नेतृत्व में पवन गोयल, बलराज गुप्ता, दीप चंद गुप्ता, एपी गुप्ता, नरेश अग्रवाल, अरुण गुप्ता, श्याम सुंदर बागला, अम्बरीष गोयल, ब्रह्म प्रकाश गुप्ता, तरुण गोयल, बाल कृष्ण मंगला, राजेन्द्र गुप्ता, मनमोहन सोमानी ने कैम्प की व्यवस्थाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई।

**क्विक न्यूज**

### पैदल यात्रियों के लिए सड़क सुरक्षा जरूरी : जय भगवान

**फरीदाबाद।** ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के सहयोग से रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन ने शुक्रवार सायं छह बजे ओल्ड फरीदाबाद चौक पर स्पेशल सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। जिसमें बिजेंद्र सैनी ने यहां पैदल सड़क पार करने वाले लोगों को बताया कि आप सड़क जेब्रा क्रॉसिंग द्वारा ही पार करें सड़क पर जल्दबाजी न करें। अपनी बारी का इंतजार करें। सड़क हमेशा फुटओवर पुल द्वारा पार करें। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर जय भगवान ने भी ऑटो चालकों को अधिक सवारी बिठाने से मना करा और दोपहिया वाहन चालकों को आईएसआई मार्क हेलमेट लगाने के बारे में बताया। ट्रैफिक पुलिस मनोज, जितेंद्र, जोगिन्द्र, विक्रम, असमनी रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन से देवेंद्र सिंह बिजेंद्र सैनी, विवेक चंडोक, रूपेश आदि मोजूद रहे।

# स्मार्ट सिटी : करोड़ों खर्च करके भी शहर में यातायात व्यवस्था चरमराई

### कहीं खराब हो चुकी हैं ट्रैफिक सिग्नल लाइटें तो कहीं अनावश्यक रूप से लगाई गई हैं

**राजेश दास।** फरीदाबाद





**शहर** की सड़कों की हालत तो पहले ही किसी से छिपी नहीं है। शहर की सड़कों पर बने गड्ढों की वजह से वाहन चालकों का चलना मुश्किल हो गया है। शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर के चौराहों पर करोड़ों रुपये की लागत से ट्रैफिक सिंग्नल लाइटें और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। फिलहाल ज्यादातर चौराहों पर ट्रैफिक सिंग्नल लाइटें आए दिन खराब हो रही हैं। वहीं कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी दयनीय स्थिति में हैं। अनेक स्थानों पर जेब्रा क्रोसिंग भी गलत तरीके से बनाई गई हैं। कहीं जेब्रा क्रोसिंग ट्रैफिक सिंग्नल लाइट से आगे तो कहीं पीछे बनाई गई हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर की सड़कों पर होमगार्ड वाहनों की चेकिंग करते नजर आते हैं। इस तरह की तमाम खामियों के कारण करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद आज भी ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह चरमराई रहती थी। इस अव्यवस्था के कारण शहर की सड़कों पर जगह-जगह जाम लगने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिला पुलिस ने ट्रैफिक चालान लोगों के घर भेजने की तैयारी कर ली है। पुलिस की तरफ से ट्रैफिक चालान लोगों के घर भेजने का काम शुरू भी कर दिया गया है, लेकिन व्यवस्था में सुधार लाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

#### अनावश्यक स्थानों पर भी लाइटें

**स्मार्ट** सिटी परियोजना के तहत सरकार ने शहर के चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिंग्नल लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाने का ठेका एक निजी कंपनी को दिया है। इस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा शहर में भारी संख्या में धड़ाधड़ ट्रैफिक सिंग्नल लाइटें लगवाई गई हैं। जहां जरूरत नहीं हैं, वहां भी ट्रैफिक सिंग्नल लाइटें लगाई गई हैं। कंपनी की तरफ से एनएच एक स्थित फावड़ा सिंह चौक पर ट्रैफिक सिंग्नल लाइट लगाई गई हैं। जबकि यहां लाइट की जरूरत नहीं थी। इस चौक पर पहले कभी भी जाम की स्थिति नहीं बनी। अब ट्रैफिक सिंग्नल लाइट लगने से यहां अक्सर जाम लगने लगा है। इस इलाके के नाथी चौक पर हर समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है, लेकिन स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने यहां ट्रैफिक सिंग्नल लाइट लगाने की जरूरत महसूस नहीं की। यहां दिन भर लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसी इलाके के एनएच एक बस अड्डा चौक, तिकोना पार्क कट और कई व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक सिंग्नल लाइटें लगाने की कोई जरूरत महसूस नहीं की गई है।

#### खराब हो जाती हैं लाइटें



**शहर** की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और अपराधों पर अकुंश लगाने के लिए स्मार्ट सिटी के तहत निजी कंपनी से ट्रैफिक सिंग्नल लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगवाते समय इनकी गुणवत्ता पर ध्यान देने की संबंधित अधिकारियों ने जरूरत महसूस नहीं की। ट्रैफिक सिंग्नल लाइट और सीसीटीवी कैमरों के रख रखाव की जिम्मेदारी भी इसी कंपनी के पास है। ट्रैफिक सिंग्नल लाइटें अभी से खराब होनी शुरू हो गई हैं। शहर के अनेक प्रमुख चौराहों पर इन दिनों ट्रैफिक सिंग्नल लाइट खराब हालत में हैं। एक बार ट्रैफिक सिंग्नल लाइट खराब हो जाने पर कंपनी द्वारा उन्हें आसानी से ठीक नहीं किया जाता है। कई स्थानों पर लाइटें मरम्मत के दो चार दिन बाद फिर से खराब हो जाती हैं। यहीं हालत शहर के चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की है। कंपनी द्वारा लगाए गए कैमरे भी आए दिन खराब हो रहे हैं। वहीं कुछ स्थानों से तो कैमरे गायब भी हो चुके हैं। जबकि कुछ स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे जर्जर होकर लटके हुए हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। इन ट्रैफिक सिंग्नल लाइटों और कैमरों से शहर की यातायात व्यवस्था कैसे दुरुस्त हो सकेगी।

#### ट्रैफिक सिग्नल लाइटों पर दें ध्यान



**सड़क** सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि शहर में आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक सिंग्नल लाइटें लगाई गई हैं। इसलिए इसे गंभीरता से लेते हुए खराब लाइटों को ठीक करना बेहद जरूरी है। ट्रैफिक सिंग्नल लाइटों के जलने और बुझने की टाइमिंग भी दुरुस्त नहीं है। ट्रैफिक सिंग्नल लाइटों में कई तरह की खामियों के कारण चौराहों पर यातायात व्यवस्था चरमराई रहती है।

#### व्यस्त चौराहों से गायब

**सरकार** ने शहर में ट्रैफिक सिंग्नल लाइटों पर करोड़ों रुपये खर्च किए हैं, लेकिन इन लाइटों को जरूरत के स्थानों पर लगाने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे अनके स्थान हैं, जहां पहले से ही ट्रैफिक सिंग्नल लाइटें लगी हुई थीं। इनमें से ज्यादातर ट्रैफिक सिंग्नल लाइटें तो लंबे समय से खराब पड़ी हुई हैं। कई स्थानों पर पुरानी ट्रैफिक सिंग्नल लाइटों के तो खंबे तक टूट चुके हैं। खराब ट्रैफिक सिंग्नल लाइटों वाले ज्यादातर चौराहे अति व्यस्त माने जाते हैं। इसके बावजूद इन खराब ट्रैफिक सिंग्नल लाइटों को दुरुस्त करने अथवा यहां नई लाइटें लगवाने की कोई जरूरत महसूस नहीं की जा रही है। वहीं नीलम बाटा रोड पर बाटा रेलवे फ्लाईओवर के पास ट्रैफिक सिंग्नल लाइट काफी समय से खराब पड़ी हुई है। जिसके कारण इस व्यस्त चौराहे पर अक्सर यातयात व्यवस्था चरमराई रहती है। यह तो सिर्फ उदाहरण मात्र है, शहर के अनेक चौराहों पर इसी तरह की स्थिति अक्सर बनी रहती है, लेकिन स्मार्ट सिटी लिमिटेड, पुलिस अथवा नगर निगम की तरफ से इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# अच्छी पहल: ग्रामीणों ने स्वयं ही बनवानी शुरू कर दी सड़क

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सड़क बनवाने के लिए पानी पर डला मलवा।



जेसीबी के जरिये सड़क को समतल करवाते ग्रामीण।

**अनंगपुर** गांव में मौजूद राजा मोहल्ला स्मार्ट सिटी का ही हिस्सा है, लेकिन यहां मौजूद गांव में स्मार्ट होने के बजाय पहले बनी हुई सड़कें ही टूट गईं। सड़क टूट जाने से यहां के निवासियों का जीना दुश्वार हो गया। इस ओर ध्यान न दिए जाने के कारण ग्रामीणों ने स्वयं ही सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। ग्रामीण गांव में अपने पैसे एकत्रित करके सड़क और नालियों का निर्माण कार्य करवा रहे हैं, ताकि उनका और उनके परिवार को नर्क से छुटकारा मिल सके।

जानकारी के मुताबिक अनंगपुर गांव में रहने वाले रमेश दिवान, राजेश भड़ाना, राजा परिवार ने बताया कि उनका गांव स्मार्ट सिटी फरीदाबाद के तहत आता है, लेकिन गांव में स्मार्ट जैसी किसी तरह की कोई सुविधा नहीं है। यहां स्मार्ट सिटी में हर बार उन्हें चुनावों के दौरान खोखले वादों के बीच पिसकर रहना पड़ जाता है। उन्होंने बताया कि यहां मौजूद राजा मोहल्ले में मौजूद मुख्य सड़क 15 साल से पूर्व एमपी अवतार सिंह भड़ाना ने बनवाई थी, लेकिन मैंटीनेंस न होने के कारण पुरानी होने पर पूरी तरह से जर्जर हो चुकी। बीते इलेक्शन में ग्रामीणों से विधायक ने इस सड़क को पूरा बनाने का वायदा किया था। ग्रामीणों का आरोप है कि विधायक ने जीतने के बाद यहां आकर भी नहीं देखा। यहां दो फुट पानी भरा रहता था। गांव में युवा नेताओं की भी कमी नहीं है। 500 से अधिक युवा नेता केवल फोटो खिंचवा कर सोशल मीडिया पर अपनी फोटो पोस्ट कर अपनी वाहवाही करवा लेते हैं। जिस कारण से ग्रामीणों ने अब इस सड़क को स्वयं बनवाना शुरू कर दिया है।

# ग्रामीण विकास के लिए महिला सशक्तिकरण आवश्यक: मल्होत्रा

### स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**राज्य** पंचायत संसाधन केंद्र और हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के दिशा निर्देशन में जिला पंचायत संसाधन केंद्र फरीदाबाद कार्यालय द्वारा लघु सचिवालय में ग्राम सचिव एवं स्वयं सहायता समूह के प्रतिभागियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमआयोजित हुआ।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं नगर न्यायाधीश पुलकित मल्होत्रा ने अपने उद्घाटन के संबोधन में ट्रेनिंग को महिला सशक्तिकरण के आधार पर ग्रामीण विकास के लिए शीघ्रता से प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है। नीलोखेड़ी से निरीक्षण के लिए आए राज्य स्तरीय विशेषज्ञ विशाल कुमार ने अपनी अद्भुत प्रदर्शन कला से सभी प्रतिभागियों को कुछ नया सीखने के लिए विवश कर किया। नीलोखेड़ी के दूसरे विशेषज्ञ पुनीत ने भी अपनी विशेष प्रस्तुति दी।

# विश्व की गौरवमयी प्राणी गो माता भारतीय संस्कृति का मूल आधार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अखिल** भारतीय गो सेवा विभाग के वरिष्ठ मार्गदर्शक शंकर लाल ने कहा कि विश्व की गौरवमयी प्राणी गौ माता भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। उसके गोबर व गो अर्क से असाध्य रोगों का इलाज संभव है।

कई बीमारियां तो गाय माता के स्पर्श मात्र से ही दूर हो जाती हैं। हमारी संस्कृति में गर्व और गौरव का प्रतिरूप गाय- गंगा- गीता हमेशा से महत्वपूर्ण रही हैं। सर्व समाज में इनकी उपयोगिता और स्वीकार्यता को कम करके नहीं आंका जा सकता है। सेक्टर- 11 स्थित अग्रवाल सेवा सदन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय गो सेवा विभाग टोली के सदस्य शंकरलाल ने मुख्य वक्ता के रूप में वक्तव्य अपने उद्बोधन के दौरान व्यक्त किए।

शंकर लाल ने बताया कि गो माता पूजनीय है। इसका एक एक अंग असाध्य बीमारियों के इलाज में रामबाण सिद्ध हुआ है। वैश्विक महामारी कोरोना, कैंसर, बढ़े हुए एवं निम्न रक्तचाप, बुखार, खांसी, जुकाम, नजला, नकसीर, कमर, कंधे एवं सिरदर्द, थायराइड तथा अन्य असाध्य बीमारी के इलाज के लिए गाय का घी, गो अर्क, गोबर का लेप और गाय का स्पर्श बहुत उपयोगी है।

उन्होंने उपस्थित जनों की जिज्ञासा के समाधान सत्र में कई अन्य बीमारियों के इलाज के घरेलु उपचार बताए। जिससे घुटने का दर्द, कंधे का दर्द, कमर दर्द, प्रसव दर्द के अतिरिक्त साधारण प्रसूति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक डॉ अरविंद सूद ने अध्यक्षता की।

# कांग्रेसियों ने भाजपाइयों को दिखाया सच्चाई का आइना

### कांग्रेसियों ने पढ़ाया भाजपाइयों को शिष्टाचार का पाठ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**किसान** आंदोलन को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के बयान के खिलाफ शनिवार को सेक्टर-12 स्थित प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ के कार्यालय कांग्रेस भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर रहे भाजपाइयों को कांग्रेसियों ने सच्चाई का आइना दिखाते हुए इन्हें पूरे मामले से अवगत करवाया।

इतना ही नहीं कांग्रेसियों ने शिष्टाचार के तौर पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को पीने के पानी की बोतल, गुलाब के फूल, चाय, बिस्किट, समोसे देते हुए गांधीवादी तरीके से अपनापन दिखाया परंतु भाजपा नेता का गरूर इस कद्र आसमान में है कि उन्होंने कांग्रेसियों दी गई पानी की बोतल पर लात मारी, फूल तक फेंक दिए। इसके उपरांत सभी कांग्रेसी नेता प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ के सेक्टर-10 स्थित कांग्रेस भवन के बाहर एकत्रित हुए और उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार को लेकर विरोध किया और इसकी कड़ी निंदा की। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक, प्रदेश प्रवक्ता योगेश कुमार ढींगड़ा, बल्लभगढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी मनोज अग्रवाल, चेयरमैन डा. एसएल शर्मा, चेयरमैन ज्ञानचंद आहुजा, पूर्व जिलाध्यक्ष गुलशन बगगा, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा, प्रदेश सचिव राजन ओझा और सत्यवीर डागर, प्रदेश कोआर्डिनेटर गौरव ढींगड़ा, जिला कोआर्डिनेटर डॉ. सौरभ शर्मा, यूथ कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष विनोद कौशिक, संगठन मंत्री ललित भड़ाना, नीरज गुप्ता, चेयरमैन अब्दुल गफ्फार कुरैशी, प्रदेश प्रवक्ता मोनू ढिल्लो, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोनू चौधरी, गजना कालीरमण और जिला प्रेसीडेंट महिला कांग्रेस सुनीता फागना, युवा कांग्रेसी नेता विकास फागना, युवा कांग्रेसी नेता डॉ. गौतम, प्रवक्ता अशोक रावल, कांग्रेसी नेता संजय सोलंकी आदि मौजूद थे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**इधर मंज़िल नयी इक खोजने निकले हैं अमरिंदर**
**उधर बाबुल भी वापस लौट आये आज अपने घर**
**ये हम ही लोग हैं जो झूठ की जयकार करते हैं**
**सियासत कुछ नहीं है आज तो निज स्वार्थ से हटकर**

# युवाओं की स्टार्ट-अप परियोजनाओं ने किया प्रभावित

### विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य समाधान और स्वच्छ ऊर्जा की परियोजनाएं प्रस्तुत कीं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाये गये 'युवा प्रेरणा दिवस' पर आयोजित युवा आइडियाथॉन चैलेंज-2021 में प्रस्तुत प्रौद्योगिकी आधारित युवाओं की अभिनव परियोजनाओं ने सभी को प्रभावित किया।

विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य समाधान देने तथा स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने जैसे समाधान को अपने स्टार्ट-अप आइडिया के रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हरियाणा तकनीकी एवं उच्चतर शिक्षा के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे तथा उन्होंने विद्यार्थियों के अभिनव आइडिया की खुले दिल से सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जेसी बोस टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन भी किया। इस इन्क्यूबेशन सेंटर की शुरआत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों के उद्यमशीलता के प्रयासों को सहयोग देने के उद्देश्य से की गई है। युवा आइडियाथॉन चैलेंज-2021 में पेडलिंग के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने की फास्ट्रीसिटी प्रोजेक्ट आइडिया के लिए रुचि गहलावत को विजेता घोषित किया गया। इसी तरह बुजुर्ग लोगों के लिए स्वास्थ्य सहायता प्रोजेक्ट आइडिया के लिए याना सिंघल को प्रथम रनर-अप और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एआई बेस्ड रेडिकलाइजेशन मॉनिटरिंग सिस्टम प्रोजेक्ट आइडिया के लिए निकित मोंगा को दूसरा रनर-अप घोषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि मेक-इन-इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच का परिणाम है और इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य बिन्दू हमारे युवा ही है। उनके जन्म दिवस पर विश्वविद्यालय द्वारा 'युवा प्रेरणा दिवस' का आयोजन एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि युवाओं की अभिनव सोच को स्टार्ट-अप के रूप में प्रोत्साहन देने के लिए टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना विश्वविद्यालय का सराहनीय प्रयास है तथा यह विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन सुविधा है, जिसकी आज प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय को आवश्यकता है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विवि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर सजक है। विवि में इंक्यूबेशन सेंटर एवं कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना शिक्षा नीति को लेकर विवि की योजना का हिस्सा है।

# संतुलित आहार : अच्छे स्वास्थ्य के आधार का दिया संदेश



**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने संयुक्त रूप से प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषक माह के अंतर्गत बालिकाओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रम आयोजित किये।

जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि पोषण मास के अंतर्गत यह मास मानव शरीर के लिए उचित पोषण के महत्व और भूमिका पर प्रकाश डालता है। रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि पोषक माह के चारों सप्ताह के थीम इस प्रकार हैं प्रथम सप्ताह पोषण वाटिका, द्वितीय सप्ताह के लिए योग और आयुष, तीसरे सप्ताह के लिए क्षेत्रीय पोषण किट और चौथे सप्ताह के लिए अत्यधिक रूप से तीव्र कुपोषित बच्चों की पहचान और पौष्टिक भोजन का वितरण। प्राचार्य ने बताया कि एनीमिया शिविर, एसएएम बच्चों की ब्लॉक स्तर पर पहचान के लिए अभियान, बच्चों में एसएएम के प्रसार से निपटने के लिए एक पहल के रूप में एसएएम बच्चों के लिए पर्यवेक्षित पूरक आहार कार्यक्रम पांच वर्ष की आयु तक आदि कार्यक्रम सरकार द्वारा वृहद स्तर पर चलाए जा रहे हैं।

# स्ट्रीट लाइटें खराब, शाम होते ही अंधेरे में डूब जाते हैं औद्योगिक क्षेत्र

कविता। फरीदाबाद


**शहर** के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित कारखानों में लाखों मजदूर काम करते हैं, लेकिन उद्योगों द्वारा करोड़ों रुपये का टैक्स देने के बाद भी नगर निगम की लापरवाही के कारण शाम ढलते ही औद्योगिक क्षेत्रों के ज्यादातर हिस्से अंधेरे में डूब जाते हैं। जिससे लाखों मजदूरों को हर रोज परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, लेकिन इन इलाकों की तरफ नगर निगम अथवा स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी ध्यान

### शहर में खम्भे तो लगे हुए हैं, लेकिन खराब स्ट्रीट लाइटें हो गई गायब

ही नहीं दे रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर-24, 25, 58 और 56, सरूरपुर में स्थापित उद्योगों में लाखों की संख्या में मजदूर काम करते हैं, लेकिन इन सेक्टरों में मौजूद ज्यादातर सड़कें रात होते ही अंधेरे में छिप जाती हैं। 24 घंटे चालू रहने वाले उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों को अंधेरे





से गुजर कर जाने को मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि यहां स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरा छाया रहता है। जिस कारण कई बार तो उनके साथ बड़ी घटनाएं तक घटित हो जाती हैं।

### लाइट ही नहीं हैं

**स्मार्ट** सिटी लिमिटेड शहर की लाइटों को ऑटोमेटिक करने की योजना तो बना रही है, लेकिन जिन इलाकों में लाइट नहीं है, उनका क्या होगा, इसका जवाब न तो स्मार्ट सिटी के पास है न ही नगर निगम के अधिकारी के पास।

कागजों में सब जगह स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। लेकिन सड़कों से लाइटें गायब हैं। नगर निगम की लापरवाही से सरकार को सबसे अधिक राजस्व देने वाली औद्योगिक नगरी पिछले काफी समय से रात के समय अंधेरे में डूब जाती है।

### अंधेरे का सफर

**सर्दियों** के मौसम में रात को सड़कों पर अंधेरा होने से यहां काम करने वाले हजारों मजदूरों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है, क्योंकि यहां न तो सड़क पर फुटपाथ है और न ही किसी तरह की कोई स्ट्रीट लाइट, जिससे वह वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाते हैं या फिर अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। सर्वाधिक परेशानी सेक्टर-24, 25, 58, 56, सरूरपुर और सोहना रोड के आसपास बने उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों को हो रही है। स्ट्रीट लाइटें न होने से अंधेरे में यहां से गुजरते वाहनों की चपेट में आने से वह अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। सड़कों पर पसरे अंधेरे से यहां रात का सफर काफी खतरनाक हो जाता है।

# कूड़ा मुक्त शहर के लिए बेंगलुरु की संस्था के साथ काम करेगा निगम

### बिना किसी खर्चे के नगर निगम फरीदाबाद के साथ जुड़ काम करेगी जनाग्रह संस्था

### वार्ड समितियों के गठन और कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वार्ड** समितियों के गठन और कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप के बारे में जनाग्रह संस्था (बैंगलोर) द्वारा चाटर्ड एकाउन्टेंट बिल्डिंग में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उसके लिए जनाग्रह संस्था जो बैंगलोर की संस्था है उनसे नगर निगम द्वारा समझौता (एमओयू) हुआ है और जो कि बिना किसी खर्चे के नगर निगम फरीदाबाद के साथ जुड़ यह संस्था काम करेंगी।

जनाग्रह जो संस्था है वह बैंगलोर में 198 वार्ड कमेटियों के साथ काम कर रही है इन्होंने उसके बारे में भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला का उद्घाटन नगर निगम के आयुक्त यशपाल यादव ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यशाला में चाटर्ड एकाउन्टेंट, वार्ड समिति के सदस्यों, अन्य संस्थाओं, एनजीओ और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारीगणों ने भाग लिया। कार्यशाला में अतिरिक्त आयुक्त वैशाली शर्मा, अभिषेक मीणा, अतिरिक्त निगमायुक्त इन्द्रजीत कुलड़िया, संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश, गौरव अंतिल, कारपोरेशन सेक्रेट्री अनिल कुमार सहित निगम के अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

निगम आयुक्त ने कहा एक सिटी लेवल पर म्यूनिसिपल कारपोरेशन पूरे एरिया के लिए एक कमेटी होगी जो सैन्ट्रल लेवल की कमेटी होगी उसके नीचे 40 वार्डों की कमेटी होगी। उनके नीचे रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के लेवल पर कमेटी होंगी और जो लास्ट कमेटी है वो आपके ब्लाक की होगी। निगमायुक्त ने कार्यशाला में कहा कि अभी यहां उपस्थितजनों ने बताया कि बैंगलोर ने वार्ड कमेटियों को 60 लाख रुपये दिया है।

मैं इनको पूरा म्युनिसिपल कारपोरेशन के अंदर जो उस वार्ड में होगा पूरा स्ट्रैक्चर है इन वार्ड कमेटियों को सौंपना चाहता हूं। जिसके अंदर वार्ड के अंदर पानी से लेकर और प्लानिंग से लेकर हमें क्या करना चाहिए उस वार्ड के अंदर हम जो एजूकेशन कर रहे हैं उसकी स्कीम को मॉनिटरिंग करने से लेकर उसकी रिपोर्टिंग करने तक का कार्य उस वार्ड के अंदर नगर निगम के जितने भी अधिकारी वार्ड लेवल पर काम कर रहे हैं वह वार्ड कमेटी का पार्ट होंगे। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम फरीदाबाद ने हर वार्ड के लिए सीनियर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं ताकि समय-समय पर नोडल अधिकारी हर वार्ड में स्वच्छता के मामले में निगरानी रखें। गार्वेज फ्री सिटी को लेकर हमारे जो जूनियिर इंजीनियर होंगे वो वार्ड कमेटी के सेक्रेट्री होंगे और बाकी के अधिकारी चाहे वो इंजीनियरिंग विभाग, सैनिटेंशन विभाग अथवा जो भी ठेकेदार, एजेन्सी वाटर, सीवरेज, स्ट्रीट लाइटें देखती है वो वार्ड कमेटी के प्रति उनकी जवाबदेही रहेगी। वार्ड कमेटी के पदाधिकारी प्रत्येक वार्डों में साफ-सफाई, सीवरेज-पानी जैसी समस्याओं को चेक कर सकती है और निगम अधिकारियों को सुझाव दे सकती है और हर महीने अपनी रिपोर्ट निगम मुख्यालय में भेज सकती है।

कार्यशाला के अंत में हयूमन काइंड एनजीओ की पदाधिकारी मोनिका ने गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि गीले कचरे को खाद बनाने के रूप में इस्तेमाल कर सकते है तथा पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है।



### मास्टर ट्रेनर्स स्वच्छता के प्रति करेंगे जागरूक

**निगमायुक्त** यशपाल यादव ने मोनिका शर्मा, मीना खन्ना, पूजा बहल, मनाली गुप्ता, गुरप्रीत कौर, पूजा गुप्ता, अनिल शर्मा, एकता रमन, प्रताप, प्रमोद मनोचा, उमेश अरोड़ा, अजित सिंह पटवा को मास्टर ट्रेनर्स लगाने के लिए नियुक्ति पत्र दिये और बताया कि यह मास्टर ट्रेनर्स सभी वार्डों, स्कूल और कॉलेजों में जाकर लोगों-छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के बारे में बताएंगे और उन्हें जागरूक करेंगे। कार्यशाला में निगमायुक्त ने आए हुए सभी उपस्थितिगणों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे शहर के बारे में सोचना है। आज गार्वेज फ्री सिटी को लेकर हमारी यह बड़ी शुरुआत है। आप सभी का सहयोग मिला और इससे हमारा भी उत्साहवर्धन हुआ है। उन्होंने कहा कि जब 1994 में हरियाणा म्युनिसिपल एक्ट बना उस समय इस एक्ट में वार्ड कमेटी की परिकल्पना मौजूद थी। एक्ट के अंदर प्रोविजन है कि हर म्यूनिसिपल कारपोरेशन के पास वार्ड कमेटी होनी चाहिए। उन वार्ड कमेटी का उद्देश्य क्या होगा कितने लोग होंगे किस तरह के लोग होंगे किस रूप से लोग होंगे यह उसके अंदर शामिल है।

# मोदी देश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास के लिए समर्पित हैं : तावडे



### भाजपा के सेवा और समर्पण कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए प्रदेश प्रभारी विनोद तावडे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व हरियाणा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावडे ने कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी के साथ फरीदाबाद में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में आयोजित सेवा और समर्पण अभियान (17 सितम्बर से 7 अक्टूबर ) के तहत जिले में कई कार्यक्रमों में भाग लिया। भाजपा प्रदेश प्रभारी विनोद तावडे ने शिव दुर्गा विहार लक्कड़ पुर में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला और महामंत्री सचिन ठाकुर के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। रक्तदान शिविर में विधायक सीमा त्रिखा, भाजपा जिला सचिव हरेन्द्र भडाना, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य धनखड़, सचिन ठाकुर, प्रवेश भड़ाना, जिला और मण्डल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आर्यकन्या सेवा सदन, सेक्टर 15 फरीदाबाद में महिला मोर्चा फरीदाबाद द्वारा आयोजित सेवा कार्यक्रम में अनाथ कन्याओं को फल वितरण किया। उन्होंने कार्यकम के दौरान अनाथ कन्याओं से भेंट कर उनका मनोबल बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य के प्रति उनको जागृत किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रवीण जोशी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष राजबाला सरधाना, महामंत्री प्रतिभा तिवारी, कोषाध्यक्ष अनीता अग्रवाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहनी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कृष्ण आर्य और महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विनोद तावडे ने सेवा और समर्पण अभियान के तहत सेक्टर 4 फरीदाबाद में महिलाओं और बच्चों को फल बांटे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, आरएन सिंह, ओमप्रकाश रक्षवाल, वजीर सिंह डागर, उपाध्यक्ष संजीव भाटी, पंकज रामपाल, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, प्रकाशवीर नागर मण्डल अध्यक्ष नीरज मित्तल, सुनील आनन्द, अजित नम्बरदार और भाजपाई मौजूद रहे।

# कोरोना वैक्सीनेशन अभियान महामारी से निपटने का एक मिशन : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आमजन** के स्वास्थ्य के मद्देनजर कॅरोना वैक्सीनेशन अभियान के साथ एक मिशन भी है। यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों क्रमशः सेक्टर-16 एवं गांव मवई में आयोजित कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का निरीक्षण करने के दौरान लोगों से संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि देश में गत दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर लोगों ने कोरोना विषाणु रोधी टीके की दो करोड़ से अधिक खुराक लगवा कर एक रिकॉर्ड बनाया है। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर एक कीर्तिमान के रूप में देखा जा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान रूपी मिशन को सभी के सामूहिक प्रयासों से ही मिलकर ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अपने व अपने परिवार जनों के जन्मदिवस या परिवार से जुड़ी महत्वपूर्ण तिथियों के आधार पर भी वैक्सीनेशन करवा कर खुद को व परिवारजनों को इस बारे में प्रेरित करें। इस दौरान उन्होंने कारखाना बाग 16/5 मथुरा रोड के औद्योगिक क्षेत्र में लगाए गए रक्तदान शिविर के अवसर पर उपस्थित युवाओं को रक्त-दान के लिए भी प्रेरित किया और युवाओं का आह्वान किया।



# पीएम-दक्ष पोर्टल एप बनाएगा युवाओं को दक्ष

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### एप के जरिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे

### पीएम-दक्ष एप का प्रयोग करें युवा

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिविजन के सहयोग से पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति और सफाई कर्मचारियों सहित विभिन्न वर्ग के लोगों में कुशलता एवं दक्षता बढ़ाने के लिए पीएम-दक्ष पोर्टल व पीएम-दक्ष मोबाइल एप लांच किया है। इस एप के जरिए अब ये नागरिक आसानी से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर लाभ उठा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत इन वर्गों को दीर्घकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम, अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा उद्यमिता विकास कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिल सकेगा। कार्यक्रम का मुख्य फोकस उच्च गुणवत्ता का कौशल प्रदान करने पर होगा ताकि प्रशिक्षण के बाद आसानी से नौकरी या स्वरोजगार कर सके। इस समूह में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक तौर पर पिछड़ा वर्ग, अधिसूचित जनजातियां, कचरा बीनने वाले, ट्रांसजेंडर व अन्य श्रेणियों के स्वच्छता कर्मी शामिल हैं। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा गठित क्षेत्रीय कौशल परिषदों और अन्य प्रमाणिक संस्थानों के माध्यम से कार्यान्वित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल व एप पर कौशल विकास से संबंधित समस्त सूचनाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। प्रशिक्षण संस्थान तथा उनकी रुचि के कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने की सुविधा भी मौजूद है। इस पर व्यक्तिगत सूचना से संबंधित वांछित दस्तावेज अपलोड करने की सुविधा तथा प्रशिक्षण अवधि के दौरान चेहरे एवं आंखों की स्कैनिंग के माध्यम से प्रशिक्षुओं की उपस्थिति दर्ज करने की सुविधा मौजूद है। उन्होंने कहा कि सरकार इन वर्गों को वित्तीय व सामाजिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाने का लगातार प्रयास कर रही है।

अब कोई भी व्यक्ति पीएम-दक्ष पोर्टल पर जाकर एक ही स्थान पर कौशल विकास प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि प्रशिक्षण लेने के बाद सरकार ने तीन निगमों को उन्हें ऋण उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी दी है। इनमें राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम तथा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम शामिल है। अब कोई भी व्यक्ति पीएम-दक्ष पोर्टल पर जाकर एक ही स्थान पर कौशल विकास प्रशिक्षण से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकता है।



# 119 करोड़ रुपये की लागत से होगा औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों का कायाकल्प

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रसिद्ध उद्योगपति केसी लखानी के हाथों नारियल फुड़वा कर निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**औद्योगिक** क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-24, 25 व 32 (डीएलएफ इंडस्ट्रीयल एरिया) में 119 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। शनिवार को बाटा चौक स्थित फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एफआईए) के कार्यालय के बाहर केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उद्योग जगत के भीष्म पितामह के नाम से प्रसिद्ध उद्योगपति केसी लखानी के हाथों नारियल फुड़वा कर इनके निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया।

उनके साथ प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता, महापौर सुमन बाला व एफआईए के प्रधान बीआर भाटिया भी मौजूद थे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि शहर के विकास कार्यों को जल्द ही पंख लगेंगे। एफआईए हॉल में आयोजित समारोह का शुभारंभ बीआर भाटिया और केसी लखानी ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। बीआर भाटिया ने कहा कि आज फरीदाबाद के उद्योगों के लिए बहुत ही अच्छा दिन है। पिछले कई सालों से उद्यमियों के साथ ही शहर के लोग इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए इनके निर्माण के लिए 119 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया और आज इनका निर्माण कार्य भी शुरू हो रहा है। केसी लखानी ने कहा कि औद्योगिक सड़कों के निर्माण को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका विचाराधीन थी, जिस कारण निर्माण में देरी हो रही थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उस पर संज्ञान लेकर उस विवाद को सुलझाकर इस समस्या का समाधान करवाया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि उद्योगों में निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत ढांचे को दुरुस्त किया जा रहा है।

इसी कड़ी में औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि औद्योगिक क्षेत्र में बनने वाली सड़कें बेहतर गुणवत्ता की होंगी। इस मौके पर वार्ड 11 से पार्षद मनोज नासवा, एफआईए के महासचिव जसमीत सिंह, पूर्व प्रधान नवदीप चावला, सजन जैन, उद्यमी एचके बतरा, नरेंद्र अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, शम्मी कपूर, एचआर गुप्ता, सुनील गुलाटी, जोगेश भाटिया, रमणीक प्रभाकर और रवि भूषण खत्री सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



### राजमार्ग से गुरुग्राम तक कनेक्टिविटी

**प्रदेश** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि इन सड़कों के निर्माण कार्य से उद्योगों को राजमार्ग से गुरुग्राम तक बेहतर रोड कनेक्टिविटी मिलेगी। राजमार्ग पर जेसीबी चौक से हार्डवेयर चौक तक चार लेन की सड़क बनेगी और हार्डवेयर चौक से होते हुए गुरुग्राम बिना रोकटोक के आ जा सकेंगे।

### विकास कार्यों को लगेंगे पंख

**एफआईए** हॉल में उपस्थित उद्यमियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की मनोहर सरकार हरियाणा को एक नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि उद्योगों से फरीदाबाद की पहचान है। उन्होंने बताया कि दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई हाईवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। ये हाईवे फरीदाबाद से होकर गुजरता है। उन्होंने दावा किया कि अगले दो साल में यह हाईवे बनकर तैयार हो जाएगा और दिल्ली से मुंबई 12 से 15 घंटे में पहुंचा जा सकेगा। इसके अलावा फरीदाबाद और उत्तर प्रदेश को जोड़ने के लिए बन रहे फ्लाइओवर के निर्माण के बाद कुछ ही देर में यहां से जेवर एयरपोर्ट पर पहुंचा जा सकेगा। ऐसे में उद्यमी गुरुग्राम से होकर दिल्ली एयरपोर्ट जाने की बजाय जेवर एयरपोर्ट जाना ही पसंद करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि फरीदाबाद से गुरुग्राम मेट्रो का काम भी जल्द शुरू होगा। उसकी डीपीआर अंतिम चरण में है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय में खिलाड़ियों का किया सम्मान



**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को पैरालंपिक पदक विजेता, टोक्यो 2020 के मनीष नरवाल और सिंहराज अधाना का सम्मान किया। इनका सम्मान जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी, खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर और प्रधानाचार्य सतेन्द्र कुमार सौरोत ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी, दोनों पदक विजेताओं और पार्षद प्रतिनिधि मुकेश डागर ने विद्यालय में नवनिर्मित मुख्य द्वार और बहुउपयोगी शालिका (शेड) का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के सहयोगी फरीदाबाद एस्टेट एजेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश गुप्ता, महासचिव सरदार गुरमीत सिंह व पर्यावरणविद् ओमवीर ने विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया। स्वर्ण पदक विजेता मनीष नरवाल और द्वि-पदक विजेता सिंह राज ने अपनी संघर्ष की कहानी बता कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। दोनों खिलाड़ियों ने बताया कि कई बार हम मंजिल के समीप पहुंचकर हार मान जाते हैं किंतु धैर्य से आगे बढ़ते रहें तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। 60000 की बैंच फरीदाबाद स्टेट एजेंट्स वेलफेयर (फीवा) एसोसिएशन द्वारा, पदक विजेता सिंहराज ने 111000 एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दोनों पदक विजेताओं को प्रदान की गई राशि 21000 -21000 को भी दोनों पदक विजेताओं ने विद्यालय को भेंट किया।

### मंच पर भविष्य के लिए बाल कलाकार तैयारी करते हैं: आजाद

**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया जैसा कि हमारी रामलीला में हमेशा राज एक दृश्य बाल कलाकार भी करते हैं जिससे भविष्य के लिये कलाकार तैयार किए जाएं। यह हमारी उस योजना की हिस्सा है जिसमें हम भविष्य के लिये कलाकार तैयार करते हैं इसी कड़ी में कल राम, लक्ष्मन, सीता और सूपर्नखां के बाल कलाकारों को अभ्यास करवाया। सूपर्नखां के बाल कलाकार का अभिनय कर रही चेतन्या बत्तरा और बाल सीता का अभिनय कर रही कंगना खरबंदा ने अपने-अपने अभिनय का अभ्यास किया। प्रभूराम के बाल कलाकार की भूमिका लक्ष्य बत्तरा व लक्ष्मन की युवराज गेरा निभा रहे हैं। हरीश आजाद ने बताया कि बाल कलाकारों का एक दृश्य कराने का फायदा यह हुआ है कि इस बार कई बाल कलाकार बड़े पात्रों का अभिनय कर रहे हैं और उन पर ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ रही हैं क्योंकि वह कई वर्षों से मंच पर बाल कनाकारों का किरदार निभा रहे हैं। इस बार जो बाल कलाकार से बड़े पात्रों का अभिनय निभा रहे हैं वह कलाकार है विद्वांश खरबंदा जो इस बार अक्षय कुमार के किरदार में बड़े कलाकारों के साथ अभिनय करते आएंगे, इसी तरह हार्दिक बत्तरा निकुम्भ का किरदार निभा रहे हैं और कंगना खरबंदा उर्मिला का किरदार निभाएंगी।

### डीएलएफ द्वारा लगे कैम्प में 280 लोगों को लगा टीका



**फरीदाबाद।** डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा यहां सिविल सर्जन, प्रधान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से लगाए गए निश:शुल्क कोविडशील्ड वैक्सीनेशन कैम्प में 280 से अधिक लोगों को वैक्सीनेशन दी गई। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने यहां यह बताया कि वैक्सीनेशन अभियान के तहत यह चौथा नि:शुल्क कैम्प था। मल्होत्रा ने कहा कि यह सिद्ध हो चुका है कि वैक्सीनेशन वास्तव में कोविड-19 को रोकने और बचाव का सबसे बेहतर तरीका है। उन्होंने जानकारी दी कि इसी भावना के अनुरूप डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने वैक्सीनेशन के लिए पहले भी कैम्प आयोजित किये और यह चौथा कैम्प था। मल्होत्रा ने आईएमए फरीदाबाद की प्रधान डॉ. पुनीता हसीजा, सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता के योगदान की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसके लिये एसोसिएशन की ओर से आभार भी व्यक्त किया। कैम्प में एडवांस फोरजिंग, एटीएम एक्सपोर्ट, इनटाइम गारमेंट, इंडस्ट्रीयल कम्प्रैशर, भारतीय बाल्व, कैकटस फैशन, सोर्स इंडिया, सिद्ध मास्टर बैचिज, मैलरोज, ओवरसीज, इंडियन पैकेजिंग, मंडप इंटरनेशनल, बेस्टो, पोलर आटो, सुकारा इंजीनियर्स और रैक्स कोन्सोलिडेटिड के श्रमिकों व प्रबंधकों ने वैक्सीनेशन लगवाई। मल्होत्रा ने बताया कि इसके साथ ही एसोसिएशन निन्शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन भी 29 सितम्बर को कर रही है जिसे विश्व हार्ट दिवस पर अपोलो अस्पताल नई दिल्ली के साथ मिलकर लगाया जा रहा है।

### रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र वार्ड-21 शिव दुर्गा विहार लक्कड़पुर के आई ब्लॉक स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कृष्ण आर्य पप्पी के कार्यालय पर रक्तदान शिविर लगाया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विनोद तावडे, जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा उपस्थित थे। रक्तदान का संयोजन भाजपा मेवला मण्डल युवा मोर्चा ने किया। रक्तदान शिविर में पहुंचने पर मुख्य अतिथियों का प्रेमकृष्ण आर्य पप्पी और उनके सैकड़ों समर्थकों ने ढोल नगाड़ों और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विनोद तावड़े ने कहा कि दुनिया के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सेवा से समर्पण अभियान चलाया हुआ है जिसके तहत आज वो रक्तदान शिविर में पहुंचे हैं। इस अवसर पर 104 यूनिट ब्लड एकत्रित किया है। संजय, कृष्णा चौधरी महामंत्री मेवला मंडल, नारायण वर्मा, सुभाष नागर, सौरभ उपाध्याय (संस्थापक) भगत सिंह युवा दल, विशाल राय सचिव मेवला मंडल, अनिकेत नंद किशोर, राजन, आकाश शर्मा (भगत सिंह युवा दल), कपिल शर्मा महामंत्री युवा मोर्चा बड़खल सहित तम्माम युवा मोर्चा की टीम और सैकड़ों लोग मोजूद रहे।

### महिला पुलिसकर्मी को इशारे करता मजनू पकड़ा

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत चलाई गए ऑपरेशन मजनू के तहत महिला पुलिस थाना सेंट्रल की टीम ने रोज गार्डन में एक मजनू को धर दबोचा। आरोपी की पहचान गफ्फार उर्फ राजा के रूप में हुई है जो फरीदाबाद के एसी नगर का निवासी है। पुलिस आयुक्त द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में तैनात किया गया है जिसके तहत यदि कोई मनचला महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करता है तो उसे कानूनी सबक सिखाया जाता है।

JOTINDRA STEEL AND TUBES LTD.
14/3, Mathura Rd. Sec-45, Faridabad-121010, Haryana
Lic. No. 52 of 2019 Dated: 07/03/2019 | HRERA No. 112 of 2019 Dated: 11/04/2019

PUBLIC NOTICE

This is to inform that despite, repeated reminders the following applicants have neither reverted/reported for payment of due installment nor approached the company for rectification of deficiencies in terms of Haryana Affordable Housing Policy 2013, as amended till date.

App. No's: 809,906,1063,1312,1359,2152,2723,2735,2950,3526,3616

All above applicants are requested to pay their due amount within 15 days from this notice, otherwise the allotment shall be cancelled, as per Haryana Affordable Housing Policy 2013.

Note: Please ignore, if already paid.
Place: Faridabad
Date: 19.09.2021

Satish Kr. Gupta
C.F.O

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी

# ...जब लाहौर रेलवे स्टेशन पर दंगाइयों ने घेरा तो गोरखा रेजीमेंट के सैनिकों ने बचाया

### रेवले स्टेशन पहुंचने से पहले की लूटपाट और प्रताड़ना


### पाकिस्तान से स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र भी साथ लाए

### भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय का ठाकुर दास चावला ने दर्द किया साझा

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**भारत-पाकिस्तान** बंटवारे में किसी ने कम तो किसी ने हद से ज्यादा दर्द, तकलीफें सहीं। कोई यातनाएं झेलने के बाद भी अपनों को बचाकर लाया तो कोई गवां कर आया। आज हम बात कर रहे हैं बंटवारे में पाकिस्तान से हिन्दुस्तान आए ठाकुर दास चावला और उनके परिवार की।

ठाकुर दास चावला बताते हैं कि बंटवारे के समय वे छठी कक्षा में विहोवा में पढ़ते थे। वह उनके गांव कोटानी से करीब तीन मील की दूरी पर था। सबका जीवन सुखमय चल रहा था। हर कोई अपने आगे के स्वर्णिम भविष्य के ख्वाब सजा रहा था। किसी को ऐसी अनहोनी की आशंका नहीं थी, जो कि बंटवारे के समय हुई। हालांकि वर्ष 1946 तक सब कुछ सही था। चारों ओर शांति थी। 1946 के बाद माहौल खराब होना शुरू हो गया था। हिन्दुओं के साथ शत्रुता बरती जाने लगी थी। हालांकि उनके क्षेत्र में उस समय इतना असर नहीं था, जितना दूसरे जिले के हिस्सों में था।



### पिता के मजिस्ट्रेट दोस्त ने किया निकलने का प्रबंध

**ठाकुर** दास चावला के मुताबिक उनके पिता मानद मजिस्ट्रेट अल्लाहनावास के करीबी दोस्त थे। अल्लाहनावास ने एक संदेश भेजा कि उस दिन रात में परेशानी होने की संभावना है। उन्होंने अनुरोध किया कि या तो परिवार को अपने निवास पर ले जाएं या वहां से बाहर निकलने के लिए एक ट्रक की व्यवस्था की जा सकती है। मजिस्ट्रेट अल्लाहनावास द्वारा एक ट्रक की व्यवस्था की गई। ठाकुर दास चावला के परिवार ने अपना घरेलू सामान पैक करना शुरू कर दिया। दोपहर तक वे डेरा गाजी खान के लिए निकल पड़े। दंगाइयों का कब्जा अब हर तरफ हो चुका था। इसलिए रास्ते में कहीं-कहीं उनके परिवार को प्रताड़ित किया गया। ईश्वर की कृपा से सभी सुरक्षित जिला मुख्यालय पहुंचे। वहां पर अपने एक रिश्तेदार के घर रुके। कुछ और हिंदू परिवार भी जिला मुख्यालय की ओर जाने लगे। रास्ते में कुछ जगहों पर उन्हें प्रताड़ित किया गया और लूटपाट की गई।

### स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र भी लाए

**ठाकुर** दास चावला बताते हैं कि अगस्त 1947 में भारत-पाकिस्तान के विभाजन की घोषणा की गई। इसके बाद कुछ हिंदू छात्र स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र लेने के लिए विहोवा के स्कूल में पहुंचे। बिना किसी हिचकिचाहट उन्हें स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र जारी कर दिये गये। विभाजन की खबर चारों ओर फैली हुई थी। उनका जो क्षेत्र शांत था, वहां के कई हिस्सों में भी अब माहौल अशांत होना शुरू हो गया था। दंगाइयों के बारे में सूचनाएं आ रही थीं कि वे किस तरह से लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं।

### एक माह बाद रिश्तेदार के घर से रवाना हुए

**ठाकुर** दास चावला बताते हैं कि करीब एक महीने तक रिश्तेदार के घर रहने के बाद वे सब मुजफ्फरगढ़ चले गए। करीब दो सप्ताह के बाद उन्हें एक रेलवे कम्पार्टमेंट आवंटित किया गया और उनकी भारत के लिए रवानगी हो गई। लाहौर रेलवे स्टेशन के बाहरी सिग्नल पर पहुंचते ही कुछ बदमाश, दंगाई मौके पर पहुंचे और उन सबको परेशान करना शुरू कर दिया। जैसे ही गोरखा रेजीमेंट के सैनिकों को इसकी सूचना मिली तो वे तुरंत वहां पहुंचे और दंगाइयों से सबको बचाया। दो दिन की यात्रा के बाद सब अटारी बॉर्डर पहुंचे और राहत की सांस ली।

### भारत पहुंचने के बाद गुरुग्राम में आकर बसे

**ठाकुर** दास चावला बताते हैं कि पाकिस्तान से भारत पहुंचने के बाद परिवार गुरुग्राम में बस गया। आज पूरा परिवार एक अच्छा जीवन व्यतीत कर रहा है। उनकी तीन बेटियां हैं, जो अच्छी तरह से शिक्षित हैं और अपने विशेषज्ञता के क्षेत्र में अच्छी तरह से स्थापित हैं। दूसरी बेटी स्वर्ण पदक विजेता है। उसको अर्थशास्त्र में शोध कार्य करने के लिए नीदरलैंड में नवीन प्रौद्योगिकी संस्थान में यूएनओ छात्रवृत्ति दी गई थी। वहां डेढ़ साल तक अध्ययन करने के बाद वह अपने पति के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका चली गई। तीनों बेटियों के पति उच्च पदस्थ अधिकारी हैं। वे खुद (ठाकुर दास चावला) वर्ष 1992 में सरकारी उपक्रम भेल से प्रबंधक के रूप में सेवानिवृत्त हुए हैं।

# राजधानी दिल्ली से आर्थिक राजधानी मुंबई तक एक्सप्रेस पर बनेंगे कई हेलीपैड

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कई जगह बनेंगे हेलीपैड

### एयर एम्बुलेंस व अन्य आपात स्थिति में उतरेंगे हेलिकॉप्टर

### देश का पहला ऐसा हाइवे होगा, जिसके किनारे होंगे हेलीपैड

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**राजधानी** दिल्ली से वाया हरियाणा समेत कई अन्य राज्यों से होकर मुंबई तक बनाया जा रहा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे कई मायनों में खास होगा। सबसे बड़ी बात तो यह कि इस रूट पर कई जगह हेलीपैड बनाए जाएंगे, ताकि आपात स्थिति में वहां हेलिकॉप्टर उतारकर यात्रियों को सुविधा दी जा सके। दुर्घटना होने, किसी के गंभीर बीमार होने की स्थिति में तुरंत एयर एम्बुलेंस वहां पहुंचेगी और लोगों को अस्पताल पहुंचाएगी।

यह देश का पहला ऐसा हाईवे होगा, जिसके किनारे पर हेलीपैड होंगे। हेलीपैड का निर्माण काफी जगह एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ होगा, ताकि कम समय में हादसे के शिकार, बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाया जा सके। सभी हेलीपैड को हर राज्य में स्थापित ट्रोमा सेंटर से जोड़ा जाएगा। इससे जल्द ही ताकि लोगों को चिकित्सा उपलब्ध होगी। दिल्ली से राजस्थान के दौसा तक के हिस्से में अगले साल यानी मार्च 2022 तक पूरा होने की डैड लाइन रखी गई है। आगे का भाग पूरा करने में भी अधिक समय ना लगे, इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी प्रयासरत हैं।



### रिसोर्ट, रेस्टोरेंट, डोरमैट्री, अस्पताल होंगे

**दिल्ली** से मुंबई तक 94 तरह की सुविधाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी। इनमें रिसोर्ट, रेस्टोरेंट, डोरमैट्री, अस्पताल, फूड कोर्ट और तेल पंप आदि मुख्य होंगे। इस तरह से यह एक्सप्रेस-वे अनूठा होगा। नितिन गडकरी के दौरे के दौरान एनएचएआई के निदेशक सुरेश कुमार ने बातचीत में बताया कि इस पूरे रूट पर यात्रियों के लिए 94 प्रकार की सुविधाओं के अलावा चिकित्सा, खाना-पीना, विश्राम करना, फ्यूल आदि सुविधा इसके रूट पर ही होंगी। क्योंकि एक्सप्रेस-वे हर शहर के बाहर से ही निकलेगा। इसलिए यह जरूरी है कि इस पर चलने वाले लोगों को हर जरूरी सुविधा इसी पर उपलब्ध हो।

### गति सीमा रहेगी 120 किमी प्रति घंटा

**इस** एक्सप्रेस-वे की दिल्ली से मुंबई तक 1352 किलोमीटर की लंबाई है। आठ लेन का यह एक्सेस कंट्रोल ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे होगा। इसके बीच में चार लेन की जगह भविष्य में जरूरतों के हिसाब से छोड़ी जा रही है। यानी भविष्य में इसका विस्तार 12 लेन के रूप में भी हो सकेगा। इस पर वाहन चलाने की गति सीमा 120 किलोमीटर प्रति घंटा होगी।

### डीएनडी दिल्ली से जवाहर लाल नेहरू पोर्ट तक बनेगा

**दिल्ली**-नोयडा-दिल्ली (डीएनडी) फ्लाई-वे से जवाहर नेहरू पोर्ट मुंबई ईस्ट तक यह एक्सप्रेस-वे बनेगा। दिल्ली में यह एक्सप्रेस-वे 9 किलोमीटर क्षेत्र में, हरियाणा में 129 किलोमीटर में, राजस्थान में 373 किलोमीटर में, मध्य प्रदेश में 244 किलोमीटर में, गुजरात में 426 किलोमीटर में और महाराष्ट्र में 171 किलोमीटर क्षेत्र में बनेगा। दिल्ली से हरियाणा का कुछ हिस्सा और आगे महाराष्ट्र का कुछ हिस्सा छोड़ दें तो गुरुग्राम के सोहना से लेकर महाराष्ट्र के विरार तक एक्सप्रेस-वे की लंबाई 1198 किलोमीटर होगी। इस एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास 8 मार्च 2019 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज और अरुण जेटली की मौजूदगी में किया था। अब सितम्बर 2021 में नितिन गडकरी ने इसका दौरा करके निर्माण कार्य का जायजा लिया है।

# हर मर्ज का इलाज नहीं दवा खाने में, कुछ दर्द मिट जाते हैं मुस्कराने में



कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** जीवन के अंतिम पड़ाव में अपने चेहरे की मुस्कुराहट खो चुके वयोवृद्ध लोगों को जाने माने समाजसेवी और हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने खुश रहने का ऐसा मंत्र दिया, जिसे सुनकर उनके चेहरे पर छाए उदासी के बादल छंट गए।

यहां सेक्टर-4 स्थित कम्युनिटी सेंटर में वरिष्ठ नागरिक क्लब द्वारा शाखा के प्रधान व फोरवा के चेयरमैन धर्मसागर की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की वरिष्ठ पदाधिकारी व अधिवक्ता पूनम भटनागर ने गायत्री मंत्र से की कार्यक्रम में गुड़गांव के विधायक सुधीर सिंगला ने शीर्षक वरिष्ठजन कदमों की धूल नहीं माथे की शान हैं, की सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में वरिष्ठजन हमारे आदरणीय हैं। विधायक सुधीर सिंगला का कार्यक्रम में पहुंचने पर हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, धर्मसागर, डीएन कवातरा, यदुवंश कुमार चुघ, पूनम भटनागर, एमआर कुमार, सुरेश मल्होत्रा, वर्षा मल्होत्रा, किरन सैनी, केके सैनी, शीतला चावला और एसके गाबा ने स्वागत किया। उन्होंने यूनान देश के जाने माने विचारक सुकरात का जिक्र करते हुए कहा कि जब वह व्यक्ति भारत में आकर किसी परिचित से पूछता है कि तुम कैसे और क्या करते हो। यह पूछे जाने पर उनके परिचित ने जबाव दिया हम संतुष्ट हैं और किसी से कोई अपेक्षा नहीं करते। हमारे बच्चों को हमसे सलाह की जरुरत पड़ती है तो हम उन्हें अपने अनुभव के आधार पर सलाह देते हैं। बोधराज सीकरी ने कहा कि हमारी ख्वाहिश है कि हर बुजुर्ग के हाथ में मोबाइल और चेहरे पर स्माइल होनी चाहिए।

# आम आदमी पार्टी की खेत बचाओ-मजदूर बचाओ यात्रा आज

**कैलाश मंगला। होडल**

**हरियाणा** प्रदेश में आम आदमी पार्टी खेत बचाओ, किसान, मजदूर बचाओ यात्रा 5 सितंबर से प्रारंभ हो चुकी है जो कि हरियाणा प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में यात्रा करके किसान आंदोलन को मजबूत करने का काम कर रही है।

इसी श्रंखला में 19 सितंबर 2021 को सांसद व हरियाणा प्रदेश के सह प्रभारी डॉक्टर सुशील गुप्ता खेत बचाओ किसान मजदूर बचाओ यात्रा को लेकर विधानसभा क्षेत्र होडल में आ रहे हैं। जिनका स्वागत पुन्हाना रोड पर डाडका गांव के समीप होडल विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुंदरलाल गौतम अधिवक्ता व प्रेमचंद संगठन मंत्री की अध्यक्षता में फूल मालाओं से किया जाएगा। होडल विधानसभा में होडल शहर में जगजीवन राम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके शहर से पैदल मार्च किया जाएगा। हसनपुर चौक से होती हुई जिला पलवल के लिए रवाना होगी। 18 सितंबर को क्षेत्र के सभी संगठन कार्यकर्ताओं ने यात्रा को लेकर सुंदरलाल गौतम की अध्यक्षता में बैठक बुलाई और 19 सितंबर को होने वाली यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बैठक में मुख्य रूप से धर्मेंद्र चौहान, महेश कुमार, प्रेमचंद, तुला राम, गजेंद्र चौहान, दिनेश कुमार, अजय मास्टर और अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरुग्राम: आज आएंगे उप-राष्ट्रपति, तैयारियां पूरी

### गुरुग्राम में उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू के दो कार्यक्रम

### पैरालंपिक खिलाड़ियों का सम्मान समारोह व सर छोटू राम के लेख व भाषणों पर आधारित पुस्तक का विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**रविवार** 19 सितम्बर को गुरुग्राम में उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू के कार्यक्रमों के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन बहुत ही बारीकी से हर काम को परख रहा है। उप-राष्ट्रपति के गुरुग्राम रहते हुए उनके कार्यक्रम स्थल तथा स्वर्ण जयंती पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के आसपास कड़ी सुरक्षा कर दी गई है। साथ ही इन क्षेत्रों ड्रोन आदि उड़ाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है।

भारत के उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू गुरुग्राम में रविवार 19 सितंबर को टोक्यो में आयोजित पैरालंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। इससे पहले उप-राष्ट्रपति एक अन्य कार्यक्रम में दीनबंधु सर छोटूराम के लेख व भाषणों पर आधारित पुस्तक का विमोचन करेंगे।



उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी इन कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे। उप-राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गुरुग्राम पुलिस के संयुक्त आयुक्त कुलविन्द्र सिंह ने कार्यक्रम स्थल सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस व सेक्टर-23 स्थित नॉर्थ कैप यूनिवर्सिटी का दौरा किया। उप-राष्ट्रपति का पहला कार्यक्रम अपैरल हाउस में तथा दूसरा नॉर्थ कैप यूनिवर्सिटी में होगा। कार्यक्रमों में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों व अन्य मेहमानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दोनों कार्यक्रमों में सुरक्षा इंतजाम, मेहमानों की अनुमानित संख्या के अनुसार मूलभूत सुविधाएं, यातायात व पार्किंग व्यवस्था आदि इंतजामों में कोई कमी ना रहे। उन्होंने कहा कि पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक भी पहुंचेंगे। ऐसे में प्रवेश से लेकर मुख्य हॉल में उनके बैठने तक की सुविधा का ध्यान रखा जाए। अपैरल हाउस के उपरांत अधिकारियों ने उप-राष्ट्रपति के प्रस्तावित रूट का भी जायजा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### यात्री का पर्स लौटाकर कंडक्टर ने दिया ईमानदारी का परिचय



**गुरुग्राम।** कहते हैं बुरे जब बुराई करना ना छोड़ें तो फिर अच्छे अच्छाई करना क्यों छोड़ें। चोर चोरी करना ना छोड़े तो ईमानदार ईमानदारी क्यों छोड़े। इसी ईमानदारी का परिचय देते हुए हरियाणा राज्य परिवहन गुरुग्राम डिपो की बस के एक कंडक्टर ने यात्री का पर्स लौटाया। उस पर्स में नकदी के साथ जरूरी कागजात भी थे। यात्री ने उसका हृदय की गहराईयों से धन्यवाद किया। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम-मथुरा सड़क मार्ग पर गुरुग्राम रोडवेज डिपो की बस नंबर-एचआर- -3082 चलती है। इस बस पर चालक सुरेश और परिचालक (कंडक्टर) परमिंद्र रहते हैं। मथुरा से गुरुग्राम आते समय कंडक्टर परमिंद्र को बस मे एक पर्स मिला। पर्स में कुछ नकदी के अलावा आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे कई महत्वपूर्ण कागजात थे। पर्स में ही एक कागज पर मोबाइल नंबर लिखा था। फोन नंबर के आधार पर कंडक्टर को पता चला कि यह पर्स मुकेश नामक व्यक्ति का है, जो मथुरा से पलवल के लिए बैठा था। परमिंद्र ने उसके मोबाइल पर कॉल करके बता दिया कि उसका पर्स उनके पास है। सब सामान सुरक्षित है। इसके बाद मुकेश अपना पर्स लेने पहुंचा। पर्स लेकर उसने रोडवेज के कंडक्टर परमिंद्र व ड्राइवर सुरेश का धन्यवाद किया। गुरुग्राम रोडवेज डिपो के अधिकारियों ने भी उनकी ईमानदारी की तारीफ की है। हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन इंटक गुरुग्राम-आगार के प्रधान सन्दीप दलाल कहना है कि अक्सर लोग बसों में अपना कुछ ना कुछ सामान भूल जाते हैं। रोडवेज स्टाफ का प्रयास करते हैं कि किसी तरह से उनका पता लगाकर सामान उनको सौंप दिया जाए।

### ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर गिर सकती है गाज

**सोहना।** सरकारी विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्यालय में अपने देरी से आने और जल्दी या फिर छुट्टी मारने वालों पर गाज गिर सकती है। सोहना के नवनियुक्त एसडीएम सरकारी विभागों के कार्यालयों में कभी भी औचक निरीक्षण करने की चेतावनी दे चुके हैं। करीब एक सप्ताह पहले सोहना एसडीएम पद पर कार्यभार संभालने वाले नवनियुक्त एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग ने अपने तेवर दिखा दिए थे। एसडीएम ने सबसे पहले शहर में अतिक्रमण करने वालों पर नकेल कसने की बात की थी। दूसरा उनका लक्ष्य अतिक्रमण का सफाया न होने पर परिषद कर्मचारी और अधिकारी पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। अब कार्यालय में अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वालों पर जल्द ही शिकंजा कसा जाएगा। एक प्रेसवार्ता में एसडीएम ने साफ शब्दों में कभी भी किसी सरकारी विभाग के कार्यालय में छापा मारने की बात कही थी। सीट से नदारद और कार्यालय से छुट्टी पर पाए जाने वाले कर्मचारी व अधिकारी पर गाज गिरने के संकेत दे दिए हैं। एसडीएम ने कहा कि ऐसे कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग ने जब से कार्यभार संभाला है तभी से अब तक दो बार शहर का दौरा किया है। दौरे में उन्हें शहर की सड़कों पर अतिक्रमण सबसे बड़ी समस्या नजर आ रही है। सड़क किनारे हो रहा अतिक्रमण के अलावा दुकानदारों द्वारा दुकान से बाहर रखे सामान के प्रति नगर परिषद प्रशासन सख्ती से कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसके साथ शहर में खस्ता स्ट्रीट लाइट की हालत जल्द से जल्द सुधार किए जाने के लिए नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं।

### विराट अग्र महाकुम्भ का आयोजन स्थगित

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा गुरुग्राम में होने वाला विराट अग्र महाकुम्भ को राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा स्थगित कर दिया गया है। आगामी आयोजन की सूचना बाद में दी जायेगी। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष राजीव मित्तल के मुताबिक संस्था की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार आगामी 26 सितम्बर दिन रविवार को गुरुग्राम में होने वाले आयोजन को रद्द कर दिया गया है। शीघ्र ही राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा आयोजन की नई तारीख और स्थान तय करके वैश्य हितों के लिए इस आयोजन को रखा जाएगा।

### कृष्ण हत्याकांड का खुलासा

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने तीन दिन पहले गांव पेंगलतु के मोक्षधाम में हुई एक युवक की हत्या के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने युवक के हत्यारे को गिरफ्तार कर दो दिन की रिमांड पर ले लिया है। ज्ञात रहे कि 15 सितंबर को होडल थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव पेंगलतु के मोक्षधाम में एक युवक का शव खून में लथपथ पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो मृतक की पहचान गांव पेंगलतु निवासी कृष्ण के रूप में की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पलवल के सिविल अस्पताल में भेज दिया था और पुलिस की टीम हत्यारे की तलाश में लग गई थी। पुलिस ने इस मामले में गांव पेंगलतु निवासी भागीरथ को हिरासत में लिया था। होडल थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि भागीरथ ने पूछताछ में कृष्ण की हत्या करने की बात कबूली है। पूछताछ में भागीरथ ने बताया कि 13 सितंबर की रात को पहले तो उसने व कृष्ण ने शराब पी। उसके बाद उन दोनों के बीच झगड़ा हो गया और उसने कृष्ण के सिर पर ईंट व पत्थर से हमला कर दिया और उसके बाद वह बेहोशी की हालत में उसे वहीं छोड़कर वहां से फरार हो गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्यारोपी को दो दिन की रिमांड पर ले लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी भागीरथ से पुलिस पूछताछ करने में जुटी है।

# बारिश का जमा पानी बीमारियों को दे रहा दावत

**सोहना।** शहर में दर्जनभर स्थानों पर जमा बारिश का पानी बीमारियों को दावत दे रहा है। पानी की निकासी न होने से पैदल राहगीरों को परेशानियां हो रही हैं।

पिछले एक सप्ताह में रुक-रुक कर हुई बारिश का पानी शहर के बाजारों व आबादी वाले क्षेत्र में जमा हो रहा है। यह बारिश का पानी बाजार, रास्ते और आबादी क्षेत्र में होने के कारण मक्खी-मच्छरों का आतंक बढ़ रहा है। जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

**कहां-कहां जमा है बारिश का पानी** : शहर के शिव कॉलोनी, बालूदा मार्ग, फ्रेंड्स कॉलोनी, वार्ड-13 की पहाड़ कॉलोनी, महाराजा अग्रसेन चौक, बाईपास चौक बस स्टैंड के सामने आदि स्थानों पर जमा हो रहा है। गुरुग्राम-अलवर मार्ग के साथ बना सर्विस रोड का पानी जमा रहने से नामूनिशान ही मिट गया है। जलभराव से गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिसमें से स्कूटर, स्कूटी और बाइक सवार कई बार गिरने से चोटग्रस्त हो गए हैं।

**वार्ड-13 में बीमारी का पूरा-पूरा खतरा** : सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग से लगती वार्ड-13 की पहाड़ कॉलोनी में घाटी के साथ करीब 15 फुट गहराई में बारिश व घरों से निकलने वाला गंदा पानी जमा है। जिससे यहां के निवासियों का पानी से उठती बदबू से जीवन नरकीय बना हुआ है। स्थानीय निवासी हुकम सिंह ने कहा कि पूरी साल मच्छरों का आतंक बना रहता है। इस पानी की कहीं निकासी नहीं हो रही है।



सोहना के सामान्य बस स्टैंड के सामने सर्विस मार्ग पर जमा बारिश का पानी।

# एम्स दिल्ली और स्वास्थ्य विभाग खोजेगा दृष्टि दोष के कारण

### जिले में दृष्टि दोष के कारण समझने को पांच दिवसीय सर्वेक्षण सोमवार से

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली व गुरुग्राम का स्वास्थ्य विभाग मिलकर दृष्टि दोष और अंधेपन के कारणों को खोजेगा। इसकी तैयारियां कर ली गई हैं। इसके लिए सोमवार 18 सितम्बर से पांच दिवसीय सर्वेक्षण शुरू किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण के दौरान जिले के छह हजार लोगों तक टीमें पहुंचेंगी। इस सर्वेक्षण के लिए जिले में 30 कलस्टर बनाये गए हैं। पांच दिवसीय सर्वेक्षण में रोजाना छह टीमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगी। वहां से जानकारियां जुटाएंगी। मोतियाबिंद सर्जरी करवा चुके लोगों की आखों के स्वास्थ्य का आंकलन इस सर्वे के दौरान किया जाएगा।

एम्स दिल्ली के सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीण वशिष्ठ व उनकी टीम द्वारा सर्वेक्षण कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। प्रत्येक टीम के सदस्य चिह्नित क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर वहां के निवासियों से दृष्टि दोष व अंधापन से संबंधित प्रश्नावली भरने और आंखों की जांच करने का कार्य करेंगे। यह पूरा डेटा एक मोबाइल एप्लीकेशन आरएए-5 ऐप पर अपलोड किया जाएगा। जिसे एम्स द्वारा सर्वेक्षण के लिए विकसित किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव के मुताबिक इस सर्वेक्षण के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सभी टीमों को पूरा ब्योरा दे दिया गया है। टीमें सोमवार से इस काम में जुटेंगी। उप-सिविल सर्जन डॉ. ईशा नारंग ने बताया कि यह एक पायलट सर्वेक्षण है। अगर गुरुग्राम जिला में इसके सकारात्मक परिणाम मिले तो इसे देश के अन्य जिलों में भी कराया जाएगा।



गुरुग्राम में दृष्टि दोष सर्वेक्षण के लिए बैठक लेते सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव।

### स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों में बदलेंगे स्वास्थ्य केंद्र

**हाल** के वर्षों में लगातार बढ़ती और अधिक बुजुर्ग आबादी के बावजूद स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में आयुष्मान भारत कार्यक्रम भी लाभकारी साबित हो रहा है। वर्ष 2022 तक 1 लाख 50 हजार उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यूपीएचसी) को स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों के रूप में बदलने की सरकार की योजना है। ये केंद्र आंखों की देखभाल के साथ व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करेंगे।

### पिछले एक दशक में अंधेपन व विजन-6 में आई कमी

**पिछले** एक दशक में भारत अंधापन और विजन-6 में क्रमश: लगभग 47 प्रतिशत और 52 प्रतिशत की कमी के लक्ष्य तक पहुंच गया है। वर्ष 2010 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमानों की तुलना में भारत में दृष्टिबाधित लोगों की संख्या लगभग 34 मिलियन तक कम हो गई है। फिर भी देश में अभी अंधापन, आंखों की समस्या के रोगी बहुत हैं। इसलिए स्वास्थ्य योजनाओं में आंखों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# जनमानस के गौरव एवं लोकप्रियता के पर्याय हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : मोनू आर्य

दीपक कुमार। नूंह

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिवस के मौके पर फिरोजपुर झिरका में किया रक्तदान

**शनिवार** को फिरोजपुर झिरका में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस सादगी और सेवाभाव के साथ मनाया। पीएम के जन्मदिवस पर प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत स्थानीय कार्यकर्ताओं ने यहां की नगर पालिका परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन कर करीब 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

रक्तदान शिविर का आयोजन एवं कार्यक्रम के संयोजक युवा मोर्चा के जिला महामंत्री मोनू आर्य की देखरेख में संपन्न हुआ।

मोनू आर्य ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय जनमानस के गौरव हैं, उनकी लोकप्रियता एवं कार्यशैली के तमाम देशवासी कायल हैं। मोदी भारत के एक ऐसे नेता हैं जिन्हें आज विश्व में सम्मान और इज्जत के साथ जाना जाता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सामाजिक आर्थिक और वैज्ञानिक तथा तकनीकी विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रसेवा और गरीब तथा किसान के कल्याण के प्रति हमेशा अग्र रहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से मजबूत भारत का निर्माण हुआ है। आर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा और समर्पण अभियान के साथ मनाया जा रहा है। इस बीच आगामी सात अक्टूबर तक जिलेभर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले युवाओं का उत्साह बढ़ाते भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता।

युवा मोर्चा के जिला महामंत्री एडवोकेट दिनेश नागपाल, मंडल महामंत्री तिलक सोनी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सैनी, युवा मोर्चा के मंडलाध्यक्ष हितेश हरियाणा ने संयुक्त रूप से कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की एक ऐसी अजीम शख्सियत हैं, जिन्होंने राष्ट्रसेवा के लिए सबकुछ त्याग दिया। पीएम आज 140 करोड़ देशवासियों के गौरव ही नहीं बल्कि आदर्श भी हैं। उन्होंने अपने जीवन के लोकतांत्रिक मूल्यों को देश के प्रति समर्पित कर एक आदर्श प्रस्तुत किया है। राष्ट्र एवं जनता को समर्पित रहने वाले ऐसे यशस्वी प्रधानमंत्री की हम सभी दीर्घायु की कामना करते हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन, पूर्व चेयरमैन सुनील जैन, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अंजूबाला, उपाध्यक्ष गोल्डी शर्मा, मंडलाध्यक्ष रमेश आर्य, निगरानी समिति के अध्यक्ष नरदेव आर्य, संजय सैनी, सुषाभ कुमार, देशांत वर्मा, प्रेम योगी, बिशराम प्रजापति, गगन शेखावत, लेखराज प्रजापति, अमित कुमार, योगेश बंसल, गौरव कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पानी पर नजर रखने को रीयल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली लांच

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत रीयल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली का किया उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शनिवार को चण्डीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत रीयल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली (आरटीडीएएस) का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस परियोजना को लांच करने के उपरांत अपने सम्बोधन में कहा कि इस रीयल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली के तहत यह सुनिश्चित हो सकेगा कि स्त्रोत से कितना पानी छोड़ा गया है, कितना पहुंचा है और कितने की आवश्यकता है। यदि कहीं पर ज्यादा पानी है तो उसका सदुपयोग करके उसे जहां पर पानी की आवश्यकता है, वहां पर पहुंचाया जा सके, इसका पता चल सकेगा और इस पूरी गतिविधि पर नजर रखने के लिए मुख्यालय पर डेस्कबोर्ड भी क्रियान्वित किया गया है। जिस पर तमाम प्रक्रिया की जानकारी हासिल की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार समय की बहुत कीमत होती है, उसी प्रकार जल की भी बहुत कीमत है। जल पैदा नहीं किया जा सकता है, उसका प्रबंधन किया जा सकता है।

#### अधिक पानी को दूसरे जगह ले जाने का भी काम होगा

**इस** योजना से सभी को फायदा मिलेगा। आज कई जगहों पर पानी का लेवल काफी नीचे चला गया है। उन क्षेत्रों में इस योजना के तहत कार्य किया जायेगा। पानी का जहां पर लेवल ठीक है वहां से पानी को उन स्थानों पर ले जाने का काम किया जायेगा, जहां पर पानी का लेवल नीचे है। इस विषय के तहत बेहतर तरीके से कार्य किया जायेगा। तालाब अथोरिटी ऑफ हरियाणा के तहत जिन तालाबों में ओवर फ्लो पानी है, वहां के पानी को वहां से निकालकर इरिगेशन के लिए प्रयोग किया जा रहा है।

#### आने वाली पीढ़ियों के लिए जल का संचय करना मकसद

**उन्होंने** कहा कि जल प्रबंधन के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, ताकि जल का सही प्रयोग हो सके और वर्षा के पानी का भी संचय हो सके। मकसद जल का सदुपयोग करना है, ताकि आने वाले पीढ़ियों के समक्ष जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मानव जीवन के लिए जल की बेहद आवश्यकता है, उसी प्रकार जीव-जतुंओं के साथ-साथ पेड़-पौधों के लिए भी जल की बहुत आवश्यकता है। कोरोना काल में भी जल प्रबंधन की दिशा में कदम उठाए गये हैं, पिछले वर्ष इस बात की कल्पना की गई थी कि आने वाले दो वर्षों को जल प्रबंधन के तहत कार्य किया जाये। जल प्रबंधन के तहत मेरा पानी मेरी विरासत योजना, अटल भूजल योजना, जल जीवन मिशन, तालाब अथोरिटी ऑफ हरियाणा के साथ-साथ अन्य योजनाओं को क्रियान्वित किया गया है और इन योजनाओं को धरातल पर लागू करने में प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ-साथ सम्बन्धित अधिकारियों का अहम योगदान है। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा के प्रधान सचिव डीएस ढेसी, कृषि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेन्द्र सिंह व अटल जल शक्ति अभियान एवं वाटर कन्वसेशन की ब्रांड अम्बेसटर मनीका श्योकंद के अलावा गुरुग्राम में उपायुक्त व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे से कांग्रेस का चेहरा बेनकाब : नरेन्द्र पटेल



धरना देते हुए भाजपाई।

**नूंह।** पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह द्वारा तथाकथित किसानों को लेकर दिए गए बयानों से खफा मेवात भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गुरुग्राम स्थित कांग्रेस के जिला मुख्यालय पर विरोध स्वरुप धरना दिया और कैप्टन के बयानों की निंदा की। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल ने कहा पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री पद से जो इस्तीफा दिया है उससे कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हो गया है।

कांग्रेस कुछ तथाकथित किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर देश का माहौल खराब करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा सारे प्रकरण से साबित होता है कि कांग्रेस का असली चेहरा देश की जनता के सामने आ गया है। उन्होंने कैप्टन के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा जिसमें उन्होंने आंदोलरन तथाकथित किसानों को यूपी और हरियाणा में आंदोलन करने के लिए उकसाया था। उन्होंने कहा कांग्रेस और उसके नेता तथाकथित किसानों के बलबूते देश में अराजकता फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा पंजाब कांग्रेस में अंदरुनी कलह इस बात का संकेत दे रही है कि कांग्रेस का देश में कोई जनाधार नहीं बचा है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जब से पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनी है तभी से ही वहां भ्रष्टाचार, सुनियोजित तरीके से दहशतगर्दी का माहौल पैदा किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन



**नूंह।** नेहरू युवा केंद्र, गुरुग्राम द्वारा जिला नूंह से जुड़े विभिन्न युवा क्लबों के युवाओं, स्वयंसेवकों, एनएसएस, एनसीसी और अन्य सहयोगी संस्थाओं में शैक्षणिक और सामाजिक संस्थाओं के करीब 125 युवाओं की सहभागिता से आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन डीपीएस मेवात मॉडल स्कूल, नूंह से नूंह पलवल रोड से होते हुए पुन: डीपीएस मेवात मॉडल स्कूल, नूंह तक किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गान एवं फिट इंडिया की शपथ हुई। फिर आमंत्रित अतिथियों और वक्ताओं ने प्रतिभागियों को आजादी के इतिहास के बारे अवगत कराते हुए अमर शहीदों को नमन किया। इस फिट इंडिया फ्रीडम रन को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हर्षित कुमार, सहायक कमिश्नर जिला नूंह ने हरी झंडी देकर रवाना किया। कार्यक्रम में रविन्द्र कुमार जैन, प्राचार्य, डीपीएस मेवात मॉडल स्कूल, नूंह और शिक्षाविदों में सुशीला, रूबी निजाम, मो. अफसर, अली जान, समाजसेवी बीना, दिनेश वर्मा और राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता ममता धवन उपस्थित थे। आजादी के अमृत महोत्सव संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन नूंह के विभिन्न गांवों में भी 13 अगस्त से 18 सितंबर तक हुआ। कार्यक्रम में केंद्र की सहकर्मी साईंका खातून व स्वयंसेवकों में वर्षा, रोहित, राहुल, अहमद, राजकुमार, कपिल का सराहनीय योगदान रहा।

### वाईएमडी कॉलेज में हुआ फिट इंडिया मूवमेंट का आयोजन

**नूंह।** यासीन मेव डिग्री (वाईएमडी) कॉलेज नूंह के प्रांगण में शनिवार को फिट इंडिया मूवमेंट का आयोजन किया गया। आयोजन एनसीसी अधिकारी डॉ. मोहम्मद खालिद खान के तत्वावधान में किया गया। जिसमें एनसीसी के 100 कैडेट्स उपस्थित रहे। इस दौरान कॉलेज के प्रांगण से शहीदी पार्क तक तीन किलोमीटर की दौड़ हुई। जिसे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इम्तियाज खान ने हरी झंडी दिखाकर शुरू कराया। इस बीच प्राचार्य ने सभी को स्वास्थ्य के विषय में संबोधित किया। साथ ही कहा कि पांच हरियाणा बटालियन एनसीसी गुड़गांव के कमांडिग ऑफिसर कर्नल अजय कुमार और एडम ऑफिसर मुकेश कुमार हुड्डा के आदेशानुसार वाईएमडी कॉलेज में इस प्रोग्राम को आजादी 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में फिट इंडिया का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव कंबोज 20 को नूंह में

**नूंह।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्वमंत्री कर्णदेव कंबोज सोमवार को नूंह जिले में आ रहे हैं। यहां प्रभात सीनियर सेकेंडरी स्कूल छछेड़ा में आयोजित ओबीसी मोर्चा की बैठक को संबोधित करेंगे। नूंह भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयपाल जांगड़ा ने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव कंबोज का नूंह जिले में पधारने पर स्वागत किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष प्रभात सीनियर सेकेंडरी स्कूल छछेड़ा में आयोजित ओबीसी मोर्चा के सभी पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। भाजपा के सभी नूंह जिले के नेतागण मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा को जिले में मजबूत किया जाएगा। भाजपा की मजबूती के लिए ओबीसी वर्ग के लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चल रही है।

### महामारी से बचने के लिए अभी सावधानी जरूरी : उपायुक्त

**नूंह।** कोरोना महामारी का प्रकोप अभी खत्म नहीं हुआ है। महामारी का वायरस अलग-अलग रूपों में सामने आ रहा है। इसलिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि आवश्यक सावधानियों को अपनाकर खुद को और आसपास के लोगों को सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके साथ ही प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले परामर्श का भी अनुपालन करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक दायित्व है कि कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए हर जरूरी कदम उठाएं। दूसरों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, भले ही वह बीमार न हो। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर मास्क अवश्य लगाएं। खासतौर से भीड़ वाले स्थान पर जब शारीरिक दूरी बनाना संभव न हो तो मास्क की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बंद स्थानों की बजाय खुली व हवादार जगह चुनें। केवल मास्क लगाकर कोविड-19 से नहीं बचा जा सकता। इसके लिए शारीरिक दूरी बनाए रखनी होगी।

### चालक दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**तावडू।** शहर के स्वास्थ्य डिढ़ारा बाईपास के समीप अशोका फिलिंग स्टेशन पर चालक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गाड़ी चालकों के साथ केक काट कर व मिठाई वितरित कर चालकों को प्रोत्साहित किया गया। फिलिंग स्टेशन के संचालक अशोक वासुदेव ने जानकारी देते हुए बताया फिलिंग स्टेशन पर गाड़ी चालकों के लिये स्टार अस्पताल भिवाड़ी के तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चालकों का रक्तचाप, मधुमेह व पल्स जैसी बिमारियों की जांच की गई। अशोक वासुदेव ने बताया दोपहियां चार पहियां व ट्रोला वाहन चलाते समय साइन बोर्ड व लाइटों का तथा सीट बैल्ट का विशेष ध्यान रखें। साथ ही बताया कि दोपहियां वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग अति आवश्यक है। स्टार अस्पताल की ओर से डॉ. प्रवीण खटाना डॉ. संजीव ठुकराल आदि उपस्थित थे।

### बिस्सर अकबरपुर में पुरुषोत्तम रूपला करेंगे कामधेनु योग साधना केंद्र का उद्घाटन

**तावडू।** केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपला रविवार को बिस्सर अकबरपुर तावडू में कामधेनु योग साधना केंद्र का उद्घाटन करेंगे। कामधेनु संस्थान के संरक्षक व पूर्व आयुक्त एस पी गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री रूपला कामधेनु केंद्र का निरीक्षण भी करेंगे उन्होंने बताया कि इस संस्थान में हर रविवार को गोशाला में यज्ञ भी होता है एसपी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, बिजली मंत्री रणजीत चौटाला भी भाग लेंगे।

# डिंगरहेड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



पोषण अभियान के तहत कार्यक्रम में मेहंदी लगाती महिलाएं।

**जिले** में केन्द्र सरकार के निर्देश पर पोषण अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को तावडू के डिंगरहेड़ी गांव में महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण महिलाओं को जागरुकता का संदेश दिया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा ने बताया कि शनिवार को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण माह मनाने के दौरान मेहंदी रंगोली और पौष्टिक भोजन से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को पौष्टिक भोजन की विशेषताओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताकर जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं का हरी पत्लेदार सब्जियां व आयरन से भरपूर भोजन के बारे मे बताया तो वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत कुआं पूजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ शरीर के लिए बेहतर खान-पान का होना बहुत ही जरूरी है। सभी को खान-पान के प्रति सजग व जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेषकर लड़कियों व महिलाओं को अपने आहार के प्रति जागरूक होना चाहिए। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में पौष्टिक आहार की अहम भूमिका होती है। इसलिए महिलाएं अपने खानपान का ध्यान रखें और अपने बच्चों का पालन पोषण बेहतर ढंग से करें। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान सरकार की महत्वपूर्ण गतिविधि है, जिसके माध्यम से किशोरियों, महिलाओं और बच्चों के लिए सही पोषण व खानपान के बारे में जागरूक किया जाता है। पोषण अभियान के दौरान लोगों को घर पर उगाई गई हरी पत्तेदार सब्जियां, प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन से युक्त खान पान के बारे में बताया जा रहा है।

# तावडू के खंड शिक्षा कार्यालय में हुआ सक्षम रिव्यू मीटिंग का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**शनिवार** को तावडू शहर के ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में शहर खंड शिक्षा अधिकारी तावडू रमेश मलिक की अध्यक्षता में सक्षम रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में खंड सक्षम अधिकारी डॉ. भूप सिंह के अलावा सभी एबीआरसी, बीआरपी व खंड के स्कूल मुखियाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें सक्षम रिव्यु के अंतर्गत मुख्यमंत्री दूरवर्ती शिक्षा कार्यक्रम एवं ई-विद्यालय के अंतर्गत चल रहे निम्न कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

मीटिंग में जिला सक्षम स्कोरकार्ड, सेट रिजल्ट, मेगा सर्वे, ई- विद्यालय, टीचर्स कंप्लिएंस, मेंटरिंग, बोर्ड क्लास रिजल्ट, निष्ठा ट्रेनिंग आदि को लेकर सभी सीआरसी को निर्देश दिए गए कि सभी विद्यालय मुखिया अपने विद्यालय की अवसर ऐप पर अध्यापकों और बच्चों की उपस्थिति सुबह 9:30 तक अवश्य पूरी करें। सभी अध्यापक और छात्र अवसर एप्प पर साप्ताहिक फीडबैक प्रतिदिन डालें। इसके अलावा समय-समय पर जो भी कार्य अवसर ऐप्प के माध्यम से विभाग द्वारा अलोट किया जाए उसे समय पर पूरा करें।

एसडीएम रिव्यू मीटिंग में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश मलिक और खंड सक्षम अधिकारी डॉ. भूप सिंह द्वारा सभी सीआरसी मुखियाओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी स्कूल मुखिया से कहा गया कि प्रत्येक कक्षा के होशियार बच्चों के साथ कमजोर बच्चों का ग्रुप बनाकर पढ़ाई कराई जाए और महीने में दो बार टेस्ट लेना सुनिश्चित करें।

# पंजीकृत श्रमिकों को योजनाओं के तहत मिल रहा लाभ

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा भवन एवं संनिर्माण श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा श्रमिकों के लड़कों और अविवाहिता श्रमिकों की स्वयं की शादी पर शगुन के तौर पर वित्तीय सहायता, अंशदाता श्रमिकों के लड़के व लड़कियों के लिए पहली कक्षा से बारवीं कक्षा तक पढ़ाई जारी रखने पर स्कूल की वर्दी, किताबें और कापियां आदि खरीदने वित्तीय, अंशदाता श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना, अंशदाता श्रमिकों के बच्चों की खेलों के प्रति प्रतिभा को विकसित करने बारे वित्तीय सहायता, अंशदाता श्रमिकों के बच्चों की सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रति प्रतिभा को विकसित करने के बारे में वित्तीय सहायता, अंशदाता श्रमिकों द्वारा नई साइकिल खरीदने पर वित्तीय सहायता, श्रमिकों को चश्मों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

# सभी वर्गों की कानूनी सहायता के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं



डालसा के सीजेएम प्रतीक जैन लोगों को मौलिक अधिकारों के बारे में बताते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

### डालसा के सीजेएम ने मौलिक अधिकारों के बारे में बताया

**हरियाणा** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार और जिला सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग की अध्यक्षता में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूंह के प्रतीक जैन की देखरेख में विशेष जागरुकता शिविर लगाया गया।

प्राधिकरण के अधिवक्ता मंजू लता ने लोगों को कानून के बारे में जागरूक किया। डालसा के सचिव प्रतीक जैन ने लोगों को बताया कि कानूनी सहायता के लिए सभी लोग हकदार हैं, और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने शिविरों के माध्यम से लोगों को उनके मौलिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया और हर प्रकार की कानूनी सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कोरोना के बचाव के बारे में भी लोगों को बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 01267- 271072 चलाया गया है, जिस पर आम लोग मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# ताऊ देवीलाल की मूर्ति स्थापना और सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाएगा कार्यक्रम

### बैठक में पदाधिकारियों को बांटी गई जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



नूंह में मीटिंग करते हुए।

**जिला** नूंह के हिलालपुर गांव में 25 सितंबर को हरियाणा के जननायक ताऊ देवीलाल की प्रतिमा स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला नूंह के जजपा के नेताओं द्वारा एक बैठक शनिवार दोपहर पार्टी कार्यालय, नई अनाज मंडी नूंह में की गई। बैठक में नूंह सदस्यता अभियान के सह प्रभारी व युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान, राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़ व प्रदेश प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया मुख्य रूप से शामिल हुए।

उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि जिला मेवात और दादरी में ताऊ देवीलाल की याद में प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मेवात के गांव हिलालपुर में किसान मसीहा जननायक ताऊ देवीलाल की याद में उनकी हरियाणा में सबसे बड़ी प्रतिमा 25 सितंबर को लगाई जाएगी। साथ ही लोगों से पुष्प अर्पित करने पहुंचने की भी अपील की।

बैठक में जिला नूंह के जिला प्रभारी, पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद, जिला अध्यक्ष तैय्यब हुसैन घासेडिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन, युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद, जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन और युवा नेता नासिर हुसैन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जजपा ने देश के उपप्रधानमंत्री जननायक ताऊ देवीलाल की जयंती पर 25 सितंबर को उनकी याद को चिरस्थाई बनाने के लिए मेवात में उनकी प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया है क्योंकि जननायक ताऊ के जीवन से लोग प्रेरणा लेते हैं। उनके दिखाए रास्ते पर ही जजपा चल रही है। गांव हिलालपुर में जिला स्तर पर ताऊ देवीलाल की जयंती 25 सितंबर को बड़ी ही धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक में अल्पसंख्यक सैल प्रधान शिराजूद्दीन सिराज, हल्का प्रधान नूंह आस मोहम्मद, अजमत जैलदार, पुन्हाना युवा प्रधान शहीद हुसैन, गणेश दास अरोडा, युवा नेता जावेद सालाहेड़ी, समसुद्दीन गूमल, आशिक इलाही, मुनफैद खान, जाहिद हुसैन, सिराजुद्दीन, एडवोकेट हारून घासेडिया, परशुराम शर्मा, इरसाद, सैफ सहित जिला नूंह की तीनों विधानसभा क्षेत्र नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका के सभी वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया।


## पायनियर क्लासीफाइड

• बेदखली सूचना •

मैं, राम कुमार पुत्र श्री भगतु राम निवासी मकान न.431, फुसगढ़, करनाल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र संदीप मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं इसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

हम ओमप्रकाश पुत्र श्री सोहन लाल व श्रीमती बाला पत्नी श्री ओम प्रकाश निवासी बाल्मिकी बस्ती, अर्जुन गेट, करनाल बयान करते है कि हमारा पुत्र राज कुमार व पुत्रवधु भारती हमारे कहने-सुनने से बाहर है। हम इन्हे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

मैं, जसवंत सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी 508, झांसा रोड, श्याम कॉलोनी, थानेसर (कुरुक्षेत्र) का पुत्र गुरविंदर सिंह व उसकी पत्नी मनप्रीत कौर कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैंने उन्हें अपनी चल-अचल जायदाद से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके कार्यों/लेनदेन के लिए मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# जलवायु मुद्दे पर सहयोग

**कोई देश अकेले कुछ नहीं कर सकता, लेकिन दुनिया चाहे, तो बदलाव ला सकती है। इसके लिए सबको समाधान की दिशा में सोचना और प्रयास करना होगा।**

पिछली डेढ़ सदी में पर्यावरण को हुए मानवजनित नुकसान की भरपाई का कोई मुकम्मल उपाय नहीं है। फिर भी साझा कोशिशों से हम पर्यावरण के प्रति पुनर्विचार, पुननिर्माण और पुर्नस्थापना की दिशा में बढ़ सकते हैं। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव विनाशकारी होने लगा है। ग्लेशियरों का पिघलना, सूखा, बादल फटना, अत्यधिक गर्मी और सर्दी, इस ग्रह के जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों में घिर जाने का स्पष्ट संकेत है।




हाल ही में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और 2050 तक नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए साझा वैश्विक प्रयासों की अहमियत पर बल दिया है। भारत दौरे पर आये अमेरिकी जलवायु-विशेष प्रतिनिधि जॉन कैरी ने भी साझा प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया है। जॉन कैरी ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश और व्यापार संभावनाओं का जिक्र करते कहा है कि भारत बैट्री और सोलर पैनल के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बन सकता है। उन्होंने कहा कि सीओपी-26 सम्मेलन की अगुवाई में अमेरिका सभी देशों से जलवायु मसले पर साझा प्रयास का आग्रह करता है। भारत ने 2030 तक 450 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए वित्त और तकनीकी निवेश महत्वपूर्ण है, जिसमें अमेरिका विशेष भूमिका निभा सकता है। दोनों देश तीन स्तरों पर साझा प्रयास को आगे बढ़ा सकते हैं।

इस दशक में उत्सर्जन को कम करने के लिए साझा प्रस्ताव को विकसित करने पर जोर देना होगा। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल करने के लिए अमेरिका ने विभिन्न स्तरों पर सहयोग का प्रस्ताव दिया है। इससे परिवहन, इमारतों और उद्योग क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा का मार्ग प्रशस्त होगा। वित्त जुटाने में अमेरिका भारत के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण कर सकता है। इससे नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में पूंजी आकर्षण, नवाचार और तकनीक हस्तांतरण बढ़ेगा। साथ ही निवेश और व्यापार के लिए द्विपक्षीय सहयोग बढ़ेगा। तीसरा, अनुकूलन और लचीलापन लाने के लिए दोनों देश क्षमता निर्माण के लिए काम करेंगे, जिससे जलवायु परिवर्तन के जोखिमों को मापने और प्रबंधित करने की राह आसान होगी। महामारी के बाद स्वच्छ ऊर्जा को लेकर निवेशकों का सकारात्मक रुख बना है।

आइपीसीसी की हालिया रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने चेताया है कि जलवायु संकट के दुष्प्रभावों से बचने और जरूरी कदम उठाने के लिए दुनिया के पास मात्र 12 वर्ष का ही समय शेष बचा है। हालांकि, अब तक कई देशों का रुख संतोषजनक नहीं रहा है। दुनिया जलवायु संकट की गंभीर चुनौती का सामना करने जा रही है। यह न तो राजनीति का विषय है और न विचारधारा का, यह विज्ञान और गणित का संकेत है कि क्या घटित हो रहा है और क्या होने जा रहा है। ग्रीन हाउस गैसों से इस ग्रह का तापमान बढ़ रहा है, समुद्र का रसायन विज्ञान बदल रहा है और बदलने की यह दर उस स्तर पर है, जहां पहुंचने में लाखों वर्ष लगे हैं। इसलिए, कोई देश अकेले कुछ नहीं कर सकता, लेकिन दुनिया चाहे, तो बदलाव ला सकती है। इसके लिए सबको समाधान की दिशा में सोचना और प्रयास करना होगा।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का विस्तार

**भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा एवं विदेश मंत्रियों की बैठक हुई है। दोनों सामुद्रिक पड़ोसी देशों के मंत्रियों के बीच यह बैठक 'टू-प्लस-टू' मंत्री-स्तरीय संवाद व्यवस्था के तहत हुई पहली बातचीत थी।**



डॉ राजीव रंजन चतुर्वेदी
(लेखक )



हाल ही में भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा एवं विदेश मंत्रियों की बैठक हुई है। दोनों सामुद्रिक पड़ोसी देशों के मंत्रियों के बीच यह बैठक 'टू-प्लस-टू' मंत्री-स्तरीय संवाद व्यवस्था के तहत हुई पहली बातचीत थी। इन बैठकों में कई विषयों पर गंभीर और विस्तृत चर्चा की गयी तथा समूचे क्षेत्र में व्यापार के मुक्त विस्तार, अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुपालन तथा सतत आर्थिक बढ़ोतरी पर जोर दिया गया। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने द्विपक्षीय बहुआयामी रणनीतिक सहभागिता समझौते का भी एक वर्ष पूरा कर लिया है तथा कई मामलों में और स्तरों पर दोनों देशों के बीच सहयोग सघन हो रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरीसन ने जून, 2020 में एक वर्चुअल शिखर बैठक में द्विपक्षीय रणनीतिक सहभागिता का विस्तार कर उसे बहुआयामी स्वरूप दिया था। इन दोनों नेताओं के बीच गहरा और व्यक्तिगत जुड़ाव होने से इस सहभागिता को एक आवश्यक राजनीतिक संरचनात्मक आधार मिल रहा है।

दोनों देशों के बीच विभिन्न भू-रणनीतिक और भू-आर्थिक मुद्दों पर दृष्टिकोणों में भी समानताएं बढ़ती जा रही हैं, जिसे दोनों देशों के लोगों के गहन आपसी जुड़ाव का समर्थन भी प्राप्त है। अनगिनत मसलों पर भारत और ऑस्ट्रेलिया आपसी सहयोग व भागीदारी को संस्थाओं तथा संगठनों के माध्यम से तेजी से बढ़ा रहे हैं। यह बढ़ोतरी द्विपक्षीय स्तर के साथ-साथ त्रिपक्षीय और बहुपक्षीय स्तरों पर भी हो रही है। इस संदर्भ में सचिव स्तर के 'टू-प्लस-टू' संवाद व्यवस्था को प्रोन्नत कर मंत्रियों के स्तर तक लाना दोनों देशों के बीच सकारात्मक रूप से परिवर्तित होते संबंधों को रेखांकित करता है। पहले दोनों देशों के रक्षा और विदेश सचिव इस व्यवस्था के तहत बैठकें करते थे। यह व्यवस्थागत प्रोन्नति यह भी इंगित करती है कि दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ काम करने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

एक मुक्त, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के गहरे हित हैं। इसमें इस क्षेत्र के सभी देशों के लिए आवागमन की स्वतंत्रता और स्थायित्व शामिल हैं। सामान सुरक्षा चुनौतियों तथा क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था से प्रेरित होकर दोनों देशों ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग से जुड़े प्रयासों को तेज कर दिया है। परस्पर सुरक्षा हितों से संबंधित क्षेत्रों में समन्वय और सक्रियता में बढ़ोतरी करने के लिए दोनों देश अपने मुख्य सहयोगी देशों के साथ भी सुरक्षा संवाद बढ़ा रहे हैं। क्वाड समूह के देशों द्वारा उनकी नौसेनाओं के बीच परस्पर सामरिक सहयोग और सुरक्षा कौशल को बढ़ावा देने के लिए किया गया मालाबार नौसैनिक अभ्यास इसी दिशा में उठाया गया कदम है। साल 2020 से सभी क्वाड सदस्य देश- ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका- मालाबार नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। जबकि यह नौसैनिक अभ्यास रणनीतिक स्तर पर इन चारों देशों के बीच गहन होते संबंधों की ओर संकेत करता है, वहीं व्यवहार के स्तर पर यह नौसेनाओं को अत्याधुनिक युद्ध कौशल विकसित करने का अवसर भी प्रदान करता है।

> **क्वाड समूह के देशों द्वारा उनकी नौसेनाओं के बीच परस्पर सामरिक सहयोग और सुरक्षा कौशल को बढ़ावा देने के लिए किया गया मालाबार नौसैनिक अभ्यास इसी दिशा में उठाया गया कदम है। साल 2020 से सभी क्वाड सदस्य देश- ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका- मालाबार नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। जबकि यह नौसैनिक अभ्यास रणनीतिक स्तर पर इन चारों देशों के बीच गहन होते संबंधों की ओर संकेत करता है, वहीं व्यवहार के स्तर पर यह नौसेनाओं को अत्याधुनिक युद्ध कौशल विकसित करने का अवसर भी प्रदान करता है।**

इस अभ्यास के तहत उपलब्ध हवाई और सामुद्रिक हथियारों, युद्धपोतों, लड़ाकू विमानों, मिसाइलों, पनडुब्बियों तथा अत्याधुनिक युद्ध तकनीकों का इस्तेमाल कर व्यावहारिक तैयारी की जा रही है।

साल 2020 में द्विपक्षीय व्यापार का आकार 24.4 अरब डॉलर आंका गया था, जिसमें दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, बल्कि इसमें बहुत दूरगामी आर्थिक परिवर्तन भी हो रहे हैं। इस प्रक्रिया में ऑस्ट्रेलिया एक बहुत महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में स्थापित है क्योंकि दोनों ही देशों की दृष्टि नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समावेशी आर्थिक समन्वय तथा आक्रामक चीन की ओर से मिल रही चुनौती से प्रेरित है।

कृषि व्यवसाय, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा, खनन, शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, बिग डाटा और फाइनेंशियल तकनीक आदि कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच वाणिज्य-व्यापार में वृद्धि देखी जा रही है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की कोशिश एक सतत दीर्घकालीन आर्थिक संबंध स्थापित करने की है। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष वाणिज्य मंत्री डैन टेहन ने एक साझा बयान में अपनी योजना के बारे में बताया है कि दोनों देश दिसंबर तक कृषि उपज संबंधी व्यापार समझौते पर अंतिम निर्णय ले लेंगे।

यह समझौता दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापक व्यापार समझौते के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापार में बढ़ोतरी के बावजूद उन पुराने मसलों का समाधान करना जरूरी है, जो दोनों देशों के बीच सक्रिय और सघन आर्थिक एकजुटता और गतिशीलता के लिए बाधक बने हुए हैं। दूध, चीज, फल, मक्खन, सब्जी और खाद्यान्न आदि कृषि और दुग्ध उत्पादों पर भारत बहुत अधिक शुल्क लगाता है। इस वजह से ऑस्ट्रेलिया के निर्यातकों के लिए इन वस्तुओं को भारत भेज पाना कठिन हो जाता है। ऑस्ट्रेलिया में भारत के कुशल पेशेवर लोगों को गैर-शुल्क बाधाओं तथा भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

दोनों देशों में शानदार लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं हैं और दोनों ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करते हैं तथा आकार एवं शक्ति से इतर सभी देशों की समानता में विश्वास करते हैं। इस विकसित होती जाती द्विपक्षीय सहभागिता को 'टू-प्लस-टू' संवाद व्यवस्था ने और भी बड़ा आधार उपलब्ध कराया है। आगामी दिनों में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच शिखर बैठक की संभावना है।

वह बैठक भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच परस्पर राजनीतिक समझ को विस्तार देगी तथा दूरगामी प्रभाव के सहयोग की अतिरिक्त संभावनाओं के द्वारा खोलेगी। द्विपक्षीय संबंधों की बेहतरी के साथ दोनों देश इंडोनेशिया, फ्रांस और जापान समेत विभिन्न समान विचार रखने वाले देशों के साथ त्रिपक्षीय सहयोग व्यवस्था बनाने की दिशा में भी अग्रसर हैं।

इसी प्रकार, हाल के महीनों में क्वाड सहयोग ने भी सार्थक गति पकड़ी है। इन देशों के लिए यह सही समय है कि वे अब 'क्वाड प्लस' व्यवस्था पर विचार करना प्रारंभ करें तथा इसे अधिक व्यापक और संवेदनशील और इस क्षेत्र के देशों के लिए अधिक स्वीकार्य बनाएं। अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में हो रहे भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिवर्तन भारत एवं ऑस्ट्रेलिया के लिए यह आवश्यक बना रहे हैं कि वे मानवीय दृष्टि और सिद्धांतों पर आधारित ठोस सहभागिता स्थापित करें।

# निर्यात में बड़ा उछाल अर्थव्यवस्था में हो रहे सुधार को दर्शाता है

प्रह्लाद सबनानी
(सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक)

**कोरोना** महामारी की प्रथम एवं द्वितीय लहर के दौरान पूरे विश्व का विदेशी व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। विभिन्न देशों के बीच उत्पादों का व्यापार एकदम निचले स्तर पर आ गया था। चूंकि कोरोना महामारी की द्वितीय लहर एवं कुछ देशों में तृतीय लहर का असर अब कुछ कम होने लगा है अत: विभिन्न देशों के बीच विदेशी व्यापार में सुधार देखने में आ रहा है। भारत से तो विभिन्न उत्पादों के होने वाले निर्यात में एकदम उछाल देखने में आया है। अगस्त 2021 माह में भारत से विभिन्न उत्पादों का निर्यात 3,314 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा, जो अगस्त 2020 माह में किए गए निर्यात से 45.17 प्रतिशत एवं अगस्त 2019 माह में किए गए निर्यात से 27.5 प्रतिशत अधिक है। यदि अप्रैल-अगस्त 2021 की अवधि के दौरान देश से किए गए विभिन उत्पादों के निर्यात के आंकड़ों पर ध्यान किया जाय तो यह 16,367 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो अप्रैल-अगस्त 2020 की अवधि में किए गए निर्यात से 66.92 प्रतिशत अधिक है एवं अप्रैल-अगस्त 2019 की अवधि में किए गए निर्यात से 22.93 प्रतिशत अधिक है। भारत ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में निर्यात के लिए 40,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य का 41 प्रतिशत भाग अप्रैल-अगस्त 2021 माह तक प्राप्त कर लिया गया है। निर्यात में अगस्त 2021 माह तक हुई वृद्धि दर को देखते हुए तो ऐसा प्रतीत होता है कि वर्ष 2021-22 के लिए निर्धारित किए गए निर्यात का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया जाएगा।

भारत से निर्यात किए जा रहे उत्पादों की टोकरी में शामिल विभिन्न उत्पादों का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि देश से रोजगारोन्मुखी उद्योगों के उत्पाद तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। यह देश के लिए हर्ष का विषय होना चाहिए क्योंकि इन उद्योगों से निर्यात के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी पर्याप्त मात्रा में निर्मित हो रहे हैं। भारत से निर्यात होने वाले 80 उत्पादों की, देश से होने वाले कुल निर्यात में 50 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी है। इन उत्पादों में विशेष रूप से शामिल हैं पेट्रोलियम उत्पाद, कृषि उत्पाद, मछली एवं मांस



के उत्पाद, केमिकल उत्पाद, दवाइयों के उत्पाद, धातु के उत्पाद, ऑटो, रेल, पानी के जहाज एवं हवाई यातायात के उपकरण आदि। वित्तीय वर्ष 2012-13 में भारत से होने वाले कुल निर्यात के 50 प्रतिशत भाग में केवल 20 उत्पादों का ही योगदान रहता था। इस प्रकार इन 8 वर्षों के दौरान देश से निर्यात किए जाने वाले उत्पादों की टोकरी में शामिल उत्पादों का विस्तार हुआ है। कृषि क्षेत्र से निर्यात का बढ़ना भी देश के लिए हर्ष का विषय है क्योंकि इससे किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। वैसे भी हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत आबादी अभी भी ग्रामों में ही निवास करती है जो अपनी आजीविका के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का केवल 16 से 18 प्रतिशत तक का योगदान रहता है। ऐसे में यदि कृषि क्षेत्र से निर्यात बढ़ रहे हैं तो इससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है और देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान बढ़ने के आसार नजर आने लगे हैं एवं इस प्रकार ग्रामीण इलाकों में गरीबी में कमी आने की संभावना बनती नजर आ रही है।


हाल ही के समय में एल्यूमिनियम के उत्पाद, फर्नीचर के उत्पाद, पानी के जहाज एवं नाव के उत्पाद, हवाई जहाज एवं स्पेस जहाज के उपकरण एवं जिंक के उत्पाद के निर्यात में बहुत तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है और अब ये उत्पाद भी उन 80 उत्पादों में शामिल हो गए हैं जिनका देश के कुल निर्यात में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान है, लेकिन हीरे एवं जवाहरात (जेम्स एवं ज्वेलरी) एवं टेक्सटायल क्षेत्र के उत्पादों में अभी भी आकर्षक वृद्धि दर हासिल नहीं की जा सकी है। इन क्षेत्रों में भी रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित हो सकते हैं। भारत सरकार ने हाल ही में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की है तथा निर्यातकों को अन्य प्रकार के प्रोत्साहन (यथा निर्यातकों द्वारा कच्चे माल एवं परिष्कृत किए जा रहे माल पर राज्य एवं केंद्र सरकार को अदा किए गए विभिन्न प्रकार के करों की निर्यातकों को वापसी) आदि भी दिए जा रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शामिल किए गए विभिन्न उद्योगों से भी अब निर्यात बहुत तेज गति से आगे बढ़ेगा। साथ ही, अब तो अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी कोरोना महामारी के असर से उबर कर पटरी पर वापस आती जा रही हैं, इसका असर भी हमारे देश से होने वाले निर्यात पर अच्छा प्रभाव डाल रहा है।

निर्यात के साथ ही देश में विभिन्न उत्पादों के आयात में भी द्रुत गति से वृद्धि देखने में आ रही है। अगस्त 2021 माह में भारत के आयात 4,701 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे हैं जो अगस्त 2020 माह के आयात की तुलना में 51.47 प्रतिशत अधिक हैं। इसी प्रकार अप्रैल-अगस्त 2021 की अवधि के दौरान भी आयात 21,954 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे हैं जो अप्रैल-अगस्त 2020 की अवधि के दौरान किए गए आयात से 81.75 प्रतिशत अधिक हैं। भारत से विभिन्न उत्पादों के किए गए कुल निर्यात की तुलना में भारत में विभिन्न उत्पादों के हुए कुल आयात के अधिक होने के कारण व्यापार घाटे में भी तेजी देखने में आई है और यह अगस्त 2021 माह में 1,387 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है जो अगस्त 2020 में 820 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। भारत में विभिन्न उत्पादों के तेज गति से बढ़ रहे आयात का आशय यह है कि भारत में आर्थिक गतिविधियों में तेजी से सुधार हो रहा है एवं देश आर्थिक क्षेत्र में V आकार की रिकवरी करते हुए आगे बढ़ रहा है।

## आप की बात

# नहरपार विधायक समर्थकों का बढ़ता दखल

**केंद्रीय** मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के आशीर्वाद से भाजपा की टिकट हासिल कर विधायक बने एक नेता के करीबियों के किस्से आजकल हर खासो-आम की जुबान पर है। नहरपार होने वाली व्यापारिक और अन्य गतिविधियों में उसके समर्थक अपना दखल चाहते है, यहां तक कि यहां की सोसाइटियों में आरडब्ल्यूए भी उनकी मर्जी की होनी चाहिए। सूत्रों का कहना है कि नहरपार अनेक प्राइवेट बिल्डरों के निर्माण कार्य चल रहे है। दर्जनों सोसाइटीज बनकर तैयार भी हो चुकी है, वहां लाखों की संख्या में लोग भी बस गए है, ऐसे में उक्त विधायक के समर्थक ज्यादातर सोसाइटीज में अपनी आरडब्ल्यूए खड़ी कर न केवल अपने सिक्योरिटी गार्ड लगवाना चाहते है, बल्कि अन्य व्यापारिक गतिविधियों में भी दखल दे रहे है, ताकि कोई सामान की सप्लाई हो या खुदा हो, उनके बिना कोई बाहरी व्यक्ति काम न कर पाए और




अगर करना भी चाहे तो पहले उनकी चौखट पर माथा टेके, तभी उसे यहां काम करने की इजाजत मिलेगी।

नहरपार बनने वाले एक बड़े मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पर भी उनकी नहर है, हालांकि उक्त निर्माण करवाने वाली संस्था के केंद्र में अपने मजबूत राजनैतिक संपर्क है, उसके बावजूद वहां के कार्यों में विधायक समर्थकों द्वारा घुसपैठ किए जाने के प्रयास जारी है। आम बिल्डरों को भी इस बात का पता है कि जेसीबी मशीनें किस व्यक्ति की वहां चलेगी, लेबर, सिक्योरिटी किस ठेकेदार की लगेगी, सप्लाई किसके संपर्क वाले व्यापारी की होगी, वगैरा-वगैरा ऐसी अनेक गतिविधियां है, जहां उक्त विधायक के यारे-प्यारे घुसपैठ करते है, कर रहे है या करने का प्रयास करते हैं। इससे पूर्व यहां कांग्रेस का विधायक था उसके बारे में इतना पता था कि उसके संपर्क गांधी परिवार से है और उनका प्रॉपर्टी का कारोबार है अन्य किसी गतिविधि में उनकी संलिप्तता की खबर नहीं थी, लेकिन मौजूदा नेता के समर्थक की दखलदांजी कुछ ज्यादा ही है। अनेक सोसाइटीज में वह अपने संपर्कों से अपनी आरडब्ल्यूए खड़ी करवा चुके है। सूत्रों का दावा है कि जिला रजिस्टार कार्यालय में उनकी दखल अंदाजी सबसे ज्यादा है और उनके एक फोन पर यहां तैनात अधिकारी उनके मुताबिक काम कर रहे है। यही कारण है कि नहरपार की अनेक सोसाइटी में उनके करीबियों की दखलअंदाजी को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों को इस बात की भी हैरानी है कि सबकी खबर रखने वाले मोदी और खट्टर सरकार को इस बात की जानकारी क्यों नहीं है कि नहरपार हर गतिविधि में उक्त विधायक के समर्थकों का दखल बढ़ता जा रहा है, उस पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा सकी है। गौरतलब है कि फरीदाबाद के साथ सटे उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों में अनेक माफिया सक्रिय है, अब फरीदाबाद की कनेक्टविटी ग्रेटर नोएडा सहित जेवर एयरपोर्ट से भी होने जा रही है, ऐसे में अगर ग्रेटर फरीदाबाद में नजायज गतिविधियों को चलाने वालों पर लगाम नहीं लगी, तो निकट भविष्य में फरीदाबाद का माहौल भी खराब हो सकता है।


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"बंगाल हिंदुस्तान प्रोजेक्ट करेगा और ये पाकिस्तान या तालिबान बनने की अनुमति नहीं देगा।

**- ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए सात महाद्वीपों के 115 देशों से जल लाने का विचार अनूठा है और यह वसुधैव कुटुंबकम के संदेश को झलकाता है।

**- राजनाथ सिंह**
रक्षामंत्री



टी-20 फॉरमेट की कप्तानी छोड़ना इस लिए जरूरी था ताकि मैं वनडे और टेस्ट फॉरमैट में टीम का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह से तैयार रह सकूं।"

**- विराट कोहली**
भारतीय क्रिकेट कप्तान

# पंजाब सीएम के निंदनीय बयान पर बिफरे भाजपाई : शंकर धूपड़

## जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय के सामने दिया धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के बेतुके व भडकाऊ बयान के खिलाफ शनिवार को जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ की अध्यक्षता में सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय जैन चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय के समक्ष धरना दिया। कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री ब्रिजपाल सिंह तंवर व हर्षवर्धन मान ने किया। गौरतलब होगा कि कुछ रोज पहले पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बयान दिया था कि किसान पंजाब की बजाय हरियाणा व दिल्ली जाकर धरना दें। इस पर प्रदेश भाजपा ने चार रोज पहले कैप्टन का पुतला फूंक कर रोष जता चुकी है।

शनिवार को इसी विरोध में भाजपा ने प्रत्येक जिला स्तर पर कांग्रेस कार्यालयों पर धरना देने का अल्टीमेटम दिया था। जिसके तहत कांग्रेस कार्यालय के समक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने हरियाणा व दिल्ली का माहौल खराब करने जो प्रयास किया है, वह बहुत ही निंदनीय है। इससे साफ जाहिर होता है किसानों की आड़ लेकर कांग्रेस पार्टी प्रदेश का माहौल खराब कर अराजकता फैलाना चाहती है, इस मनसूबे को भाजपा कभी भी पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है और अब कैप्टन हरियाणा को डुबोने के लिए ऐसा करना चाहते हैं, जिसे भाजपा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था बर्बाद करने के लिए जो बयान दिया है, उस बयान के प्रति कांग्रेस हाईकमान का कोई रूख स्पष्ट नहीं हुआ है। इस बारे में ना तो कांग्रेस का प्रदेश स्तर का नेता और ना ही केंद्रीय स्तर का नेता कुछ भी बोलने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान की चुप्पी इस बात की ओर संकेत कर रही है कि वे कैप्टन के ब्यान के समर्थन में है। उन्होंने कहा कि कैप्टन को सीएम पद से हटाने की मांग करते हुए कांग्रेस हाईकमान व प्रदेश कांग्रेस नेताओं से अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा कि वो कैप्टन के षडयंत्र के साथ हैं या हरियाणा के विकास के साथ। जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के नाम पर बॉर्डरों पर धरने दिए बैठे कांग्रेसी ही है, जो देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना चाहते है।

वही इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुखविंद्र मांढी ने कहा कि अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने व प्रदेश में अराजकता का माहौल बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा ऐसे बयान दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सिर्फ एक ही मकसद है कि हरियाणा प्रदेश में दंगे फैले और कांग्रेस का राजनीति का मकसद पूरा हो।

# प्रसूता की अस्पताल में मौत परिजनों ने काटा हंगामा



महिला की मौत के बाद हंगामा करते परिजन।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

### रक्त की कमी की वजह से हुई महिला की मौत

**शहर** के गिरधर अस्पताल में एक महिला को डिलीवरी कराने के लिए लाया गया, लेकिन रक्त की कमी की वजह से उसकी मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर रोष प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। रोड को जाम कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तो परिजनों ने रोड खोल दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सोनीपत शहर की खन्ना कॉलोनी में गिरधर अस्पताल में शुक्रवार शाम को डिलीवरी के बाद एक महिला की मौत हो गई। महिला को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर दोपहर को उसने बच्ची को जन्म दिया था। महिला की मौत के बाद बिफरे परिजनों ने अस्पताल में जमकर रोष जताया और हंगामा किया। परिजन चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। जाम की सूचना के बाद सेक्टर-27 व सिविल लाइन थाना प्रभारियों ने परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। सोनीपत के सेक्टर-12 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले प्रिंस कुमार की पत्नी दीपाली (26) को शुक्रवार सुबह प्रसव के लिए गिरधर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोपहर में दीपाली ने बच्ची को जन्म दिया। उसके कुछ देर बाद ही दीपाली की हालत बिगड़ने लगी। उसे रक्तस्राव हो गया।

चिकित्सकों ने तत्काल दो यूनिट ब्लड लाने को उनको एक निजी अस्पताल में भेज दिया। वहां पर उनको केवल एक यूनिट ही ब्लड मिल सका। उसके बाद परिजनों को सामान्य अस्पताल में भेजा गया। उनको पांच यूनिट ब्लड लाने को कहा गया। जब तक वह ब्लड लेकर आए दीपाली की मौत हो गई थी। इस मामले में अस्पताल की तरफ से लापरवाही की गई, इस तरह के आरोपों की जांच अब डीएसपी हंसराज कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में नहीं मिला कोई नया कोरोना पॉजिटिव केस

**करनाल।** पिछले कईं दिनों से जिले में कोरोना संक्रमण का प्रसार नियंत्रण में है। शनिवार को जिला में कोरोना का कोई नया पॉजिटिव केस नहीं मिला है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सिविल सर्जन की रिपोर्ट के अनुसार बताया कि जिले में अब तक 507285 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए जिनमें से 465784 व्यक्तियों की रिपोर्ट नेगिटिव आए हैं। पिछले 24 घंटे में 1463 सैंपल लिए गए। जिले में अब तक 40027 पॉजिटिव केस सामने आए थे जिनमें से 39472 मरीज ठीक होकर घर चले गए। उन्होंने बताया कि जिले में शनिवार को कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला है। जिला में कोरोना संक्रमण से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है। जिला में अब तक 552 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। इस प्रकार जिला में कोरोना वायरस के तीन एक्टिव केस हैं। डीसी ने कहा कि सभी नागरिक लॉकडाउन के नियमों का पालन करें तथा घर पर रहें तथा पैनिक न बनाएं।

### हिंदी कविता पाठ में तमन्ना को मिला पहला स्थान

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में शनिवार को हिंदी साहित्य परिषद एवं एनएसएस के सौजन्य से हिंदी दिवस एवं वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला वन अधिकारी नरेश कुमार रंगा रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधन विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डा. बीएस बोडला तथा कॉमर्स विभाग से डा. महावीर नरवाल रहे। कॉलेज के प्राचार्य डा. मेजर सिंह ने सभी का स्वागत किया। कॉलेज की गतिविधियों के साथ साथ हिंदी भाषा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि नरेश कुमार रंगा ने कहा कि हिंदी हिंदुस्तान की सर्वोपरि भाषा है। यह जन-जन की भाषा है। डा. बीएस बोडला व डा. महावीर नरवाल ने भी अपने संबोधन में हिंदी भाषा की महत्ता एवं पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। जिसमें तमन्ना शर्मा ने पहला, नीतिश व मोनिका शर्मा ने दूसरा, रजविंद्र कौर ने तीसरा तथा शिवानी कांबोज ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। मंच का संचालन हिंदी विभाग के अध्यक्ष डा. बीर सिंह ने जबकि डा. बलजीत कौर व डा. सोनिया वधावन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जिला वन अधिकारी नरेश कुमार रंगा ने कॉलेज में पौधारोण कर वन महोत्सव की शुरूआत की। इस अवसर पर डा. कृष्ण अरोड़ा, प्रो. अंजु चौधरी, प्रो. जुझार सिंह, डा. दीपक कांबोज व भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 416 लाभार्थियों ने लगवाया कोराना का वैक्सीन

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति व श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गोशाला बाजार में 21वें कोविड टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 416 लाभार्थियों का कोरोना से बचाव का टीकाकरण किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल के प्रधान सुधीर चुघ ने बताया कि कोविड का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। कोविड टीकाकरण करवाने को लेकर आज लोगों में भारी उत्साह देखा गया। टीका लगवाने वाले लोगों की लंबी लाइनें लग गई। कैंप में 18 प्लस उम्र व 45 प्लस उम्र के व्यक्तियों को बिना बुकिंग के ही कोविड का पहला टीका लगाया गया। जिन व्यक्तियों के पास कोविड के दूसरे टीके का मैसेज आया हुआ उन व्यक्तियों को भी शनिवार को कोविड का दूसरा टीका लगाया गया। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी व मंडल के सदस्य विनोद सहगल ने बताया कि कोरोना महामारी को हराने के लिए लोग बिना किसी डर व भय के कोविड का टीका लगवाकर कोविड महामारी के खिलाफ जंग में अपना सहयोग करें। श्रीरिद्धि सिद्धि विनायक मंडल के पदाधिकारियों ने सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के सदस्यों व स्वास्थ्य कर्मियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक नरेश सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, जिला कोर्डिनेटर अविनाश कौर, जिला महासचिव सुखविंदर सिंह, सदस्य टोनी रोहिल्ला, आरपी गोलन, मंडल के उप प्रधान दीपक नैय्यर, विनोद सहगल, अंकित शर्मा, ऋषि अरोड़ा, सुधीर सहगल, रोहित अरोड़ा, बंटी अरोड़ा, वेदप्रकाश धवन, दीपक भाटिया मौजूद रहे। कैम्प में एएनएम सुप्रिया, पिंकी, आशा वर्कर सुनीता व सक्षम युवा विशाल, अमित, सुखविंदर सिंह, टोनी रोहिल्ला व राजन ने टीकाकरण किया।

### आयुष्मान आपके द्वार पखवाड़ा मनेगा 30 सितंबर तक

**करनाल।** 75वां आजादी का अमृत महोत्सव आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का सालाना इलाज मुफ्त में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक जिला में 'आयुष्मान आपके द्वार' पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत सभी अटल सेवा केन्द्रों, सीएससी व आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके लिए लाभार्थी को कोई भी पैसा नहीं देना होगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड व परिवार पहचान पत्र लेकर अटल सेवा केन्द्र या सूचीबद्ध सरकारी व नीजि अस्पताल जाएं। पात्र नागरिकों को कार्ड बनवाने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

### वाहन चालकों की सुविधा के लिए रूटों को किया डायवर्ट

**सोनीपत।** किसानों के सिंघु बॉर्डर धरने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-44 अवरूद्ध हो गया है। जिसके मध्य-ए-नजर लगातार पुलिस प्रशासन द्वारा एडवाईजरी जारी की जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब व चण्डीगढ़ से आने वाले भारी वाहन दिल्ली व गुरूग्राम जाने के लिए सोनीपत की अपेक्षा पानीपत से राष्ट्रीय राजमार्ग-71ए के जरिए गोहाना, रोहतक, सांपला से होते हुए आसौदा से केएमपी पर प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब व चण्डीगढ़ से आने वाले हल्के वाहन दिल्ली व गुरुग्राम जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 का प्रयोग करते हुए सोनीपत स्थित राई से केएमपी का प्रयोग करते हुए बादली, फरूखनगर व मानेसर के रास्ते का प्रयोग कर सकते है। इसके अलावा बागपत, खेकड़ा, लोनी बॉर्डर से होते हुये दिल्ली जा सकते हैं।

# अमरिन्दर के बयान के विरोध में भाजपाइयों ने दिया धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र




**पंजाब** के सीएम कैप्टन अमरिन्दर के बयान के विरोध में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन के सामने धरना प्रदर्शन किया।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी ने धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के एक सीएम पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बीते दिनों बयान दिया था कि किसान पंजाब की बजाय हरियाणा या दिल्ली में जाकर आंदोलन करें। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा उनका यह बयान बहुत ही गैर जिम्मेदाराना व निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस से मांग करते हैं पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह को बर्खास्त किया जाए। डा. सैनी ने कहा कांग्रेस के एक प्रदेश का मुख्यमंत्री किसानों के नाम पर धरनों पर बिठाये अपने कार्यकर्ताओं को देश के दूसरे हिस्सों में नुकसान पहुंचाने के लिए प्रेरित कर रहा है जिसमें हमारे प्रदेश हरियाणा को भी नुकसान पहुंचाने का बयान दे रहा है ओर हैरान करने वाली बात यह है किसी भी कांग्रेसी ने उनके इस बयान का विरोध नहीं किया। जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कहा कि इससे साबित होता है कि ये कांग्रेसियों की एक सोची समझी साजिश है।

# संतनाम देव रोहिल्ला टांक क्षत्रिय धर्मशाला में लगवाया इंवर्टर

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**ककरोई** रोड पर जवाहर नगर स्थित संतनाम देव रोहिल्ला टांक क्षत्रिय धर्मशाला में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम बड़े उल्लास के साथ मनाया गया था। उस दिन सभा की बैठक के दौरान सभा के प्रधान सन्त लाल रोहिल्ला के सुपुत्र विनोद कुमार रोहिल्ला ने शहर में बिजली संकट को ध्यान में रखते हुए धर्मशाला में अपने खर्चे से इंवर्टर लगवाने की घोषणा की थी। जिसका सभा के सभी उपस्थित सदस्यों ने तालियों के साथ धन्यवाद किया था।

सभा के कैशियर धर्मराज रोहिल्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि हमें अत्यंत खुशी हो रही है कि कल 16 सितंबर को धर्मशाला में 180 एमपियर दो बैटरी और 2000 वॉट क्षमता का एक इंवर्टर लगवा दिया गया है। जिससे धर्मशाला के ग्राउंड फ्लोर पर सभी लाइट्स और नौ पंखे संचालित किए जा सकते हैं। इंवर्टर एवं दो बैटरी लगवाने का सारा खर्चा विनोद कुमार रोहिल्ला द्वारा वहन किया गया है। संतनाम देव रोहिल्ला टंक क्षत्रिय सभा प्रधान संतलाल रोहिल्ला एवं उनके सुपुत्र विनोद कुमार रोहिल्ला का समाजहित में इस नेक कार्य के लिए तहेदिल से धन्यवाद करते हैं।

# बाबूराम टाया बने प्रदेश अध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** रोड क्षत्रिय प्रगति मंच हरियाणा की बैठक अर्जुन चौक के समीप निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जगत सिंह चंडीगढ फार्म मुर्तजापुर ने की। इसमें कुरुक्षेत्र होटल एसोसिएशन के प्रधान बाबू राम टाया को रोड क्षत्रिय प्रगति मंच हरियाणा का सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। बैठक में देश विदेश में बसी रोड बिरादरी को एकजुट करने और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने पर विचार किया गया। इस मौके पर मंच के संस्थापक संरक्षक पृथ्वी सिंह दर्रा खेड़ा, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी रामपाल बड़थल, मास्टर केहर सिंह नरकातारी, राम स्वरूप नरकातारी, कांग्रेस नेत्री सुनीता बतान, सुभाष आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों को पोषक अनाज के बारे में दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।



पौधे वितरित करते कार्यक्रम आयोजक।

**कृषि** विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के गोद लिए हुए गांव संघोर मे अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के परिपेक्ष्य में पोषण वाटिका महाअभियान एवं पौधारोपण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र की जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ ललिता रानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में 90 महिला किसानों एवं 25 कन्याओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में इफको द्वारा किसानों को उन्नतशील प्रजाति के फल, सब्जियों के पौधे तथा बीज पैकेट्स के वितरण की व्यवस्था की गई। जिसका उद्देश्य बच्चों महिलाओं एवं किसानों को पोषक अनाजों एवं मानव स्वास्थ्य में उनके महत्व तथा वृक्षारोपण के कृषि अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर एक गोष्ठी में पोषक अनाज तथा मानव स्वास्थ्य तथा सतत कृषि व ग्रामीण आजीविका में वृक्षारोपण की भूमिका पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किए। सीनियर कोर्डिनेटर कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र प्रो. प्रद्युमन भटनागर व इफको के विपणन अधिकारी शमशेर सिंह एवं महिला सेविका सुरेंद्र कौर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगाया वैक्सीनेशन कैंप

**कुरुक्षेत्र।** स्वास्थ्य विभाग, कुरुक्षेत्र एवं यूपीएससी मोहन नगर के सौजन्य से तथा डॉ सौरभ और बीडी गाबा की देख रेख में दूसरे वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 18 वर्ष से अधिक सभी आयु वर्ग के लिए कोविशिल्ड की पहली व दूसरी खुराक लगाई गई।

कैंप में सबसे पहले विद्यालय की अध्यापिका रीना तथा हिमानी को टीके की दूसरी डोज लगाई गई। आस-पास के लगभग 300 लोगों को टीका लगाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बीडी गाबा ने बताया कि कोरोना के बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है। साथ ही उन्होंने लोगों को मास्क तथा बार-बार हाथ धो कर सावधानी बरतने के लिए जागरुक किया। डर और अफवाहों से बचने की सलाह दी।

# भाजपा ने शुरू किया सेवा समर्पण कार्यक्रम

### सात अक्टूबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी



भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष मास्टर हुकमचंद व अन्य पदाधिकारी।

**भारतीय** जनता पार्टी की ओर से सेवा व समर्पण कार्यक्रम अभियान चलाया गया है, जो सात अक्टूबर तक जारी रहेगा। इस दौरान संगठन की ओर से विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे। अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए पदाधिकारियों को प्रभारी बनाया गया है। ये जानकारी आज जिला अध्यक्ष हुकम चंद यादव ने पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में दी।

उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को बताया कि संगठन की ओर से बीती दिवस अर्थात 17 सितंबर से जन सेवा को लेकर कार्यक्रम करने का सिलसिला शुरू किया गया है। सभी कार्यक्रम महामंत्री यशवंत भारद्वाज व ईश्वन चनीजा की देखरेख में होंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान बूथ स्तर की गतिविधियां, जिसमें पोस्टकार्ड, नमो एप इंस्टालेशन, सेवा कार्य व संकल्प लेना शामिल है। इसके लिए यशवंत सिंह को जिला प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार पर्यावरण संबंधी गतिविधियां चलाई जाएगी, जिसके तहत नदी व तालाब की सफाई, प्लास्टिक हटाना तथा पौधारोपण किया जाना है। ये सभी काम प्रीतम चौहान के नेतृत्व में होंगे। स्वास्थ्य गतिविधियों के तहत कराए जाने वाले काम में र1तदान, स्वास्थ्य शिविर व टीकाकरण की देखरेख ईश्वर चनीजा करेंगे। इस दौरान सेवा गतिविधियां भी की जाएगी, जिसके तहत फलों का वितरण, दिव्यांगजनों की सहायता व राशन बैग का वितरण किया जाएगा। ये सब काम जिला प्रभारी विजय प्रधान की देखरेख में होंगे।

**आवास बोर्ड हरियाणा सेक्टर-23, फरीदाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि आवास बोर्ड हरियाणा द्वारा मकान नं. 527/एलआईजी, सेक्टर-22, फरीदाबाद को श्रीमती प्रतिभा सक्सेना पुत्री श्री ए.पी. सक्सेना निवासी मकान नं. 527/एलआईजी, सेक्टर-22, फरीदाबाद को पत्र क्रमांक नं. 4423 दिनांक 22/12/89 के द्वारा अलॉट/हस्तांतरण हुआ था अब उपरोक्त अलॉटी/ट्रांसफरी/खरीद्दार श्री गिर्राज प्रसाद पुत्र श्री बेगराज प्रसाद का दिनांक 04/04/2018 को देहांत हो चुका है।
अब श्री राजकुमार अग्रवाल और ललित अग्रवाल दोनो पुत्र स्वग्रीय श्री गिर्राज प्रसाद निवासी मकान नं. 527/एलआईजी, सेक्टर-22, फरीदाबाद जो की अपने आप को अलॉटी/ट्रांसफरी/खरीद्दार का वारिस होने का दावा करते हैं तथा उपरोक्त मकान को अपने नाम हस्तांतरण करवाने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है यदि किसी भी व्यक्ति को हस्तांतरण सम्बंधित किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर साक्ष्य सहित इस कार्यालय में अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज करा सकता है। यदि इस अवधि के दौरान इस कार्यालय में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती तो उपरोक्त मकान की हस्तांतरण की स्वीकृति प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर श्री राजकुमार अग्रवाल और ललित अग्रवाल दोनो पुत्र स्वग्रीय श्री गिर्राज प्रसाद के हक में प्रदान कर दी जायेगी और इसके बाद इस हस्तांतरण के संबंध में कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

सम्पदा प्रंबधक
आवास बोर्ड हरियाणा,
फरीदाबाद

## प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

मौसम की तरह उनका मिजाज बदलेगा सोचा न था,
वक्त बदलेगा तो उनका अंदाज बदलेगा सोचा न था,
जब सब बदलते हैं तो वो भी क्यों बदल न जाएं,
सुर तो बदलता है मगर साज बदलेगा सोचा न था।

# अनअकेडमी ने की कोडशेफ स्नैकडाउन-2021 की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/नोएडा

### 19 अक्टूबर 2021 तक किए जा सकते हैं रजिस्ट्रेशंस

**भारत** के अग्रणी शिक्षण मंच अनअकैडमी ने स्नैकडाउन के छठे संस्करण की घोषणा की है। स्नैकडाउन एक बहुत ही अनोखी मल्टी-राउंड प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता है। सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों के साथ-साथ कामकाजी पेशेवर भी इसमें हिस्सा ले सकते हैं। स्नैकडाउन की शुरूआत कोडशेफ ने वर्ष 2010 में दुनिया भर के बेहतरीन प्रोग्रामर्स को एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर दिलाने के उद्देश्य से की थी। जून 2020 से कोडशेफ की कस्टोडियनशिप अनअकैडमी ने संभाली है।

**रजिस्ट्रेशन और शेड्यूल:**
स्नैकडाउन 2021 के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है और यह 19 अक्टूबर 2021 तक किया जा सकता है। पहला ऑनलाइन क्वालीफाइंग राउंड 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक होगा। ग्रैंड ऑनलाइन फिनाले 9 जनवरी 2022 को आयोजित किया गया है। विस्तृत कार्यक्रम और सीखने के संसाधन वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**पाएं आकर्षक पुरस्कार:**
इस साल महामारी की स्थिति के कारण, स्नैकडाउन 2021 में व्यक्तिगत प्रतिभागिता को अनुमति दी गयी है। स्नैकडाउन 2021 चैंपियन को 10,000 डॉलर्स और स्नैकडाउन गोल्ड ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। प्रथम उपविजेता और द्वितीय उपविजेता को ट्रॉफी और मर्चेंडाइज के साथ क्रमश: 7500 डॉलर्स और 5000 डॉलर्स के नकद पुरस्कार मिलेंगे। शीर्ष 10 भारतीय प्रोग्रामर्स और 4 से 25 तक के वैश्विक रैंक धारकों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए, प्रोग्रामर्स स्नैकडाउन 2021 वेबसाइट पर जा सकते हैं। अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# भजनों पर झूमे श्याम भक्त

**कुरुक्षेत्र।** खाटूश्यामजी के प्रचार प्रसार को समर्पित संस्था खाटूश्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित द्रौपदी कूप श्रीश्याम मंदिर में 324वां श्री श्याम एकादशी संकीर्तन किया गया।

प्रधान जयपाल शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के पूजन में सभी सदस्यों व भंडारा आयोजक प्रवीण कुमार गुप्ता परिवार ने भाग लिया। गणेश वंदना से आरंभ हुए इस संकीर्तन में गायक केशव शर्मा व दीपक शर्मा ने श्याम जी के मधुर भजनों से समां बांधा। इनमें काले रंग पै मोरनी रूदन करै...फागून आयो रे, चलो श्याम के द्वारे...,कीर्तन की है रात बाबा आज थानै आणो है..., लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण में तुम्हारी...,सांवरी सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया... और हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं...इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमी झूम उठे। संकीर्तन के दौरान खाटू श्याम जी के संपूर्ण जीवन चरित्र में बताया गया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे हैं, इन्हें तीन बाणधारी भी कहा जाता है। श्रीश्याम आरती में जयपाल शर्मा, शिवकुमार कौशिक, मोहिंदर पाल गर्ग, वाचस्पति भारद्वाज, शालीन अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ खुशबीर शर्मा, सुनील अंगीरस, सुमित शर्मा, जयंती प्रसाद, अमित गोयल, डॉ कृष्ण कुमार व सुखदेव शर्मा सहित महिलाएं भी शामिल रहीं।

# आइये स्कूल करिकुलम में पीरियड पर बात करें

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार/पानीपत।

### 10 लाख लोगों ने कहा, इसे अनिवार्य कर देना चाहिए

**व्हिस्पर,** भारत का प्रमुख महिला केयर ब्रांड जोकि पीरियड को लेकर जागरूकता और स्वच्छता पर काम कर रहा है। देश का सबसे विविधतापूर्ण मीडिया समूह नेटवर्क 18, अपने छह माह तक चलने वाले कैम्पेन 'पीरियड ऑफ प्राइड: एक स्वच्छ सोच' के तहत पीरियड पर अपनी तरह के पहले अनूठे टेलीथॉन का आयोजन कर रहे हैं। यह टेलीथॉन, सीएनबीसी-टीवी-18, सीएनएन न्यूज-18 और सीएनबीसी आवाज और इनके संबंधित फेसबुक और ट्विटर हैंडल्स पर 19 सितंबर, दोपहर 3 बजे से प्रसारित होगा।

टेलीथॉन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और महिला एवं बाल विकास, झारखंड की मंत्री जोबा मांझी, शामिल होंगे। एक्टर और कैम्पेन एम्बेसडर भूमि पेडनेकर टेलीथॉन का नेतृत्व करेंगी, जो हर क्षेत्र से जुड़े चेंजमेकर्स को एक साथ लेकर आयेंगी, जिसमें बैडमिंटन चैंपियन ज्वाला गुट्टा, उद्योग की लीडर नैना लाल किदवई, एक्टर नेहा धूपिया, गायिका जोनिता गांधी, भारत की सबसे कम उम्र की मेयर आर्य राजेंद्रन और अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार के युवा नामांकित शामिल होंगे।

हर्षदीप कौर, कैलाश खेर, मेरी जिंदगी- उत्तर प्रदेश की एक महिला बैंड, शिल्पा राव, तुलसी कुमार और शंकर महादेवन सहित प्रतिभाशाली कलाकार अपना समर्थन दिखाने के लिये अपनी दमदार प्रस्तुति देंगे। पीरियड ऑफ प्राइड- एक स्वच्छ सोच पर विस्तार से बताते हुए अविनाश कौल, सीईओ, नेटवर्क 18 (ब्रॉडकास्ट) और एमडी, एईटीएन-18 ने कहा, यह 2021 है और फिर भी मासिक धर्म, युवाओं और बुजुर्गों के बीच एक असहज विषय बना हुआ है। हमारा मानना है कि स्कूली पाठ्यक्रम में पीरियड अवेयरनेस को शामिल करके हम कक्षाओं में पीरियड्स से जुड़ी रूढी को कम करने की दिशा में एक कदम उठा सकते हैं। यह लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक दीर्घकालिक कदम है।

अखिल मेशराम, सीनियर डायरेक्टर, कैटेगरी लीडर व्हिस्पर भारतीय उपमहाद्वीप, प्रॉक्टर एंड गैंबल ने कहा,आज भी भारत में पीरियड्स को लेकर पाबंदियां देखी जा सकती है,जो अक्सर युवा लड़कियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं। पीरियड ऑफ प्राइड पीरियड की शिक्षा और उसके साफ-सुथरे प्रबंधन को आगे लाने का एक सोचा-समझा प्रयास है। हमारा लक्ष्य न केवल पीरियड एजुकेशन और संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है, बल्कि स्कूली पाठ्यक्रम में पीरियड से जुडी शिक्षा को अनिवार्य रूप से शामिल करके वास्तविक रूप से जमीनी बदलाव लाना है। हमारे अभियान को सरकार में नीति निर्माताओं से अपार समर्थन मिला है, क्योंकि हमारा लक्ष्य पीएम के स्वच्छ भारत मिशन दिशा-निर्देशों के अनुरूप हैं।

# शोध कार्यों में हो बेहतर प्रयोगशालाओं का इस्तेमाल: बंडारू दत्तात्रेय

## पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति ने की राज्यपाल से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शोधकार्यों में प्रयोगशालाओं तथा बेहतर संसाधनों का भरपूर उपयोग करने के लिए सभी विश्वविद्यालय आपसी सहयोग से कार्य कर उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर दूसरे विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू साइन करें ताकि विद्यार्थी और शोधार्थी शिक्षा की नवीनतम शोध, तकनीकों व जानकारियों से अपडेट रहें।

दत्तात्रेय शनिवार को राजभवन में उनसे मिलने आए पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजकुमार से पंजाब विश्वविद्यालय में उपलब्ध ढांचागत सुविधाओं, संसाधनों और विशेषज्ञों से सम्बन्धित विषयों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवीनतम शोध और शैक्षणिक तकनीकों से हरियाणा और चण्डीगढ़ के छात्रों को लाभ होगा।

दत्तात्रेय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप कार्यक्रमों को लेकर सभी विश्वविद्यालय आगे बढ़ेंगे और नए पाठ्यक्रम तैयार करने व उन्हें लागू करने में तीव्रता आएगी।

इस शिष्टाचार मुलाकात में पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजकुमार ने शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों शोधकार्यों, खेलों इत्यादि के लिए हरियाणा के विश्वविद्यालयों के साथ कार्य करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में नवीनतम प्रयोशालाएं, रिसोर्स पर्सन उपलब्ध हैं।

जिनका विभिन्न क्षेत्रों में लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय में अपनी तरह का देश का श्रेष्ठतम नीति अनुसंधान केन्द्र स्थापित है। जिसका राज्य सरकार के उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्रों व विभिन्न विभागों से सम्बन्धित प्रशिक्षण सुविधाओं में लाभ लिया जा सकता है।

कुलपति प्रो. राजकुमार ने आगे बताया कि पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में सभी तरह के इंडोर व बाह्य खेलों से सम्बन्धित सभी तरह की उम्दा किस्म के संसाधन हैं। बेहतर सुविधाएं हैं।

इन सभी सुविधाओं का हरियाणा के खिलाड़ी लाभ ले सकता हैं। उन्होंने माना कि हरियाणा के युवाओं में खेलों का जुनून व जज्बा है उसी के कारण ही प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओलम्पिक व पैरालम्पिक व विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

# फेमिना मिस ग्रेंड इंडिया देंगी हरियाणा में पानी बचाने का संदेश

## सरकार ने मनिका को बनाया हरियाणा की 'गुडविल एम्बेसडर'

### सीएम ने सौंपा नियुक्ति-पत्र, जल संरक्षण अभियान पर करेंगी काम

### मेरा पानी-मेरी विरासत को लेकर चलाएंगी जागरुकता कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई जल संरक्षण मुहिम 'मेरा पानी-मेरी विरासत' योजना को ब्रांड एम्बेसडर के माध्यम से प्रचारित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के प्रति लोगों व किसानों को जागरूक करने का काम जींद के उचाना की मनिका श्योकंद करेंगी।

फेमिना मिस ग्रेंड इंडिया-2020 मनिका श्योकंद को सरकार ने हरियाणा में जल संरक्षण अभियान की 'गुडविल एम्बेसडर' नियुक्त किया है। शनिवार को चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें नियुक्ति-पत्र सौंपा। मनिका यह काम बिना मानदेय के करेंगी। इस मौके पर सीएम ने कहा, जल संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाना समय की मांग है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है।

जैसे समय को कीमती माना जाता है, उसी तरह जल भी बेहद कीमती है। उन्होंने मनिका को इस अभियान के लिए आगे आने पर बधाई दी। मनिका श्योकंद केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक हैं।

इस मौके पर मनिका ने कहा कि मैं किसान की बेटी हूं और जल संरक्षण के महत्व को समझती हूं। उन्होंने कहा कि वे हरियाणा सरकार की जल संरक्षण की योजनाओं से बेहद प्रभावित हैं। अन्य विरासतों की तरह जल को भी एक विरासत के रूप में मानने की मुख्यमंत्री की सोच ने मुझे बेहद प्रभावित किया है।

उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार द्वारा मुझे जल संरक्षण अभियान का गुडविल एंबेसडर नियुक्त किया जाना, मेरे लिए गर्व का विषय है। मैं हमेशा से पर्यावरण संरक्षण की समर्थक रही हूं। हरियाणा सरकार ने मुझे जल संरक्षण अभियान के लिए नियुक्त किया, इसके लिए मैं मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करती हूं'।

इस अवसर पर मनिका के माता-पिता, सीएम के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, जल संसाधन प्राधिकरण की चेयरपर्सन केशनी आनंद अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. अमित अग्रवाल, उपप्रधान सचिव आशिमा बराड़, सिंचाई विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ सतबीर सिंह कादियान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।




### जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें अधिकारी

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों से समाज व जनता को बहुत अपेक्षाएं होती हैं। इसलिए बेहतर कार्य करते हुए सरकार के ध्येय अनुसार अंत्योदय की भावना से कार्य करें। अधिकारी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए लोगों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। वे शनिवार को चंडीगढ़ में 2020 बैच के एचसीएस अधिाकरियों की बैठक में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, सिविल सर्विस का यह सबसे बड़ा बैच है। सरकार ने मैरिट के आधार पर सभी अधिकारियों का चयन किया है। कठिन कोविड काल में ज्वाइन करते हुए उन्हें कठिनाइयां झेलनी पड़ी और इन कठिनाइयों में उनकी स्वत- ट्रेनिंग हुई है। इससे उन्हें आगे कार्य करने में आसानी होगी। सिविल सर्विस अधिकारी अपनी मजबूत इच्छा शक्ति और नैतिक दायित्व के साथ ईमानदारी से कार्य करें।

### अफवाहों पर ध्यान न दें, वैक्सीन जरूर लगवाएं: सीएमओ

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से कोरोना से बचाव के लिए लगाई जा रही वैक्सीन के बारे में किसी भी प्रकार की भ्रांति में नहीं आने की अपील की है। सिविल सर्जन ने कहा है कि नागरिक किसी भी अफवाह पर न जाएं और कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीन जरूर लगवाएं।

उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिला में आगामी दो दिनों में पहली डोज के टारगेट को हासिल किया जाएगा। इसके लिए विभाग की 20 मोबाईल टीमों द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। सिविल सर्जन डाक्टर रघुवीर शांडिल्य ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में सात लाख 57 हजार 934 लोगों को वैक्सीन लगाने का टारगेट निर्धारित किया गया है। इसको लेकर जिला में 30 सरकारी स्वास्थ्य संस्थान जिसमें सामान्य अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी व उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं, पर टीकाकरण किया जा रहा है। इनके अलावा इन स्वास्थ्य संस्थानों के तहत आसपास जगहों पर भी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

# हरियाणा में अब पानी की चोरी करने वालों पर लगेगी लगाम

### मुख्यमंत्री ने नहरी पानी के रियल टाइम डाटा सिस्टम का किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में नहरी पानी की चोरी पर लगाम लगाने के लिए रियल टाइम डाटा एक्विजिशन सिस्टम (आरटीडीएएस) की शुरूआत हो गई है। शनिवार को यहां हरियाणा निवास में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सीएम मनोहर लाल खट्टर ने इसका लोकार्पण किया। पहले चरण में प्रदेशभर में 90 स्थानों पर आरटीडीएएस को स्थापित किया गया है। इस मौके पर सीएम ने कहा कि जल प्रबंधन के लिए तकनीक बेहद आवश्यक है। इसलिए आरटीडीएएस की शुरूआत की गई है।

उन्होंने कहा कि जल को हम पैदा नहीं कर सकते, उसका केवल प्रबंधन किया जा सकता है। अलग-अलग अध्यनों से तस्वीर उभर कर सामने आ रही है कि यदि इसी तरह जल का दोहन होता रहा तो आने वाले 30 से 35 वर्ष के बाद हमारे प्रदेश में मरूस्थल जैसी स्थिति पैदा होने की आशंका है। इसलिए समय रहते जल प्रबंधन अति आवश्यक है। राज्य सरकार ने पिछले वर्ष जल प्रबंधन को लेकर दो वर्षीय योजना बनाई।

इसके तहत मेरा पानी-मेरी विरासत योजना को अपनाने वाले किसानों को सात हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन और अन्य जल प्रबंधन योजनाएं भी हरियाणा सरकार चला रही है। जल संकट पूरे प्रदेश में एक समान नहीं है। कहीं जलस्तर बेहद नीचे है तो कहीं पर बहुत ऊपर है। ऐसे में सिंचाई के लिए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली योजना लागू की गई है ताकि दक्षिण हरियाणा के उन खेतों तक भी पानी पहुंच सके जहां पानी की बेहद किल्लत है।

# किसान आंदोलन को तोड़ने का षडयंत्र कर रही है भाजपा: अशोक अरोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**हरियाणा** के पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शर्म की बात है कि भाजपाई कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। बड़ी अजीब बात है कि जो लोग सरकार में हैं, वे कांग्रेस मुख्यालय पर धरना दे रहे हैं। भाजपा नेताओं को चाहिए तो यह था कि जो किसान तीन काले कृषि कानूनों को रद्द करवाने के लिए 10 माह से आंदोलन कर रहे हैं और सड़कों पर बैठकर अपनी जान तक गंवा रहे हैं, उनके समर्थन में नरेंद्र मोदी के निवास पर जाकर प्रदर्शन करते हैं। यदि भाजपा को प्रदर्शन ही करना है तो बढ़ती महंगाई, बढ़ती रसोई गैस व बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ करें। अशोक अरोड़ा ने कहा कि नरेंद्र मोदी अहंकारी व्यक्ति है, उनके अहंकार की वजह से देश का अन्नदाता किसान आज सड़कों पर पड़ा है। किसान का एक बेटा जहां सीमा पर देश की रक्षा कर रहा है, वहीं दूसरा बेटा खेत में अन्न उगाकर देश का पेट भर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृत महोत्सवः आयुष्मान आपके द्वार पखवाड़ा 30 तक

**करनाल।** 75वां आजादी का अमृत महोत्सव आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख रूपये तक का सालाना ईलाज मुफ्त में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक जिला में ''आयुष्मान आपके द्वार'' पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत सभी अटल सेवा केन्द्रों, सीएससी व आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है, जिसके लिए लाभार्थी को कोई भी पैसा नहीं देना होगा। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड व परिवार पहचान पत्र लेकर अटल सेवा केन्द्र या सूचीबद्ध सरकारी व नीजि अस्पताल जाएं। पात्र व्यक्तियों को कार्ड बनवाने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

### मोप अप राऊंड में 22 तक खिलाएंगे एल्बेंडाजोल की गोली

**करनाल।** सिविल सर्जन डा. योगेश शर्मा ने बताया कि हेल्थ कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम 18 सितम्बर तक चलाया गया। इस अभियान के तहत जो बच्चा किसी कारणवश छूट गया है तो उसे 19 सितम्बर से 22 सितम्बर तक मोप अप राऊंड के दौरान एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि एल्बेंडाजोल की गोली पूर्णतः सुरक्षित व प्रभावशाली है, सभी अभिभावकों को चाहिए कि वह इन गोलियों को अपने बच्चों को अवश्य खिलाएं ताकि भावी पीढ़ी को तंदरूस्त बनाया जा सके। इस दौरान जिले के 1 से 19 वर्ष के बच्चों को एएनएम, आशा वर्कर व आंगनवाड़ी वर्करों के माध्यम से एल्बेंडाजोल की गोली घर-घर जाकर निःशुल्क खिलाई जा रही है।

### हत्यारों को हथियार दिलाने के आरोप में गैंगस्टर गिरफ्तार

**सोनीपत।** सीआईए-1 स्टाफ ने हत्या करने की घटना में हथियार उपलब्ध करवाने के शातिर एवं गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी सन्दीप उर्फ काला निवासी जठेड़ी जिला सोनीपत का रहने वाला है।पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि बीती पांच अगस्त को सोमबीर निवासी दोदवा ने थाना सदर गोहाना में शिकायत दी थी कि मनप्रीत उर्फ गोलू निवासी दोदवा व इसके साथियों ने उसके भाई राजेन्द्र की गांव दोदवा की सीमा में गोलियां मारकर हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने अलग-अलग टीमों का गठन कर आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिये थे। सीआईए-1 स्टाफ सोनीपत प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार की टीम ने आरोपियों की खोजबीन करते हुये घटना में शामिल पांच हजार रुपये के ईनामी एवं मोस्ट वांटेड बदमाश मनप्रीत उर्फ गोलू निवासी दोदवा व इसके साथियों अंकित आंवली, नरेन्द्र उर्फ बन्टा निवासी दोदवा, अमरदीप उर्फ भूरिया निवासी बलियानी जिला भिवानी व अनूप उर्फ चीता निवासी बिरहा जिला हाथरस यूपी को 36 घण्टों में गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों से प्रारम्भिक पूछताछ करने पर बताया था कि पहले हुए लड़ाई झगड़े की रंजिश को लेकर इस घटना को अंजाम दिया था।

### श्रीगणेश की पूजा अर्चना करने से विघ्न-बाधाएं होती दूर



**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भगवान श्रीगणेश सभी देवताओं में पूजनीय है। शास्त्रों के अनुसार भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना करने से सभी विघ्न-बाधाएं हमेशा के लिए दूर हो जाती हैं। वे शाहबाद में दुर्गा मंदिर के समीप गणेश उत्सव में बतौर मुख्यातिथि श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि हिंदू धर्म में किसी भी शुभ काम को करने से पहले भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना करनी बेहद जरूरी होती है। भगवान श्रीगणेश को एकदंत के नाम से भी पुकारा जाता है। वहीं उनको विघ्नहर्ता का नाम भी दिया गया है। ऐसी मान्यता है, कि भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना यदि ना की जाए, तो कोई भी कार्य सफल नहीं हो पाता है। धर्म के अनुसार भगवान श्रीगणेश को कार्यों को सफल बनाने वाला देवता माना जाता है। इस अवसर पर सुरेंद्र खनेजा, संजय चुघ, मोहन वर्मा, पूर्ण चंद ठाकुर, सतीश बिंदल, प्रदीप सचदेवा, अशोक मदान, कृष्ण लाल, सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

# गणेश विसर्जन करने गए 16 वर्षीय युवक की नहर में डूबने से मौत

पीएल वर्मा। कैथल



**स्थानीय** जींद रोड प्योदा नहर वाले पुल पर आज गणेश विसर्जन करने आए एक 16 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। जिससे शहर में काफी अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। इतना हीं नहीं जहां एक तरफ परिवार में गणेश महोत्सव को लेकर काफी खुशियों भरा माहौल था, वहीं कुछ ही पलों में परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

जानकारी अनुसार स्थानीय फ्रेंडस कालोनी निवासी 16 वर्षीय युवक सौरभ अपने परिवार सहित पिछले करीब 10 वर्षों से यहां पर रह रहा था। वह एक टैंट हाऊस में मजदूरी का काम करता था। गणेश महोत्सव की शुरूआत में सौरभ के परिवार ने अपने घर पर ही गणेशजी को स्थापित किया हुआ था। आज उसका विसर्जन करने के लिए पूरा परिवार धूमधाम के साथ गणेश विसर्जन करने के लिए प्योदा रोड वाली नहर पर बने पुल से गणेश विसर्जन करने के लिए आया हुआ था। नहर में पानी कम होने के कारण सौरभ तथा उसके परिवार के अन्य सदस्य थोड़ा आगे की तरफ गहरे पानी में चले गए। मगर जैसे ही उन्होंने गणेश विसर्जन करने के लिए गणेश की मूर्ति को धकेला तो उसका पांव फिसल गया। सौरभ संभल नहीं पाया। देखते ही देखते उसके साथियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया कि सौरभ डूब गया है।

### देर सायं तक जारी थी शव की तलाश जारी

कुरूक्षेत्र से आए गोताखोरों ने नहर के गहरे पानी में सौरभ की तलाश शुरू कर दी। काफी देर तक कोई सार्थक परिणाम नहीं निकले थे। समाचार लिखे जाने तक गोताखोर पानी में सौरभ की तलाश कर रहे थे।

### नहर विभाग के पास नहीं हैं गोताखोर

गोताखोर के विषय में नहर विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे पास कोई भी गोताखोर नहीं हैं। हमने कुरुक्षेत्र से दो गोताखोरों को बुलवाया है। उनके आते ही सौरभ की तलाश शुरू की जाएगी।

# लूट और हत्या के प्रयास में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

### न्यायालय में पेशकर लिया पुलिस रिमाण्ड पर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**थाना** शहर गोहाना की पुलिस ने हथियार के बल पर लूट एवं हत्या प्रयास की घटना में शामिल दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नवदीप उर्फ बाबा व प्रवीन उर्फ बिल्ली निवासी गतौली जिला जीन्द के रहने वाले है।

पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि गत 12 सितम्बर को लव कुमार निवासी होली मोहल्ला गोहाना ने थाना शहर गोहाना में शिकायत दी थी कि अरविन निवासी अनूपगढ़ जिला जीन्द व इसके साथियों ने हथियार के बल पर जान से मारने की नियत से 35 हजार रुपये की नकदी छीनकर ले गये। अनुसंधान टीम ने घटना में शामिल आरोपी अरविन निवासी अनूपगढ़ जिला जीन्द को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

# ऑटो क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पीएलआई योजना अनुकूल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ऑटो** कंपनी जेबीएम ने केंद्रीय सरकार के पीएलआई योजना का स्वागत करते हुए कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लिए 26,058 करोड रुपये का प्रभाजन करके पीएलआई योजना के रूप में निश्चित रूप से प्रगतिशील घोषणा की है। इस घोषणा से ऑटोमोबाइल क्षेत्र द्वारा प्रेरित मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों को गति मिलेगी।

सरकार की पीएलआई योजना का जेबीएम ऑटो के वाईस चेयरमैन और एमडी निशांत आर्य ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि संवहनीयता को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की दूरदर्शिता के अनुरूप 18,100 करोड़ रुपये के एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल के लिए पहले ही आरम्भ किए गए पीएलआई और 10,000 करोड़ रुपये की फास्टर अडैप्शन ऑफ मैन्युफेक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल स्कीम यानी इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण के त्वरित अनुकूलन योजना से इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर को सबसे बड़ा फायदा होगा।

जैसा कि इस योजना द्वारा भारत में उन्नत ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजीज के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रंखला आधार स्थापित करने पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है, रोजगार के अवसरों, विनिर्माण क्षमताओं तथा कौशल उन्नयन में तेजी आएगी। यह नीति वैकल्पिक ईंधन, इलेक्ट्रिक वाहनों और हाइड्रोजन ईंधन सेल वाहनों तथा ऑटो पार्ट-पुर्जों एवं प्रणालियों पर फोकस के साथ सम्पूर्ण ईवी परितंत्र को समग्र रूप से बढावा देने वाली है। जेबीएम ऑटो पीएलआई स्कीम का स्वागत करता है और इस घोषणा के लिए केंद्र सरकार बधाई की पात्र है।

# करनाल जिले में धान खरीद को लेकर मंडियों में तैयारियां अधूरी

## मंहगा पीआर-14 धान लेकर सस्ती वैरायटी का चावल लौटाते हैं मिलर

### लापरवाही ही नहीं भ्रष्टाचार की जद में भी दिख रहे अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



प्रदेश सरकार एक अक्टूबर से धान की सरकारी खरीद शुरू करेंगी। पिछले सालों की तरह ही मंडियों में धान खरीद शुरू होने से पहले ही खरीद में भ्रष्टाचार के मामले सामने आने लगे हैं।

संभावना जताई जा रही है कि अगर सरकारी धान खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई तो कई मंडियों में भ्रष्टाचार के बड़े मामले निकलकर सामने आएगे, क्योंकि इस बार जिले में करीब 4 लाख एकड़ में धान की फसल हुई है। इसमें से अकेले ही करीब 1.40 लाख एकड़ में पीआर-14 धान की वैरायटी लगी हुई हैं।

इस वैरायटी का चावल अन्य पीआर धान की वैरायटी से ज्यादा महंगा बिकता हैं। कई राइस मिलर खरीद एजेंसियों व मंडी के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ मिलकर भारी मुनाफा कमाने की फिराक में लगे रहते हैं।

वे अन्य राज्यों से पीडीएस का चावल या अन्य सस्ती धान की वैरायटियों का चावल खरीदकर सरकार को लौटाया जाता हैं। करनाल में पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके है। भ्रष्टाचार ही मुख्य वजह होती है, सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद भी नहीं करनाल की मंडी में फर्जी धान खरीद के मामले भी सामने आ चुके हैं। जिसकी वजह से कई राइस मिलर करीब सरकार को 100 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचा चुके हैं।

### कमाया जाता है अरबों का मुनाफा

हालांकि सरकार पीआर धान की सरकारी खरीद करती हैं, वे सभी बेहतर होती हैं, लेकिन पीआर 14 की वैरायटी अन्य वैरायटियों से बेहतर मानी जाती है। इसका चावल बाजार में अच्छे दामों पर बिकता है। इसी वजह से कई राइस मिलर पीआर 14 खरीद को वरीयता देते हैं। सरकार से लिए गए पीआर 14 के चावल को खुले बाजार में बेचकर भारी मुनाफा कमाया जाता है, फिर अन्य राज्यों से बिचौलियों के माध्यम से पीडीएस या अन्य सस्ती वैरायटियों का चावल सरकार को जमा करवा देते हैं।

### सरकार के पास निगरानी की विशेष तकनीक नहीं

सरकार का प्रयास रहता है कि गरीबों को या अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए बेहतर क्वालिटी का चावल उपलब्ध कराया जाए, लेकिन सरकार के पास निगरानी की विशेष तकनीक नहीं है। जिसका फायदा मुनाफा कमाने की फिराक में रहने वाले कई राइस मिलर, अधिकारी उठाकर करोड़ों रुपये में खेलते हैं। सरकार जब पीआर धान खरीदती है तो उसमें पीआर धान की वैरायटियों का जिक्र नहीं होता, यहां तक की ये भी जानकारी नहीं रखी जाती किस राइस मिलर को खरीद एजेंसी ने कौन सी वैरायटी का कितना धान दिया हैं।

गरीबों को पीआर-14 का बेहतर चावल नसीब नहीं हो पाता। यहीं

> "नव नियुक्त मंडी सचिव चंद्रप्रकाश ने बताया कि मंडी में खरीद व्यवस्था की तैयारियां पूरी की जा रही है। किसानों को फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसानों से अपील है कि वे मंडियों में धान को सुखाकर ही लेकर आए ताकि उन्हें फसल बेचने में कोई परेशानी न हो।"

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### अहंकार

लोग तुम्हारी तारीफ़ों में जो चाहें वो कहने दो
अहंकार की धारा अपने दिल में कभी न बहने दो
'अश्क' जड़ों से कटा हुआ कब पेड़ हरा रह पाता है
सिर हो चाहे आसमान में, पैर ज़मीं पर रहने दो

# एनसीसी की मिली नई जिम्मेदारी को लेकर उत्साहित हूं: महिंद्रा

## रक्षा मंत्रालय ने व्यापक समीक्षा को महिंद्रा समेत 15 सदस्यों की समिति बनाई, ट्वीट कर दी जानकारी

**महिंद्रा ने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि इस तरह के कठोर निष्कर्ष की है जरुरत**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**अग्रणी** उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने कहा है कि वह राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) को और भी प्रासंगिक बनाने के लिए उसकी व्यापक समीक्षा करने के कार्यभार को लेकर उत्साहित हैं। रक्षा मंत्रालय ने एनसीसी को अधिक प्रासंगिक बनाने के उद्देश्य से उसकी व्यापक समीक्षा करने के लिए 15 सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें महिंद्रा का नाम भी शामिल है।

महिंद्रा ने ट्वीट किया, मैं इस जिम्मेदारी के लिए उत्साहित हूं। क्योंकि मेरा स्कूल लॉरेंस, लवडेल इस कार्यक्रम का सक्रिय भागीदार है और मैं एयर विंग में था। मैं अब भी वायु सेना के इस संस्करण का इस्तेमाल कर सलाम करता हूं। इस संगठन को खत्म करने की मांग करने वाले एक ट्वीट का जवाब देते हुए महिंद्रा ने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि इस तरह के कठोर निष्कर्ष की जरूरत है। मैं इस पर सभी के सुझावों का स्वागत करूंगा कि एनसीसी को वर्तमान दौर और जरूरतों के मुताबिक कैसे अपनाया जाए। पूर्व सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली इस समिति में महेंद्र सिंह धोनी, कर्नल (सेवानिवृत्त) राज्यवर्धन सिंह राठौर, राज्यसभा सदस्य विनय सहस्त्रबुद्धे, वित्त मंत्रालय में प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल, जामिया मिलिया इस्लामिया की कुलपति नजमा अख्तर, एसएनडीटी वुमेंस यूनिवर्सिटी की पूर्व कुलपति वसुधा कामत, भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन सचिव मुकुल कांतिकार, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) आलोक राज, एसईएस इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा और डेटाबुक के सीईओ आनंद शाह शामिल हैं।

## महाराष्ट्र एटीएस ने एक संदिग्ध को पकड़ा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने दिल्ली पुलिस द्वारा पाकिस्तान संगठित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के सिलसिले में मुंबई से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस विभाग में सूत्रों ने बताया कि जाकिर नाम के व्यक्ति को शुक्रवार रात को चलाए एक अभियान के दौरान उपनगर जोगेश्वरी से पकड़ा गया। बाद में उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से प्रशिक्षण ले चुके दो आतंकवादियों समेत छह लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही मंगलवार को आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्भवती को सरकारी अस्पतालों में क्यों नहीं मिला इलाज

**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने उस गर्भवती महिला को तीन सरकारी अस्पतालों द्वारा इलाज देने से इनकार करने की खबर पर स्वत: संज्ञान लेते हुए एक मामला दर्ज किया है। जिसके बच्चे की गर्भ में ही मौत हो गई थी। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, पड़ोसी कोल्लम जिले के कल्लुआथुक्कल की रहने वाली आठ माह की गर्भवती मीरा असहज महसूस होने पर अपने गृह जिले में इलाज के लिए दो अस्पतालों में गई थी। उसके बाद यहां श्रीअवित्तम तिरुनल अस्पताल भी गई थी, लेकिन प्राधिकारियों ने उसे अस्पताल में भर्ती नहीं किया। मानवाधिकार आयोग ने यहां एक बयान में कहा कि उसे आखिरकार कोल्लम में सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। उसका प्रसव कराया गया तो यह पता चला कि बच्चे की छह दिन पहले ही मौत हो गई। आयोग के सदस्य वी के बीना कुमारी ने कोल्लम जिला चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की जांच करने को कहा है। साथ ही यह जांच करने को भी कहा कि किन परिस्थितियों के तहत महिला को सरकारी अस्पताल में इलाज देने से इनकार कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि जांच रिपोर्ट तीन हफ्तों के भीतर सौंपनी होगी।

### गृह मंत्री ने गोंडवाना के शासकों को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**जबलपुर ( मप्र )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर पहुंचे। उन्होंने गोंडवाना साम्राज्य के शासक अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं उनके बेटे कुंवर रघुनाथ शाह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली से यहां डुमना विमानतल पर पहुंचे शाह का भव्य स्वागत किया।यहां पहुंचने के बाद शाह गोंडवाना साम्राज्य के शासक अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं उनके बेटे कुंवर रघुनाथ शाह के स्मारक पर गए और उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद वह आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर जनजातीय नायकों के पुण्य स्मरण के लिए गैरीसन ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

### साइबर ठगों ने खाते से निकाले 70 हजार रुपये, मामला दर्ज

**नोएडा ( उप्र )।** नोएडा थाना सेक्टर 49 में एक व्यक्ति ने साइबर ठगों के खिलाफ धोड़ाधड़ी करके उसके खाते से 71,000 रुपए निकालने का मामला दर्ज कराया है। थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-74 में रहने वाले हरीश सचान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है, कि उनकी बेटी के फोन पर एक संदेश आया,जिसमें केवाईसी अद्यतन कराने के लिए कहा गया था। सिंह ने बताया कि शिकायत में कहा गया कि इस दौरान जैसे ही उन्होंने एक ऐप डाउनलोड किया उनके खाते से करीब 71 हजार रुपए निकल गए। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी प्रकार का एक और मामला सेक्टर 21 में सामने आया है। थाना सेक्टर 20 में एक महिला ने साइबर ठगों के खिलाफ केवाईसी अद्यतन करने के नाम पर उनके खाते से 1,45,000 रुपए निकालने का मामला दर्ज कराया है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किए

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को केंद्रीय मंत्रियों सर्बानंद सोनोवाल और एल मुरुगन को राज्यसभा उपचुनावों के लिए क्रमश: असम तथा मध्य प्रदेश से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के एक वक्तव्य में यह जानकारी दी गई। दोनों नेताओं को हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मंत्रिपरिषद में शामिल किया है। उन्हें छह महीने के अंदर संसद सदस्य बनना होगा। सोनोवाल और मुरुगन का राज्यसभा में आना लगभग तय है क्योंकि भाजपा को दोनों राज्यों की विधानसभा में बहुमत प्राप्त है। असम में बिस्वजीत दैमारी के इस्तीफा देने से राज्यसभा की एक सीट खाली हो गई थी। दैमारी विधानसभा अध्यक्ष बने हैं। मध्य प्रदेश में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत के इस्तीफे के बाद उच्च सदन की एक सीट खाली हो गई जिन्हें कर्नाटक का राज्यपाल बनाया गया

### जम्मू कश्मीर के 460 युवक जेएकेएलआई रेजीमेंट में शामिल

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर लाइट इन्फैंट्री (जेएकेएलआई) की सफल ऐटेस्टेशन परेड के बाद कुल 460 प्रशिक्षित जवान शनिवार को यहां सेना में शामिल हुए। एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।बहरहाल, कोविड-19 महामारी के कारण सभी नियमों का पालन करते हुए भर्ती होने वाले जवानों के अभिभावकों के बिना ही समारोह का आयोजन किया गया।प्रवक्ता ने बताया कि प्रशिक्षण अकादमी चेन्नई के कमांडेंट अधिकारियों और जेएकेएलआई रेजीमेंट के कर्नल लेफ्टिनेंट जनरल एम के दास ने दनसाई प्रशिक्षण शिविर में ऐटेस्टेशन परेड की समीक्षा की। लेफ्टिनेंट जनरल दास ने युवा सैनिकों को बधाई दी और उनके देश के प्रति निस्वार्थ सेवा देने पर जोर दिया। उन्होंने जम्मू कश्मीर के अधिक से अधिक युवाओं के सुरक्षा बलों में भर्ती होने के लिए प्रेरित करने में उनके योगदान की प्रशंसा की तथा इस उत्कृष्ट पेशे में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में उनके माता-पिता की अहम भूमिका पर जोर दिया।प्रवक्ता ने बताया कि सरताज अहमद वानी को सर्वश्रेष्ठ रंगरूट घोषित किए जाने पर शेर-ए-कश्मीर स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और त्रिवेणी सिंह मेडल दिया गया जबकि रंगरूट अमनदीप सिंह चिब को गोलीबारी में सर्वश्रेष्ठ रहने के लिए चेवांग रिनचेन मेडल दिया गया।

### यूपी में पिता को हिरासत में लेने से क्षुब्ध बेटे ने की आत्महत्या

**मेरठ।** मेरठ शहर के पार्षद जुबेर की पिछले महीने हुई हत्या के मामले में पुलिस द्वारा शक के आधार पर पिता फतेहाआब को हिरासत में लिए जाने से कथित तौरपर क्षुब्ध उसके बेटे सलीम ने शनिवार को खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना मेरठ शहर में नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में हुई। नौचंदी थाने के निरीक्षक इंस्पेक्टर प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि सालीम (24)ने आत्महत्या की है और पुलिस सुसाइड नोट की तलाश कर रही है ताकि आत्महत्या के सही कारणों की जानकारी मिल सके। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण में जांच कर रही है। मृतक के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सालीम के पिता फतेहाआब को पुलिस ने दो दिन से हिरासत में लिया हुआ है। पुलिस उसे जुबेर की हत्या में जेल भेजने की तैयारी कर रही थी। इसी कारण से सलीम मानसिक तनाव में था।


---

**मेरे जन्म दिन पर**

# 2.5 करोड़ टीके लगने से एक पार्टी को आया बुखार: मोदी

## मोदी ने 2.5 करोड़ खुराक दिए जाने पर कहा,ये मेरे लिए भावुक करने वाला क्षण

**एजेंसी।** पणजी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनके 71वें जन्मदिन पर शुक्रवार को देश में लोगों को कोविड-19 टीके की 2.50 करोड़ से अधिक खुराक दी गईं, जो उनके लिए एक अविस्मरणीय और भावुक करने देने वाला क्षण है। मोदी ने किसी पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि उनके जन्मदिन पर टीकों की 2.5 करोड़ से अधिक खुराक दिए जाने के बाद एक राजनीतिक दल को बुखार हो गया। उन्होंने कहा, लोग कहते हैं कि टीकों के दुष्प्रभाव के रूप में बुखार आता है, लेकिन मेरे जन्मदिन पर 2.5 करोड़ टीके लगाए जाने के बाद एक राजनीतिक दल को बुखार आ गया।

मोदी ने तटीय राज्य में स्वास्थ्य सेवा कर्मियों और टीकाकरण लाभार्थियों के साथ वीडियो लिंक के जरिए संवाद के दौरान कहा, आपके प्रयासों से भारत ने एक दिन में 2.5 करोड़ से अधिक खुराक देकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जिसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश भी हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा, हमने देखा कि देश कल किस प्रकार कोविन डैशबोर्ड को देखता रहा। कल प्रति घंटे 15 लाख और प्रति मिनट 26,000 से अधिक लोगों को टीके लगाए गए। प्रति सेकंड 425 से अधिक लोगों को टीके लगाए गए।

मोदी ने कहा कि वह इस प्रयास के लिए देश के सभी चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों और प्रशासन के लोगों की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ताकत को दर्शाने वाले इस कार्य को पूरा करने के लिए अत्यधिक प्रयास और कुशल जनशक्ति की आवश्यकता थी।

उन्होंने कहा, जन्मदिन आते हैं और चले जाते हैं और मैं ऐसी चीजों से दूर रहा हूं, लेकिन कल मेरे लिए भावुक कर देना वाला दिन था। यह मेरे लिए एक अविस्मरणीय अवसर बन गया है।

मोदी ने तटीय राज्य में शत प्रतिशत आबादी को कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक दिए जाने के मार्ग में आई चुनौतियों से पार पाने के लिए गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनकी सरकार की सराहना की। मोदी ने कहा कि गोवा टीकाकरण के मामले में भारत में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, गोवा दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेज टीकाकरण अभियान सबको वैक्सीन, मुफ्त वैक्सीन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

गोवा ने पिछले कुछ महीनों में सावंत के नेतृत्व में भारी बारिश, चक्रवात और बाढ़ के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि जब पर्यटकों को पता चलेगा कि राज्य में सभी लोगों को टीका लगाया जा चुका है, तो वे भी यहां सुरक्षित महसूस करेंगे और बड़ी संख्या में यहां आएंगे।

### आशा है कि और दिनों में भी टीकों की दो करोड़ से अधिक खुराकें दी जाएंगी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देश में ढाई करोड़ से अधिक टीके लगाए जाने को लेकर शनिवार को कहा कि कोरोना रोधी टीकाकरण की इसी गति की जरूरत है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी रोजाना टीकों की दो करोड़ से अधिक खुराकें दी जाएंगी। उन्होंने ट्वीट किया, आशा करता हूं कि और दिनों में भी रोजाना टीकों की 2.1 करोड़ खुराक दी जाएगी। हमारे देश को इसी गति की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि भारत ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर टीकाकरण अभियान को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए कोविड-19 टीके की 2.50 करोड़ से अधिक खुराक देकर एक रिकॉर्ड बनाया। कोविन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक दी गई कुल खुराक शुक्रवार मध्यरात्रि 12 बजे 79.33 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई। विभिन्न खबरों के अनुसार इससे पहले दैनिक खुराक का रिकॉर्ड चीन ने बनाया था, जहां जून में 2.47 करोड़ टीके लगाए गए थे।

## ओडिशा राज्य में एससी, एसटी के खिलाफ अपराध आठ प्रतिशत बढ़े

**क्राइम इन इंडिया-2020 की रिपोर्ट में दी गई जानकारी**

**एजेंसी।** भुवनेश्वर

**राष्ट्रीय** अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, ओडिशा में अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के खिलाफ अपराध में पिछले वर्ष की तुलना में 2020 में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

एनसीआरबी ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया कि अनुसूचित जातियों के खिलाफ अपराध की दर प्रति लाख आबादी पर 28.5 है, जो 25 की राष्ट्रीय दर से अधिक है, जबकि एसटी के संदर्भ में यह दर 6.5 है, जबकि देश भर में यह दर 7.9 है। मंगलवार को प्रकाशित क्राइम इन इंडिया 2020 रिपोर्ट में कहा गया कि देश में एससी के खिलाफ अपराधों में 9.4 प्रतिशत और एसटी के खिलाफ अत्याचारों में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। ओडिशा में एसटी के खिलाफ अपराधों की संख्या पिछले साल 624 थी, और मामलों के लिहाज से वह देश में चौथे स्थान पर था। पिछले साल इन मामलों में 2019 की तुलना में 8.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ओडिशा में 2020 में एससी के खिलाफ अत्याचार की 2,046 घटनाएं हुईं जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.48 प्रतिशत अधिक हैं।

राज्य में 2011 की जनगणना के अनुसार एसटी वर्ग के 95.9 लाख लोग हैं। एसटी वर्ग में राज्य में बलात्कार के 114 मामले दर्ज किए गए और इन अपराधों के लिहाज से वह देश में पांचवें स्थान पर है। ओडिशा में आदिवासी महिलाओं पर गरिमा भंग करने के इरादे से 30 हमले दर्ज किए गए। भारतीय दंड संहिता के तहत एससीएसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत हत्या के आठ और हत्या के प्रयास के पांच मामले दर्ज किए गए थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एसटी के खिलाफ अपराधों के लिए 564 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि पुलिस ने 2020 में 575 मामलों में आरोप पत्र दाखिल किया था। अनुसूचित जातियों के खिलाफ अपराधों के लिए कम से कम 1,556 लोगों को गिरफ्तार किया गया और पुलिस ने 2,088 मामलों में आरोप पत्र दायर किए।

अदालतों ने एसटी के खिलाफ अत्याचार के मामलों में आठ लोगों को बरी किया, जबकि इन मामलों में दोषसिद्धि शून्य रही। वर्ष के अंत तक कुल 5,229 मामले लंबित हैं, जिनके लंबित रहने की दर 99.8 प्रतिशत है। इसके अलावा एससी के खिलाफ अत्याचारों के मामले में दोषसिद्धि की 3.72 दर के साथ केवल पांच लोगों को दोषी ठहराया गया, जबकि 170 आरोपियों को बरी कर दिया गया था। वर्ष के अंत में लंबित मामलों की संख्या 14,323 रही। इन मामलों के लंबित रहने की दर 99.1 प्रतिशत रही।

## ओडिशा में टीके की पहली खुराक ले चुके लोग दूसरी खुराक लेने के लिए नहीं आ रहे : अधिकारी

**एजेंसी।** भुवनेश्वर।

**ओडिशा** के कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात पर चिंता जताई है कि टीके की एक खुराक ले चुके लोग दूसरी खुराक लेने के लिए नहीं आ रहे हैं। जिसकी वजह से राज्य में अभियान की गति मंद पड़ रही है।

अधिकारी ने बताया कि ओडिशा में अब तक दो करोड़ से अधिक लोगों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि दोनों खुराक लेने वाले लोगों की संख्या महज 69.8 लाख है। राज्य में कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. बिजय पाणिग्रही ने कहा, और 28 लाख लोगों को टीके की दूसरी खुराक अब तक ले लेनी चाहिए थी। राज्य के कुछ हिस्सों खासकर जनजातीय क्षेत्रों में टीके की दूसरी खुराक लगाने की गति धीमी है। उन्होंने कहा कि बार-बार ताकीद करने के बावजूद लोगों ने समय पर दूसरी खुराक नहीं ली। ओडिशा की 3.9 करोड़ की पात्र आबादी में से अब तक 51.4 फीसदी को पहली खुराक लगाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने स्वास्थ्य क्षेत्र के पेशेवरों की इस अभियान के प्रति प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार जताया था।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य में शनिवार को कोरोना वायरस के 695 नए मामले सामने आए, जिससे संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 10,19,621 पर पहुंच गई। छह संक्रमितों की मौत होने से मरने वालों की संख्या 8,128 हो गई। राज्य में फिलहाल 5,876 मरीज उपचाराधीन हैं जबकि अब तक 10,05,564 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं। राज्य में संक्रमण दर 5.13 फीसदी है। राज्य में अब तक 1.91 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की जा चुकी है।

## असम में एक नए संगठन के दो उग्रवादी ढेर


**गुवाहाटी।** असम के कोकराझार जिले में सुरक्षा बलों ने हाल में बनाए गए एक उग्रवादी संगठन के दो संदिग्ध उग्रवादियों को मार गिराया और उनके ठिकाने का भंडाफोड़ कर दिया। असम पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक जीपी सिंह ने शनिवार को ट्वीट किया कि सुरक्षाबलों ने शुक्रवार रात शुरू किए गए एक अभियान में कोकराझार के उल्टापानी इलाके में यूनाइटेड लिबरेशन ऑफ बोडोलैंड (यूएलबी) के एक शिविर का भंडाफोड़ किया।

उन्होंने ट्वीट किया, पुलिसासुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ के बाद संगठन के दो सदस्यों को मृत घोषित कर दिया गया। सिंह ने बताया कि उग्रवादियों के पास से दो पिस्तौल और ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। इस हफ्ते की शुरूआत में एक वीडियो जारी कर एक समूह ने घोषणा की थी कि उन्होंने यूनाइटेड लिबरेशन ऑफ बोडोलैंड के नाम से नया संगठन बनाया है और बोडो लोगों के लिए अलग राज्य बनाना सरकार से उनकी प्रमुख मांग होगी।

## जम्मू-कश्मीर सरकार का लक्ष्य औद्योगिक क्रांति को अगले चरण पर ले जाना है: उपराज्यपाल

**जम्मू विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन समारोह में कहा**

**एजेंसी।** जम्मू



**जम्मू-कश्मीर** के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश में सरकार का लक्ष्य निवेश करके औद्योगिक क्रांति को अगले चरण पर ले जाना है, ताकि भविष्य में अधिकतम आर्थिक लाभ हासिल किया जा सके। सिन्हा ने कहा कि ऐसा नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने से आत्मनिर्भर भारत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार करने में मदद मिलेगी, जहां निर्माता, सेवा प्रदाता और उपभोक्ता समान सोच के साथ काम करें।

उपराज्यपाल सिन्हा ने जम्मू विश्वविद्यालय के साल भर चलने वाले स्वर्ण जयंती समारोह के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर शिक्षा और खेल में युवाओं की प्रतिभा को पोषित करने के लिए देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक धन खर्च कर रहा है। उपराज्यपाल ने कहा, आप में से कई लोगों को पता होगा कि इस साल जम्मू-कश्मीर युवा सेवा और खेल का बजट 513 करोड़ रुपये है, जो कई बड़े राज्यों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक है। इस अवसर पर उन्होंने रामनगर, रियासी और कठुआ में 43.91 करोड़ रुपये की 11 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा कि नवोन्मेष की शक्ति और बेहतर मानव पूंजी का संगम बेहतर कल का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा, हम तकनीक का इस्तेमाल करके सरकारी प्रक्रियाओं में सुधार कर रहे है और नवाचार, अविष्कार और प्रशिक्षण के आधुनिक केंद्रों के माध्यम से युवाओं को आवश्यकतानुसार दक्ष बना रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि भारत को नवोन्मेष का केंद्र बनाने और प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान ने हर क्षेत्र पर व्यापक प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा, 2020 वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में भारत का शीर्ष 50 देशों-क्लब में शामिल होना उनकी दूरदृष्टि का परिणाम है।

उपराज्यपाल ने कहा कि जल्द ही ऐसे सॉफ्टवेयर वाली कार आएगी, जो सेल फोन से जुड़ी होगी और जिसमें लोग आगे की सीट पर चालक के बिना कार की पिछली सीट पर बैठकर यात्रा कर सकेंगे। शून्य दुर्घटना का वादा करने वाली यह कार हमारे चालकों एवं गाड़ी चलाना सिखाने वाले स्कूलों की जगह ले लेगी। उन्होंने कहा, इसी प्रकार, वे दिन दूर नहीं, जब कोई विद्युत केबल या सौर पैनल नहीं होगा।

## सोनू सूद, सहयोगियों ने की 20 करोड़ रुपये की कर चोरी,एफसीआरए का उल्लंघन : आयकर विभाग

### बेहिसाब आय को कई फर्जी संस्थाओं से फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में दर्शाया

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि अभिनेता सोनू सूद और उनके सहयोगियों ने 20 करोड़ रुपये कर की चोरी की है। बोर्ड ने यह भी आरोप लगाया कि जब आयकर विभाग ने उनके और उनसे जुड़े लखनऊ स्थित एक अवसंरचना समूह के परिसरों पर छापा मारा, तो यह पाया गया कि उन्होंने अपनी बेहिसाब आय को कई फर्जी संस्थाओं से फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में दर्शाया।

उसने सूद पर विदेशों से चंदा जुटाने के दौरान विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया। अभिनेता ने पिछले साल कोविड-19 महामारी के मद्देनजर देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान प्रवासियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचने में मदद कर सुर्खियां बटोरी थीं। आयकर विभाग ने 48 वर्षीय अभिनेता और लखनऊ स्थित कारोबारी समूह के परिसरों पर 15 सितंबर को छापे मारे थे और सीबीडीटी ने बताया कि छापेमारी अभी जारी है। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, अभिनेता और उनके सहयोगियों के परिसरों की छापेमारी के दौरान कर चोरी से संबंधित साक्ष्य मिले हैं।

उसने कहा, अभिनेता द्वारा अपनाई जाने वाली मुख्य कार्य प्रणाली यह थी कि वह अपनी बेहिसाब आय को कई फर्जी संस्थाओं से फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में तब्दील करते थे। बयान में बताया गया कि अब तक इस प्रकार की 20 प्रविष्टियों के उपयोग की जानकारी मिली है और जांच के दौरान इनके प्रदाताओं ने फर्जी प्रविष्टियां (खातों में लेनदेन प्रविष्टियां) मुहैया कराने की बात स्वीकार की है।

कर विभाग के लिए नीति बनाने वाले निकाय ने कहा, उन्होंने (प्रविष्टयां मुहैया कराने वालों ने) नकद के बदले चेक जारी करने की बात स्वीकार की है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जब कर चोरी के उद्देश्य से बही खातों में ऋण के रूप में रसीदों को छिपाया गया है।

उसने कहा कि इन फर्जी ऋणों का इस्तेमाल निवेश करने और संपत्तियां खरीदने के लिए किया गया। बयान में बताया गया , अभी तक 20 करोड़ रुपये से अधिक राशि की कर चोरी का पता चला है। आधिकारिक सूत्रों ने भी सूद के बारे में यह जानकारी दी।

बयान में सूद के उस परमार्थ संगठन की भी बात की गई है, जो पिछले साल कोविड-19 के प्रकोप के दौरान बनाया गया था। इसमें बताया गया, अभिनेता द्वारा 21 जुलाई, 2020 को स्थापित परमार्थ संगठन ने एक अप्रैल, 2021 से अब तक 18.94 करोड़ रुपये का दान एकत्र किया है, जिसमें से विभिन्न राहत कार्यों के लिए लगभग 1.9 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और शेष 17 करोड़ रुपये संगठन के बैंक खाते में पड़े है, जिनका इस्तेमाल नहीं किया गया है।

बयान में आरोप लगाया गया है कि यह पाया गया कि एफसीआरए नियमों का उल्लंघन करते हुए परमार्थ संगठन ने एक क्राउड फंडिंग (किसी कार्य के लिए बड़ी संख्या में लोगों से धन जुटाना) मंच के जरिए विदेशी दानदाताओं से 2.1 करोड़ रुपये की धनराशि भी जुटाई। बयान में कहा गया है कि अभिनेता ने लखनऊस्थित अवसंरचना समूह के साथ एक संयुक्त उपक्रम शुरू किया और इसमें काफी धन निवेश किया। बोर्ड ने कहा कि कर विभाग ने कर चोरी और बही खाते में अनियमितताओं से संबंधित सबूतों का पता लगाया है।

सीबीडीटी ने कहा, छापेमारी से पता चला कि उक्त समूह ने उप-अनुबंध व्यय की फर्जी बिलिंग और धन की हेराफेरी की। अभी तक इस प्रकार के फर्जी ठेकों के जो सबूत मिले हैं, उनमें 65 करोड़ रुपये से अधिक के धन की हेरफेर की बात सामने आई है। बेहिसाब नकद खर्च, कबाड़ की बेहिसाब बिक्री और डिजिटल डेटा से बेहिसाब नकद लेनदेन के साक्ष्य भी मिले हैं। लखनऊस्थित समूह ने जयपुर स्थित एक कंपनी के साथ 175 करोड़ रुपये का संदिग्ध फर्जी लेनदेन किया। सीबीडीटी ने बताया कि छापेमारी के दौरान 1.8 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए हैं और 11 लॉकरों को निषेधात्मक आदेश के तहत रखा गया है।

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी: दो स्टार्टअप की योजनाओं को प्रायोगिक सुविधाएं देगा इसरो

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**अंतरिक्ष** विभाग (डीओएस) ने अंतरिक्ष प्रक्षेपण यानों की उप-प्रणालियों/प्रणालियों के विकास और परीक्षण की दिशा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सुविधाओं और विशेषज्ञता तक पहुंच के लिए एयरोस्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसके अलावा विभाग ने अंतरिक्ष प्रक्षेपण यानों की उप-प्रणालियों/प्रणालियों के विकास और परीक्षण की दिशा में इसरो सुविधाओं और विशेषज्ञता तक पहुंच मुहैया कराने के लिए हैदराबाद स्थित स्काईरूट एरोस्पेस के साथ भी पिछले सप्ताह इसी प्रकार के समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। यह समझौता पत्र अग्निकुल कॉसमॉस कंपनी को अपने एकल थ्री-डी प्रिंटेड सेमी क्रायो इंजन और अन्य प्रणालियों के परीक्षण और सफलता के लिए विभिन्न इसरो केंद्रों पर कई परीक्षण करने और पहुंच सुविधाएं हासिल करने में सक्षम बनाएगा। यह चेन्नई में आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान)-मद्रास के राष्ट्रीय ज्वलन अनुसंधान एवं विकास केंद्र में स्थित अग्निकुल को अपनी अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान प्रणालियों और उप प्रणालियों के परीक्षण और सफलता के लिए इसरो की तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाने में भी सक्षम बनाएगा।

# बिल्डर नहीं माने तो खाली फ्लैट, क्लब हाउस और सेल्स ऑफिस होंगे सील

**ऋतु माहेश्वरी ने अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन को सोसाइटी हस्तांतरण नहीं करने और आईएफएमएस का पैसा नहीं देने पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने बड़ा फैसला लिया है। ऋ तु माहेश्वरी ने अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन को सोसाइटी हस्तांतरण नहीं करने और आईएफएमएस का पैसा नहीं देने पर बिल्डरों के खिलाफ सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। इन दोनों ही मामलों में बिल्डरों को 30 सितंबर तक का समय दिया गया है।

ऐसा नहीं करने पर उनकी सोसाइटियों में बिना बिके फ्लैटों को सील कर दिया जाएगा। इसके अलावा जिन सोसाइटी में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट सक्रिय नहीं मिले तो उनके सेल ऑफिस और क्लब हाउस सील किए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं से जुडे बिल्डरों महागुन ग्रुप, प्रतीक, आरजी रेजीडेंसी एटीएस सुपरटेक सनशाइन इन्फ्रवेल प्राइवेट लिमिटेड और परफेक्ट प्रोपबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड से जुडे मुद्दों पर बैठक की। इस हाउसिंग प्रोजेक्ट में बिल्डर और खरीदारों के बीच विवाद चल रहे हैं।

ऋ तु महेश्वरी ने एओए की समस्याओं के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में सीईओ ने कहा कि यदि सोसाइटी में प्रमोटर्स ने एओए गठित होने के बावजूद साझा क्षेत्रों और सुविधाओं का हस्तांतरण नहीं किया तो कार्रवाई होगी।

सीईओ ने अफसरों को आदेश दिया कि बिल्डर से बातचीत करके 30 सितंबर से पहले हस्तांतरण सुनिश्चित करें। महागुन एटीएस सुपरटेक और सनशाइन बिल्डर की परियोजनाओं में एओए को साझा क्षेत्रों का हस्तांतरण कर दिया गया है लेकिन आईएफएमएस फंड नहीं दिया गया है। इन सारे मामलों में 30 सितंबर तक फ ंड का भुगतान एओए को करवाया जाए।


सीईओ ऋतु माहेश्वरी

यदि बिल्डर तय समय में आदेशों का पालन नहीं करता है तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए। सीईओ ने आदेश दिया कि बिल्डरों के बिना बिके फ्लैटों और अन्य संपत्ति को सील कर दिया जाए।

सीईओ ने कहा कि जिन परियोजनाओं में एसटीपी सुचारू रूप से क्रियाशील नहीं हैं, उनमें बिल्डर के सेल्स ऑफिस और क्लब हाउस को सील कर दिया जाए।

# 21 सितंबर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का घेराव करेंगे किसान, बनाई रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

अपनी मांगों को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दायरे वाले गांवों के किसान 21 सितंबर को अथॉरिटी का घेराव करेंगे। इस संबंध में आज किसानों ने डाढा डाबरा बिरोण्डा और बिरौंडी गांव में पंचायत की।

पंचायत में किसानों ने घेराव को लेकर रणनीति बनाई। इस मौके पर इन गांवों के सैकड़ों किसान मौजूद रहे। पंचायत को सम्बोधित करते हुए ओमवीर भाटी नेताजी ने कहा कि शासन व प्राधिकरण किसानों के 10 प्रतिशत विकसित भूखंड, एसआईटी जांच को सरकार से मंजूरी और स्थानीय लोगों को रोजगार जैसे मुख्य मुद्दों के समाधान की बजाए उलझाने का कार्य कर रहा है। क्षेत्र के किसानों को हर बार आश्वासन देकर गुमराह किया जाता है। इन मसलों का समाधान नहीं हो रहा है। जिससे क्षेत्र के किसान आक्रोशित हैं। एसआईटी जांच, 10 प्रतिशत विकसित भूखंड और शिफ्टिंग पॉलिसी शासन स्तर पर लम्बित है। लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व प्रदेश सरकार किसानों के मुद्दों पर चुप्पी साधे बैठी है।

पवन शर्मा ने कहा कि किसानों की आबादी और 10 प्रतिशत प्लॉट का हक देने की बजाए प्राधिकरण किसानों की आबादी तोडने व नोटिस भेजने का काम कर रहा है। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अन्तर्गत आने वाले गांवों के विकास की स्थिति यह है कि गांव स्लम बनते जा रहे हैं।

पंचायत को सम्बोधित करते हुए किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता मनवीर भाटी ने कहाए किसान हर हाल में अपनी आबादी 10 प्रतिशत विकसित भूखण्ड और रोजगार का हक लेकर रहेंगे।

मनवीर भाटी ने किसानों से 21 सितम्बर को अधिक से अधिक संख्या में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के घेराव के लिए पहुंचने का आह्वान किया।

# दुकानदार से मारपीट, थाना प्रभारी निलंबित

**वीडियो वायल होने के बाद हुई कार्रवाई**

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

कौशांबी मेट्रो स्टेशन पर चाय कॉफी शॉप के मालिक व उसके नौकर के साथ मारपीट करने वाले कौशांबी थाने के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह को एसएसपी पवन कुमार ने सस्पेंड कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने यह कार्रवाई कॉफी बनाने वाले शख्स व उसके नौकर के साथ मारपीट का वायरल वीडियो वायरल होने के बाद की है।

पुलिस की निरंकुशता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें कौशाम्बी थाना प्रभारी महेंद्र सिंह कुछ


थाना प्रभारी

पुलिसकर्मियों के साथ कॉफी की दुकान में घुसते हैं और वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट करते हुए बाहर ले जाते हैं।

इसके बाद पुलिस की काफी किरकिरी हुई और मामला संज्ञान में आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक में यह कार्रवाई की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार ने शनिवार की सुबह बताया कि महेंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कौशांबी के विरुद्ध आरोप है कि 16 सितम्बर को कौशांबी मेट्रो पर चाय ,कॉफी बनाने वाले व उसके नौकर के साथ बेवजह मारपीट एवं गाली गलौज कर उनसे रिश्वत की मांग की।

उन्होंने कहा कि मारपीट करने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होना इस प्रकार कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता का उदाहरण है। लिंक रोड थाने में तैनात मुख्य आरक्षी महिपाल सिंह को भी निलंबित किया गया है। महिपाल पर आईपीसी के तहत दर्ज मामले में बिना थाना प्रभारी व उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं अवैधानिक रूप से मदद करने का आरोप है।

# एक्सप्रेसवे के मरम्मत की डेडलाइन पांचवी बार बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर मरम्मत कार्य की डेडलाइन फि र बढ़ा दी गई है। अब इसे 30 नवंबर तक पूरा कराए जाने का आदेश दिया गया है। इससे पहले सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने अक्टूबर तक इस एक्सप्रेसवे की मरम्मत का काम पूरा कर यातायात को सामान्य ढंग से बहाल करने का आदेश दिया था।

मगर अब नई तिथि तय की गई है। जबकि एक्सप्रेसवे पर रोजाना हजारों वाहन सुबह.शाम भारी ट्रैफिक्र का दबाव झेल रहे हैं। बताते चलें कि नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर 20 किलोमीटर सड़क की मरम्मत का काम चल रहा है।

अब तक 5 बार इसकी



डेडलाइन बदली गई है। पहले अगस्त में इस परियोजना का काम अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन पिछले 1 महीने से बारिश की वजह से काम में बाधा आई है। इसलिए अब अक्टूबर से हटाकर नवंबर की तिथि कर दी गई है। बताते चलें कि सबसे पहले इस मरम्मत कार्य को 2 जून तक पूरा करने के लक्ष्य के साथ काम शुरू हुआ था।

# मदरसन कंपनी की तेज रफ्तार बस पलटी, एक महिला कर्मचारी की मौत

**नोएडा।** कोतवाली सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गोलचक्कर पर शनिवार सुबह मदरसन कंपनी की महिला कर्मचारियों को कंपनी लेकर जा रही तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गयी। हादसे में बस में सवार 4 महिलाएं घायल हो गई जबकि एक 20 वर्षीय युवती की मौत हो गयी।

बस महिला कर्मचारियों को हापुड के धौलाना से नोएडा लेकर आ रही थी। ग्रेटर नोएडा की कोतवाली सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गोलचक्कर पर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में सवार महिलाओं ने बताया कि चालक तेज रफ्‌तार में बस चला रहा था। तिलपता गोलचक्कर के पास उसे नींद की झपकी आ गई जिसके चलते तेज रफ्तार बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई।

# हाईवे जाम कर हंगामा करने वाले 18 नामजद

**नोएडा।** कोतवाली बादलपुर क्षेत्र के सादोपुर गांव में रहने वाली छात्रा स्वाति बुधवार को अपने घर से प्रेमी अनिमेष तिवारी के साथ जनपद गोंडा स्थित उसके घर चली गई थी।

परिजनों ने पुलिस को उसके अपहरण की झूठी सूचना देकर जाम लगा दिया था। जांच के दौरान पुलिस ने लड़की को उसके प्रेमी के साथ गोंडा से बरामद किया था। पुलिस गोंडा से बरामद छात्रा को लेकर चली थी और शनिवार सुबह ग्रेटर नोएडा पहुंच कर उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 18 नामजद सहित करीब 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# अशोक सिंघल की जयंती पर दिव्यांगों को निशुल्क उपकरण

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की जयंती के अवसर पर 27 सितंबर 2021 को अयोध्या के कारसेवकपुरम दिव्यांगजनों के लिए आयोजित निशुल्क सहायता शिविर में अंग एवं उपकरण का वितरण किया जाएगा।

यह आयोजन अशोक सिंघल फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद, एम2के फाउंडेशन और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के संयुक्त संयोजन होगा। शिविर में दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायता उपकरण जैसे-ट्राईसाइकिल, बैसाखी एवं श्रवण यंत्र के साथ ही दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग जैसे बनावटी हाथ, बनावटी पैर व कैलीपर्स आदि नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके लिए लाभार्थी को अपना अग्रिम पंजीकरण अयोध्या के विकास भवन के कक्ष संख्या 08 में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, अयोध्या में शिविर आयोजन की तिथि से पूर्व सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

# सीएम योगी ग्रेनो को दे सकते है बड़ी सौगात

**राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सद्भावना भवन का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

22 सितंबर को ग्रेटर नोएडा आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शहर और गांवों के लोगों को कई बड़ी उम्मीदें हैं। उनका मानना है कि सीएम इस इलाके के निवासियों को कई बड़ी सौगातें देकर जाएंगे। दादरी से भारतीय जनता पार्टी के गुर्जर विधायक तेजपाल नागर सीएम के दौरे को लेकर सक्रिय हैं। ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कई अहम बातें बतायीं। दरअसल 22 सितंबर को



सीएम योगी ग्रेटर नोएडा के दादरी के मिहिर भोज कॉलेज में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण करने आएंगे। इस मौके पर योगी आदित्यनाथ जिले के लोगों को कई चीजों की सौगात देंगे। वह दादरी इलाके में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सद्भावना भवन और तीन प्रयोगशाला का शिलान्यास करेंगे। साथ ही स्टेट यूनिवर्सिटी बनाने की घोषणा कर सकते हैं।

# विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत, पति पर दहेज हत्या का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

कवि नगर थाना क्षेत्र के बमहैटा में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जब उसके मायके वालों को इसकी जानकारी हुई तो गांव आ पहुंचे और पति और ससुराल पक्ष पर दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशु जैन ने बताया कि बमहैटा निवासी रिंकू यादव की शादी बुलंदशहर के आकाश यादव की बहन के साथ पिछले साल नवम्बर में हुई थी। आकाश यादव की बहन सोनू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । उन्होंने कहा पुलिस मामले की जांच कर रही है। आकाश यादव ने बताया कि शादी के दौरान उन्होंने अपनी बहन को हैसियत से कहीं दान दहेज दिया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग इससे खुश नहीं थे।

दहेज में नगदी व स्कॉर्पियो कार की मांग कर रहे थे। जब उन्होंने उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो वे लोग सोनू का उत्पीड़न करने लगे और उसके साथ


विवाहिता की फाइल फोटो

आए दिन मारपीट होने लगी ।जिसके चलते सोनू केवल एक बार 15 दिन और दूसरी बार 15 दिन ससुराल में रह पाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने जहर देकर सोनू की हत्या कर दी। पुलिस ने मृतका सोनू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया।

# ट्विन टॉवर्स मामला: एसआईटी की जांच पूरी

**प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण के लिए कंपनियों से मांगा सुझाव**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

सुपरटेक एमेरॉल्ड कोर्ट ट्विन टॉवर्स मामले में एसआईटी ने नोएडा प्राधिकरण से सभी संबंधित साक्ष्य मांग लिए हैं।

एसआईटी ने प्राधिकरण से कोई रिकॉर्ड नहीं मांगा। माना जा रहा है कि किसी भी दिन एसआईटी रिपोर्ट फाइनल कर शासन को सौंप सकती



है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईटी से 1 हफ्ते में रिपोर्ट सबमिट करने का आदेश दिया था। लेकिन टीम के गठन को 2 सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। ऐसे में जांच रिपोर्ट जल्दी पेश करने का दबाव टीम पर भी है। सुपरटेक एमेरॉल्ड कोर्ट ट्विन्स टॉवर मामले में एसआईटी ने नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर 4 दिन तक जांच की थी। टीम ने मौके पर जाकर ट्विन टॉवर्स और आसपास की सोसाइटी का जायजा लिया था।

पिछले हफ्ते ही एसआईटी वापस लौटी थी। तब अपने साथ ज्यादा रिकॉर्ड लेकर गई थी। लखनऊ जाने के बाद भी कुछ एक और रिकॉर्ड मंगाए जाते रहे। नियोजन और कार्मिक विभाग के अफ सर और कर्मचारी एसआईटी को जरूरी जानकारी देते रहे।

# रैपिड रेल प्रोजेक्ट: विद्युत आपूर्ति के कार्यों में आई तेजी

**आरआरटीएस वायडक्ट पर इलेक्ट्रिकल ओएचई के इन्स्टालेशन शुरू**

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।**

रैपिड रेल प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य लगातार गति पकड़ रहा है। इसी कड़ी में आरआरटीएस कॉरिडॉर के 17 किमी लंबे प्रायोरटी सेक्शन में सिविल निर्माण के साथ आरआरटीएस वायडक्ट पर इलैक्ट्रिकल ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) के इन्स्टालेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स



ने बताया कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरीडोर देश का प्रथम रैपिड रेल कॉरीडोर है जो एनसीआर में परिवहन के ग्रीन मोड के रूप में काम करेगा।

इलेक्ट्रिक ट्रैकशन से चलने वाली रेल आधारित परिवहन प्रणाली होने के कारण इसमें सड़क पर चलने वाले वाहनों में इस्तेमाल होने वाले जीवाश्म ईंधन की तुलना में 1/5 वीं ईंधन की खपत होगी। उन्होंने बताया कि ओएचईवो विद्युत उपकरण होते हैं जिसके द्वारा ट्रेन मे विद्युत की आपूर्ति होती है और जिससे ट्रेन चलती है। एनसीआरटीसी देश में पहली बार 180 कीमपीएचके डिजाइन स्पीड वाले उच्च गति व आवृति वाले आरआरटीएस का निर्माण कर रहा है। जिसके लिए उपयुक्त इलेक्ट्रिकल ओवेरहेड ईक्विपमेंट, मास्ट व अन्य उपकरण विशेष प्रकार से डिजाइन किए गए है और बनाए जा रहे जो एलिवेटेड सेक्शन के लिए मौजूदा 25 केवी ट्रेक्शन सिस्टम का एक उन्नत संस्करण होगा।

वत्स ने बताया कि ओएचई इन्स्टालेशन प्रक्रिया ऊंचाई पर की जाती है और काम करते समय कई तरह की सावधानियां बरती जाती है। एनसीआरटीसी इन सभी कार्यों को करने के पहले उचित सुरक्षा ऑडिट कराता है और एक्स्पर्ट्स के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य पूरे किये जाते है। ओएचई इस्टालेशन के बाद ट्रेन चलाने के लिए आगे की प्रक्रिया और आवश्यक टेस्टिंग की जाएगी।

# वैश्विक अध्ययन केंद्र का उद्घाटन




**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय में शनिवार, 18 सितंबर 2021 को वैश्विक अध्ययन केंद्र का उद्घाटन कुलपति प्रो. पीसी जोशी ने किया।

पूर्व में यह केंद्र विकासशील राज्य शोध केंद्र के रूप में जाना जाता था। इस अवसर पर निदेशक दक्षिणी परिसर सुमन कुंडु, महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो बलराम पाणी तथा कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्र के निदेशक प्रो सुनील के चौधरी ने समकालीन वैश्विक समय में केंद्र को विकासशील से विकसित बनाने की आवश्यकता को इंगित किया। कुलपति ने वैश्विक अध्ययन केंद्र को चुनाव अध्ययन एवं भारतीय राजनीति के विषयों से आगे बढ़ते हुए वैश्विक विषयों पर शोध को बढ़ावा दिए जाने का सुझाव दिया।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

आज आपको अहमियत पता चल सकता है। रोजमर्रा के काम समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। जिम्मेदारियां निभाने वाला दिन है। एक के बाद एक कोई न कोई काम चलता रहेगा। नया संबंध बन सकता है, नई ऊर्जा महसूस होगी। धन लाभ के योग बन रहे हैं। हर मामले को अपने स्तर से निपटाने की कोशिश करें तो अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को कोई बड़ा पद मिलने की संभावना है।

**भाग्यांक: 6**
**विशेष:** भगवान सूर्य देव की आराधना करें।

### वृष
**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

आज अत्यधिक आशावादी न बनें और अत्यधिक सतर्क रहने का प्रयास करें। तीव्र प्रगति के बावजूद धीरे आगे बढ़ने और व्यवस्थित रूप से काम करने की आवश्यकता है। अनुशासित रहना चाहिए। विरोधाभासी कार्य करते हैं, तो आप आपदा का सामना करने के लिए तैयार रहें। आर्थिक मामलों में संयम बरतना चाहिए। धन की रुकावट के परिणामस्वरूप परिवार में असंतोष हो सकता है। आज का दिन अच्छा रहेगा।

**भाग्यांक: 5**
**विशेष:** शहद का प्रयोग करें।

### मिथुन
**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**

सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हर कार्य में सफलता मिलने वाली है, समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारी काम की तारीफ करेंगे। भाई-बहनों का सहयोग मिलता रहेगा। परिवार की सलाह पर चलना फायदेमंद होगा। दिल-दिमाग पर भरोसा रखें। परिवार के सदस्य का स्वास्थ्य खराब रहेगा, जिसके संबंध में अत्यधिक खर्चा होगा। दिन सामान्य रहेगा।

**भाग्यांक: 3**
**विशेष:** मंदिर में तांबे की ज्योत का दान करें।

### कर्क
**(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

आज अपने जोखिम लेने की क्षमताओं पर अंकुश लगाना बेहतर होगा, किंतु आपने जो भी जोखिम उठाए हैं, उन्हें उपयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। निवेश समझदारी से करें अन्यथा स्थिति अस्थिर हो सकती है। भाई-बहनों के साथ आपकी लडाई हो सकती है। परिवार के छोटे सदस्य की शादी का खर्च उठाना पड़ सकता है। काम की वजह से लगातार यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है।

**भाग्यांक: 6**
**विशेष:** मंदिर में मिठाई दान करें।

### सिंह
**(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**

किसी व्यक्ति के साथ संबंधों में सुधार होने के योग हैं। आत्मविश्वास से काम करें। किसी काम की जिद भी न करें। आदत सुधारने की कोशिश करें। आज का आपका दिन सामान्य रहेगा। छिटपुट तौर पर बिगड़े हुए रिश्ते और कामकाज में सुधार हो सकता है। लोगों के प्रति व्यवहार दोस्ताना रहेगा। निवेश से भी फायदा हो सकता है। नौकरी में पदोन्नति और कारोबार में बड़े फायदे के योग हैं।

**भाग्यांक: 5**
**विशेष:** साबुत लाल मिर्च का दान करें।

### कन्या
**(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)**

आज बड़ी परेशानी खत्म हो सकती है। जीवनसाथी को तरक्की मिल सकती है। सहकर्मियों से व्यवहार अच्छा रखें नहीं तो बेवजह झगड़े हो सकते हैं। प्रेम में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। रुके हुए काम भी पूरे हो सकते हैं। पैसों के मामले में सुधार के योग हैं। परफॉर्मेंस भी अच्छा हो सकता है। कुछ समय मनोरंजन के कार्यक्रम में बीत सकता है। अविवाहित नवयुवकों का रिश्ता तय हो सकता हैं।

**भाग्यांक: 3**
**विशेष:** सूर्योदय के समय धूप स्नान करें।

### तुला
**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

नए कामों में दिलो-दिमाग से लग जाएं और खाली बैठने से बचें। नई शुरुआत के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है, किंतु आने वाले समय में आर्थिक लाभ होगा। प्रेम-संबंधो की बात हो तो परिजनों की सलाह अवश्य ले। प्रेम विषयों की स्थिति गंभीर हो सकती है। प्रेम विषयों में भावुक होकर निर्णय लेना उचित नहीं होगा। नए रिश्ते बनाने से भी बचें। आरोग्य शक्ति बढी होने के कारण रोग शीघ्र प्रभावित नहीं कर पाएंगे।

**भाग्यांक: 5**
**विशेष:** खाने में गंगा जल का प्रयोग करें।

### वृश्चिक
**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

आज स्थिति अच्छी हो सकती है। कम से कम समय में बहुत से काम निपटाने की कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं। अच्छी खबर भी मिल सकती है। रोमांटिक संबंधों में नई गति आ सकती है। बिजनेस में फायदा और नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से मदद मिल सकती है। प्रॉपर्टी और लेन-देन के मामलों में किस्मत का साथ भी मिल सकता है।

**भाग्यांक: 7**
**विशेष:** लाल रुमाल जेब में रखें।

### धनु
**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

किसी लोन के लिए आवेदन करने के लिए दिन अनुकूल है। विपरीत परिस्थितियों में भी सांसारिक सुख प्राप्ति की सामग्री पर व्यय करेंगे। जीवनसाथी का बर्ताव अच्छा रहेगा। धार्मिक तथा मांगलिक कार्यों में जाने का प्रसंग उपस्थित होगा। पुरानी बातें भूलने की कोशिश करेंगे इससे आपका मूड ठीक हो सकता है, जो होगा और जो हो रहा है वो अच्छे के लिए ही है। आपको खुद पर भरोसा करना होगा। आज का दिन सामान्य रहेगा।

**भाग्यांक: 4**
**विशेष:** सूरजमुखी के पौधे में पानी दे।

### मकर
**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**

आत्मविश्वास की वृद्धि होगी और आप साहसी बनेंगे। वरिष्ठों का ध्यान आकर्षित करेंगे और योग्यता साबित करने के लिए अनुकूल अवसर मिलेंगे। सामाजिक रूप से लोकप्रियता हासिल करेंगे और कई नए दोस्ताना रिश्ते बनाएंगे, जिनमें से कुछ आपको बहुत पसंद करेंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। भाई-बहनों के लिए समय शुभ नहीं है। आज आपके किसी रुके हुए काम के पूरे होने की संभावना है।

**भाग्यांक: 4**
**विशेष:** तांबे के बर्तन का दान करें।

### कुंभ
**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)**

आज कामकाज की वजह से सम्मान मिलने के योग हैं। पार्टनर से सहयोग मिल सकता है। सितारों की स्थिति अच्छी होने से दिन शुभ रहेगा। खर्च-निवेश का फैसला भी खुद ही करें। रोजमर्रा के काम भी समय पर पूरे होने के योग हैं। घर-परिवार और ऑफिस में फायदा हो सकता है। सहयोग भी मिल सकता है। जमीन से संबंधित बिजनेस करने वालों को फायदा होने के योग बन रहे हैं। वाहन चलाते समय सावधानी बरते। आज का दिन अच्छा रहेगा।

**भाग्यांक: 2**
**विशेष:** गुड़ का दान करें।

### मीन
**(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

आज का दिन व्यस्तता से भरा होगा। बार-बार उभरती हुई रुकावटों को समझने में गलती भी न करें। कामवृत्ति और चोरी जैसे विचारों पर संयम रखिएगा क्योंकि असंयमी होने से कार्य बिगड़ सकते हैं आज आपको गले संबंधित रोग हो सकते हैं। समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए धैर्य रखने की आवश्यकता है पैसों की स्थिति में जल्दी सुधार होने के योग हैं, कुछ नए मौके भी मिल सकते हैं, बदलाव के लिए तैयार रहें।

**भाग्यांक: 9**
**विशेष:** गायत्री मंत्र का जाप करें।

# टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखकर आईपीएल में उतरेंगे खिलाड़ी

एजेंसी। दुबई

**चेन्नई** सुपर किंग्स और मुंबई इंडियन्स के बीच रविवार को होने वाले धमाकेदार मैच से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे चरण का आगाज होगा, जिसमें खिलाड़ियों को टी-20 विश्वकप से पहले यूएई की परिस्थितियों को समझने का भी मौका मिलेगा। भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण आईपीएल को मई में बीच में ही स्थगित करना पड़ा था। उस समय तक टूर्नामेंट के 29 मैच ही हो पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब ऐसी किसी स्थिति से बचने के लिए प्रार्थना कर रहा होगा।

बीसीसीआई को आईपीएल के दूसरे चरण के आयोजन के लिए कार्यक्रम तय करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। ऐसे में इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम में कोविड-19 के मामले पाए जाने से बीसीसीआई की भी सांसे फूलने लगी थी, लेकिन यह बड़ा मुद्दा नहीं बना तथा भारत और इंग्लैंड के जिन खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलना है वे सुरक्षित यहां पहुंच गए। पिछले वर्ष पूरा आईपीएल यूएई में खेला गया था और तब किसी तरह की परेशानी नहीं हुई थी। बीसीसीआई को इस बार भी यहां टूर्नामेंट के सफल आयोजन की उम्मीद है। आईपीएल के 2019 के बाद पहली बार सीमित संख्या में दर्शक भी उपस्थित रहेंगे, जिससे टूर्नामेंट का रोमांच बढ़ गया है। टी-20 विश्वकप के लिए टीमें घोषित की जा चुकी हैं, लेकिन आईपीएल के प्रदर्शन को तब भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर अंतिम क्षणों में भी कोई अन्य खिलाड़ी उसकी जगह ले सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वैसे भी 10 अक्टूबर तक बदलाव की अनुमति दे रखी है। विश्वकप के बाद टी-20 की कप्तानी छोड़ने की घोषणा करने वाले भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी ट्रॉफी उठाने का अपना सपना पूरा करने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को आईपीएल का पहला खिताब दिलाना चाहेंगे। पिछले साल का उप विजेता दिल्ली कैपिटल्स भी अपने पहले खिताब की तलाश में है। वह अभी अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसके अलावा चेन्नई, बेंगलोर और पांच बार का चैंपियन मुंबई इंडियन्स शीर्ष चार में शामिल हैं।

यूएई में आईपीएल के 31 मैच खेले जाएंगे और इसका मतलब होगा कि टूर्नामेंट के दौरान पिच अच्छी रहेगी। भारत की तुलना में परिस्थितियां भिन्न होंगी और पिचें कुछ धीमी होंगी ऐसे में सभी टीमें नए सिरे से ही शुरुआत करेंगी। चेन्नई और मुंबई की चिर प्रतिद्वंद्विता के साथ रविवार को आईपीएल बहाल होगा। मुंबई ने अब तक सात मैचों में चार में जीत दर्ज की है और किसी भी तरह की ढीली शुरुआत उसे भारी पड़ सकती है।



### पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चेन्नई लय में है

पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चेन्नई ने लय हासिल कर ली है। उसके सात मैच में पांच जीत से 10 अंक हैं। उसके युवा खिलाड़ियों ऋतुराज गायकवाड़ और सैम करेन ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके स्पिनरों इमरान ताहिर, मोईन अली और रविंद्र जडेजा ने भी प्रभाव छोड़ा। मोईन और जडेजा ने बल्लेबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। कई दिग्गज खिलाड़ियों से सजी यह टीम अब कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और सुरेश रैना के भी लय में लौटने की उम्मीद कर रही होगी। जहां तक मुंबई का सवाल है तो उसके मध्यक्रम को अच्छा प्रदर्शन की जरूरत है और उसके गेंदबाजों को भी पावरप्ले में बेहतर खेल दिखाना होगा। कप्तान रोहित शर्मा शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि सूर्यकुमार यादव, इशान किशन और लेग स्पिनर राहुल चाहर विश्वकप टीम में जगह बनाने से आत्मविश्वास से ओतप्रोत होंगे। हार्दिक पंड्या के भी नियमित रूप से गेंदबाजी करने की उम्मीद है जिससे आईसीसी टूर्नामेंट के लिए भारत के पास अधिक विकल्प हो जाएंगे। पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें कुछ खिलाड़ियों के हटने से प्रभावित हुई हैं। उसके अन्य खिलाड़ियों को इसकी भरपाई करनी होगी।

# मुख्य कोच के लिए कुंबले, लक्ष्मण से संपर्क कर सकता है बीसीसीआई

## कुंबले और लक्ष्मण को 100 से अधिक टेस्ट खेलने के अलावा कोचिंग का भी अनुभव

एजेंसी। नई दिल्ली

**कप्तान** विराट कोहली के साथ मतभेदों के कारण चार साल पहले अपना पद छोड़ने वाले अनिल कुंबले और अपनी कलात्मक बल्लेबाजी के लिए मशहूर वीवीएस लक्ष्मण भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में शामिल हो सकते हैं। वर्तमान कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल टी-20 विश्वकप के बाद समाप्त हो जाएगा और ऐसे में सौरव गांगुली की अगुवाई वाला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) कुंबले और लक्ष्मण से मुख्य कोच पद के लिए आवेदन करने को कह सकता है।

अनिल कुंबले 2016-17 में भारतीय टीम के कोच थे। सचिन तेंदुलकर, लक्ष्मण और गांगुली की अगुवाई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति ने उन्हें शास्त्री के स्थान पर कोच नियुक्त किया था, लेकिन चैंपियन्स ट्रॉफी फाइनल में पाकिस्तान से हार के बाद उनके कोहली के साथ मतभेद खुलकर सामने आ गए थे। इसके बाद कुंबले ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। बीसीसीआई कुंबले के अलावा लक्ष्मण से भी संपर्क कर सकता है, जो पिछले कुछ वर्षों से इंडियन प्रीमियर लीग की टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद कुंबले कोच पद के प्रबल दावेदार रहेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर एजेंसी से कहा, अनिल कुंबले ने जिन परिस्थितियों में पद छोड़ा था उसमें सुधार करने की जरूरत है। जिस तरह से सीओए (प्रशासकों की समिति) कोहली के दबाव में आ गई थी और उन्हें (कुंबले) को हटा दिया गया था वह सही नहीं था। हालांकि यह इस पर भी निर्भर करेगा कि कुंबले या लक्ष्मण इस पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं या नहीं।

कोहली पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह विश्वकप के बाद टी-20 की कप्तानी छोड़ देंगे। बीसीसीआई की पहली पसंद भारतीय कोच हैं तथा कुंबले और लक्ष्मण को 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने के अलावा कोचिंग का भी अनुभव है। विदेशी कोच दूसरा विकल्प है। सूत्र ने कहा, बीसीसीआई के कोच पद के लिए मानदंड ऐसा होगा, जिससे कि खिलाड़ी के रूप में अच्छे रिकार्ड के साथ कोचिंग का अनुभव रखन वाले ही आवेदन कर सकें। सूत्रों ने विक्रम राठौड़ की दावेदारी के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, अगर वह चाहें तो आवेदन कर सकते है, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने के लिए उनके पास वैसा रुतबा नहीं है। उन्होंने कहा, वह सहायक कोच के रूप में अच्छे हैं, लेकिन जब हम नए कोच की नियुक्ति करेंगे तो उनके पास अपनी टीम होगी। इसलिए देखते हैं क्या होता है।



**टी-20 विश्वकप के बाद खत्म हो जाएगा कोच शास्त्री का कार्यकाल**

**2016-17 में भारतीय टीम के कोच थे अनिल कुंबले**



### शास्त्री ने कहा, कोच के रूप में जो चाहा वह हासिल किया

**लंदन।** रवि शास्त्री का भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल अगले महीने टी-20 विश्वकप के साथ समाप्त हो जाएगा और उन्होंने स्वीकार किया कि इससे उन्हें थोड़ा दुख होगा, लेकिन साथ ही कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में जो चाहा वह हासिल किया और वह सही समय पर इस जिम्मेदारी से मुक्त हो रहे हैं। शास्त्री का मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल 2017 में शुरू हुआ था। इसके बाद उन्हें 2019 में फिर से इस पद पर नियुक्त कर दिया गया था। टी-20 विश्वकप 17 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा।

कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के कारण 59 वर्षीय शास्त्री अभी पृथकवास पर हैं। उन्होंने द गार्डियन से कहा कि टी-20 विश्वकप विशेष होगा, लेकिन मिना ने उनके रहते हुए पहले ही विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं। शास्त्री ने कहा, मेरा ऐसा मानना है क्योंकि मैंने जो चाहा वह हासिल किया। पांच साल तक नंबर एक (टेस्ट क्रिकेट में) रहे, आस्ट्रेलिया में दो बार जीते, इंग्लैंड में जीते। उन्होंने कहा, मैंने माइकल आथरटन से बात की थी और कहा था, मेरे लिए यह चरम है आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराना और इंग्लैंड में कोविड काल में जीत दर्ज करना। हमने इंग्लैंड पर 2-1 से बढ़त बनाई है तथा जिस तरह से हम लार्ड्स और ओवल में खेले वह खास था। भारतीय खेमे में कोविड-19 के मामले पाए जाने के बाद जब मैनचेस्टर में होने वाला पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच रद्द किया गया तब भारत श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा था। शास्त्री के कार्यकाल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में टी-20 श्रृंखलाओं में भी जीत दर्ज की। शास्त्री ने कहा, हमने सीमित ओवरों की क्रिकेट में भी प्रत्येक देश को उसकी धरती पर हराया। यदि हम टी-20 विश्वकप जीत लेते हैं, तो यह सोने पे सुहागा होगा। इससे ज्यादा कुछ नहीं चाहिए। उन्होंने कहा, मैं एक बात पर विश्वास करता हूं कभी जरूरत से ज्यादा समय तक नहीं टिके रहो। मैं यह बात इस संदर्भ में कह रहा हूं कि टीम का साथ छोड़ने के समय में क्या चाहता हूं, असल में मैंने जरूरत से ज्यादा हासिल किया है। आस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराना और कोविड काल में इंग्लैंड पर श्रृंखला में बढ़त हासिल करना।

# पुस्तक विमोचन का खेद नहीं, उस पार्टी से कोई संक्रमित नहीं हुआ: शास्त्री

एजेंसी। लंदन

**भारत** के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि उन्हें अपनी पुस्तक का विमोचन समारोह आयोजित करने पर खेद नहीं है, जिसे भारतीय टीम में कोविड-19 का संक्रमण फैलने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है, जिसके कारण इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में पांचवां टेस्ट मैच रद्द करना पड़ा। शास्त्री, क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर, गेंदबाजी कोच भरत अरुण और फिजियो नितिन पटेल को ओवल टेस्ट के दौरान संक्रमित पाया गया और जब मैनचेस्टर में पांचवें टेस्ट से पहले जूनियर फिजियो योगेश परमार का परीक्षण पॉजिटिव आया तो मैच विवादास्पद रूप से रद्द कर दिया गया। भारत तब श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा था। रिपोर्टों के अनुसार पुस्तक विमोचन समारोह में भाग लेने वाले लोगों ने मास्क नहीं पहना था।

शास्त्री ने द गार्डियन से साक्षात्कार में कहा, मुझे कतई खेद नहीं है क्योंकि मैं उस समारोह में जिन लोगों से मिला वे शानदार थे। लड़कों के लिए भी लगातार अपने कमरों तक सीमित रहने के बजाय बाहर निकलकर अलग अलग लोगों से मिलना अच्छा था। उन्होंने कहा, ओवल टेस्ट में आप उन सीढ़ियों पर चढ़ रहे थे, जिनका उपयोग 5000 लोग कर रहे थे। फिर पुस्तक विमोचन पर अंगुली क्यों उठाई जा रही है। शास्त्री ने कहा, लेकिन मैं चिंतित नहीं था। पार्टी में लगभग 250 लोग थे और कोई भी उस पार्टी के कारण संक्रमित नहीं हुआ। पृथकवास में बिताए गए समय के बारे में शास्त्री ने कहा, यह शानदार रहा क्योंकि 10 दिनों में गले में खराश के अलावा मुझे में किसी तरह के लक्षण नहीं थे। मुझे कभी बुखार नहीं आया और मेरा



ऑक्सीजन का स्तर का हर समय 99 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा, मैंने इन 10 दिनों में एक भी दवा नहीं ली। एक पैरासिटामोल (बुखार की दवा) तक नहीं ली। मैंने लड़कों से कहा कि एक बार परीक्षण पॉजिटिव आने पर यह 10 दिन का फ्लू है और कुछ नहीं। पांचवां टेस्ट रद्द होने से पुस्तक विमोचन पर लोगों का अधिक ध्यान गया। शास्त्री ने कहा, मैं पुस्तक विमोचन की पार्टी में संक्रमित नहीं हुआ, क्योंकि वह 31 अगस्त को था और तीन सितंबर को मेरा परीक्षण पॉजिटिव आया था। यह तीन दिन में नहीं हो सकता है। मुझे लगता है कि मैं लीड्स में संक्रमित हुआ। इंग्लैंड में 19 जुलाई को सब कुछ खोल दिया गया था। लोग होटलों में आने लगे थे, लिफ्ट का उपयोग शुरू हो गया था। किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं था।

शास्त्री ने कहा कि मैनचेस्टर में नहीं खेलने का फैसला लेने में वह शामिल नहीं थे क्योंकि तब वह लंदन में पृथकवास पर थे। उन्होंने इस संदर्भ में खिलाड़ियों से चर्चा भी नहीं की थी। उन्होंने कहा, नहीं मुझे नहीं पता कि किसने यह फैसला किया। मुझे नहीं पता था कि अचानक ही जूनियर फिजियो का परीक्षण पॉजिटिव आ गया। वह पांच या छह खिलाड़ियों का उपचार कर रहा था। मुझे लगता है कि यहां से मामला उठा। हम जानते हैं कि ऐसे में टेस्ट मैच के बीच में भी किसी का परीक्षण पॉजिटिव आ सकता है।

# डेविस कप: प्रजनेश-रामकुमार हारे फिनलैंड के खिलाफ भारत पिछड़ा

**एस्पू (फिनलैंड)।** प्रजनेश गुणेश्वरन फिर डेविस कप में यहां अपने से निचली रैंकिंग खिलाड़ी से हार गए जबकि रामकुमार रामनाथन को भी दूसरे एकल में पराजय झेलनी पड़ी, जिससे फिनलैंड के खिलाफ विश्व ग्रुप एक के मुकाबले में भारत 0-2 से पिछड़ रहा है। दिन के पहले मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 165वें स्थान पर काबिज प्रजनेश को रैंकिंग में काफी नीचे के खिलाड़ी ओटो विर्तानिन (419वीं रैंकिंग) से शुक्रवार को एक घंटे 25 मिनट तक चले मैच में 3-6, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। रामकुमार रामनाथन (187वीं रैंकिंग) ने दूसरे मैच में फिनलैंड के नंबर एक खिलाड़ी एमिल रूसुवुओरी को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन वह विश्व रैंकिंग में 74वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी से 4-6 5-7 से हार गए। भारत को अच्छा ड्रा मिला था, जिसमें प्रजनेश निचली रैंकिंग के खिलाड़ी से खेल रहे थे, लेकिन विर्तानिन ने आसान जीत हासिल की। रामकुमार ने अपने प्रतिद्वंद्वी की चुनौती से पार पाने के लिए कुछ कोशिशें की, लेकिन वह भारत को बराबरी पर नहीं ला सके।

# रनिंदर सिंह चौथी बार एनआरएआई अध्यक्ष चुने गए

एजेंसी। मोहाली

**अनुभवी** प्रशासक रनिंदर सिंह को शनिवार को फिर से चौथी बार भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) का अध्यक्ष चुना गया, जिन्होंने यहां चुनावों में बसपा सांसद श्याम सिंह यादव को 56-3 मत से हराया। कुंवर सुल्तान को निर्विरोध राष्ट्रीय संस्था का महासचिव चुना गया, जबकि रणदीप मान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। ओडिशा के सांसद कालीकेश नारायण सिंह देव महासंघ के आठ उपाध्यक्षों के अलावा सीनियर उपाध्यक्ष बने रहेंगे। पवन कुमार सिंह भी शीला कानूंगो के साथ शीर्ष संस्था के संयुक्त सचिव बने रहेंगे।



एनआरएआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में यादव द्वारा दायर याचिका के बाद खेल मंत्रालय के नए सिरे से चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश के बावजूद चुनाव कराने का फैसला किया। यादव उत्तर प्रदेश के जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के सांसद हैं। एनआरएआई ने चुनाव निर्धारित समय पर कराने का फैसला इसलिए कायम रखा क्योंकि उच्च न्यायालय से अभी इस पर कोई स्टे ऑर्डर नहीं मिला था। यह मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है और सुनवाई की अगली तारीख दिसंबर है। चुनाव आईएस बिंद्रा स्टेडियम में कराए गए। अपनी याचिका में यादव ने चुनावों के लिए महेताब सिंह गिल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाने में हितों के स्पष्ट टकराव का हवाला दिया है। यादव ने रनिंदर के कार्यकाल को लेकर भी आपत्ति उठाई थी लेकिन मंत्रालय ने पाया कि वह फिर से चुनाव लड़ सकते हैं। खेल संहिता के अनुसार, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) सहित किसी भी एनएसएफ (राष्ट्रीय खेल महासंघ) का अध्यक्ष अधिकतम 12 साल तक अपने पद पर रह सकता है। इस आधार पर रनिंदर सिंह की उम्मीदवारी वैध है क्योंकि वह 2022 के आखिर में 12 साल पूरा करेंगे।

# धोनी के मेंटर बनने से गेंदबाजी इकाई और शर्मीले खिलाड़ियों को होगा फायदा

कुशान सरकार। नई दिल्ली

**भारत** के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमेशा गेंदबाजों के लिए बेहतर कप्तान साबित हुए हैं और टी-20 विश्वकप के लिए टीम मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में उनकी उपस्थिति से जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली गेंदबाजी इकाई को काफी फायदा होगा। धोनी को हाल ही में बीसीसीआई ने इस बड़े आयोजन के लिए टीम का मेंटर नियुक्त किया है। सहवाग ने एजेंसी को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, मैं बहुत खुश हूं कि एमएस (धोनी) ने टी-20 विश्वकप के लिए टीम मेंटर बनने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। मुझे पता है कि बहुत से लोग चाहते हैं कि एमएस फिर से भारतीय क्रिकेट की मुख्यधारा में वापसी करें और मेंटर के रूप में टीम में शामिल होना सबसे अच्छी बात है।

एक दशक तक धोनी के साथ खेलने वाले सहवाग को पता है कि एक कप्तान के रूप में धोनी की मुख्य ताकत सीमित ओवरों के प्रारूप में अपने गेंदबाजों की मानसिकता को समझना है। इस पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज ने कहा, एक विकेटकीपर के रूप में एमएस क्षेत्ररक्षण सजाने के मामले में असाधारण थे और यह कुछ ऐसा है, जो इस विश्वकप में गेंदबाजी इकाई की मदद करेगा। गेंदबाज अपना दिमाग लगा सकते हैं और बल्लेबाज के खिलाफ योजना बनाने के लिए उपयोगी सुझाव प्राप्त कर सकते हैं। सहवाग ने कहा कि जो युवा खिलाड़ी थोड़े अंतर्मुखी या शर्मीले हैं उनके लिए भारतीय टीम में धोनी से बेहतर मेंटर नहीं हो सकता है, खासकर तब जब उन्हें मार्गदर्शन करने के लिए किसी की जरूरत होती है क्योंकि वे मैदान पर खुद को अभिव्यक्त करने की कोशिश करते हैं। सहवाग ने कहा, किसी भी अंतरराष्ट्रीय टीम में हमेशा ऐसे खिलाड़ी होते हैं, जो शर्मीले होते हैं और अपने कप्तान से बातचीत करने में संकोच करते हैं। एमएस हमेशा उस तरह का व्यक्ति जिससे खिलाड़ी आसानी से बातचीत कर सकते हैं। वह युवाओं के लिए एक आदर्श संकटमोचक भी है।



### चयनकर्ता भी टूर्नामेंट के प्रदर्शन पर रखेंगे नजर

बीसीसीआई ने टी-20 विश्वकप के लिए तीन रिजर्व के साथ 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, वहीं सहवाग का मानना है कि आईसीसी ने 10 अक्टूबर तक सभी टीम के लिए खिलाड़ियों को बदलने का समय दिया है, ऐसे में इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के पास टीम में जगह बनाने का मौका होगा। उन्होंने कहा, उनके पास टीम में जगह बनाने का 100 प्रतिशत मौका होगा। हमारे पास टीमों के लिए कम से कम सात मैच बचे हैं। इसका मतलब है कि आपके पास अभी भी प्रदर्शन करने के लिए एक मंच है और जो लोग मैदान में होंगे उनके पास अब भी भारतीय चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का मौका होगा। चयनकर्ता भी टूर्नामेंट के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। नजफगढ़ के इस नवाब ने कहा, आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने टीमों को बदलने के लिए एक मौका दिया है। ऐसे में अगर भारतीय टीम में कोई बदलाव होता है तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई सिटी एफसी ने गुरकीरत सिंह से किया करार

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र से पहले शनिवार को गुरकीरत सिंह के साथ तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। करार के मुताबिक मुंबई सिटी के पास इंडियन एरोज का प्रतिनिधित्व कर चुके इस 18 साल के खिलाड़ी के अनुबंध को एक और साल के लिए बढ़ाने का विकल्प है। गुरकीरत ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मुंबई सिटी की टीम में शामिल होना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है और मेरे लिए भी यह अलग नहीं है। उन्होंने कहा, मैं खुद को मिले मौके की अहमियत को समझता हूं। मुझे पता है कि कुछ भी ऐसे ही नहीं मिलता है। मुझे अपने साथियों और अनुभवी खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखना है। और मैं कड़ी मेहनत कर के इस महत्वाकांक्षी क्लब के लिए अपने प्रयास से अंतर पैदा करने के लिए तैयार हूं। गुरकीरत ने 2020-21 सत्र में 11 मैचों में एक गोल किया है। वह एआईएफएफ विकास टीम में नियमित तौर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के साथ अंडर-16 और अंडर-18 स्तर पर भी प्रभावित किया है।

### त्वेसा फ्रांस में संयुक्त 11वें स्थान पर

**बोरदु (फ्रांस)।** त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यहां एक अंडर 70 का स्कोर बनाया। पहले दौर में 69 का कार्ड खेलने वाली त्वेसा अब संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर चल रही सेलाइन बोटियर से पांच शॉट पीछे हैं। बोटियर अभी एक शॉट से बढ़त पर हैं। भारतीय गोल्फर ने शुरू में ही पांचवें होल में डबल बोगी कर दी थी। इसके अलावा उन्होंने 13वें और 14वें होल में भी बोगी की, लेकिन इस बीच पांच बर्डी भी बनाई जिससे यह दिन उनके लिए निराशाजनक नहीं रहा।

### अदिति ने पोर्टलैंड क्लासिक के कट में जगह बनाई

**पोर्टलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने पहले दौर के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर दूसरे दौर में पार 72 का कार्ड खेला, जिससे वह 2021 कैम्बिया पोर्टलैंड क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रही। पहले दौर में पांच ओवर 77 का स्कोर बनाने वाली अदिति अभी संयुक्त 57वें स्थान पर हैं। वह अंतिम दो दौर में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी स्थिति में सुधार कर सकती है। अदिति ने दूसरे दौर में पांचवें और 18वें होल में बर्डी बनाई, लेकिन इस बीच उन्होंने 11वें और 12वें होल में बोगी भी की। कट छह ओवर पर आया और कुल 77 खिलाड़ी आगे बढ़ने में सफल रहीं। रोलेक्स रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज जिन यंग को (69-67) कुल आठ अंडर के साथ शीर्ष पर चल रही हैं।

### गौरिका संयुक्त छठे और रिदिमा संयुक्त नौवें स्थान पर रही

**पुइडॉक्स (स्विट्जरलैंड)।** भारत की गौरिका विश्नोई लवॉक्स लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त छठे स्थान पर रही, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका लंबे समय बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। घरेलू सर्किट में पांच बार की विजेता गौरिका ने तीन दौर में 71-72-69 का स्कोर बनाया और वह चार अंडर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रही। भारत की एक अन्य गोल्फर रिदिमा दिलावरी ने संयुक्त नौवां स्थान हासिल किया। उन्होंने 74-69-70 का स्कोर बनाया। अमनदीप द्राल (73-73-72) और प्रणवी उर्स (71-74-73) संयुक्त 22वें जबकि वाणी कपूर (75-74-72) संयुक्त 33वें स्थान पर रहीं। स्कॉटलैंड की गैब्रिएली मैकडोनाल्ड ने प्लेऑफ में इंग्लैंड कह जेम्मा क्ल्यूज को हराकर खिताब जीता।

### शुभंकर ने दो ईगल जमाए, दूसरे दौर के बाद संयुक्त नौवें स्थान पर

**क्रॉम्वायर्ट (नीदरलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर में दो ईगल की मदद से छह अंडर 66 का कार्ड खेला, जिससे वह डच ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पहले दौर में दो अंडर-70 का स्कोर बनाने वाले शुभंकर का कुल स्कोर आठ अंडर है और वह शीर्ष पर चल रहे क्रिस्टोफर ब्रोबर्ग (68-64) से चार शॉट पीछे हैं। उनका कुल स्कोर अभी 12 अंडर है। शुभंकर ने बोगी से शुरुआत की, लेकिन तीसरे और छठे होल में बर्डी बनाने में सफल रहे। उन्होंने पार-5 वाले 12वें होल में ईगल बनाया। इसके बाद वह पार-4 वाले 15वें होल में भी ईगल बनाने में सफल रहे। उन्होंने 18वें होल में बर्डी के साथ दिन का समापन किया।

### सेल्टा को हराकर कैडिज ने दर्ज की पहली जीत

**मैड्रिड।** कैडिज ने सेल्टा विगो को 2-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में हार का क्रम तोड़कर वर्तमान सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। एंथनी लोजानो (38वें मिनट) और लुई अल्फोंसो एस्पिनो (43वें मिनट) ने पहले हाफ के आखिर में पांच मिनट के अंदर गोल करके कैडिज को जीत दिलाई। एस्पिनो के गोल से ठीक पहले साल्वी सांचेज कैडिज की तरफ से पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए थे। सैंटी मिना ने 64वें मिनट में गोल करके सेल्टा की उम्मीद जगाई, लेकिन टीम बराबरी का गोल करने में नाकाम रही। कैडिज ने अपने पहले दो मैच ड्रा खेले, लेकिन इसके बाद उसे दो मैचों में हार झेलनी पड़ी थी। सेल्टा की यह लगातार तीसरी और पांच मैचों में कुल चौथी हार है। उसे पिछले मैच में रीयाल मैड्रिड ने 5-2 से करारी शिकस्त दी थी। रीयाल मैड्रिड, वेलेंसिया और मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड के चार मैचों में 10 अंक हैं और वे शीर्ष पर हैं।

### पिजाका के गोल से टोरिनो ने सासुओलो को हराया

**रेजियो एमिलिया (इटली)।** मार्को पिजाका के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से टोरिनो ने इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में सासुओलो को 1-0 से हराया। टोरिनो की सत्र के शुरू में दो हार के बाद यह लगातार दूसरी जीत है। उसके अब चार मैचों में छह अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर चल रहे रोमा, एसी मिलान और नैपोली से तीन अंक पीछे है। सासुओलो के चार अंक हैं। पिजाका ने 83वें मिनट में यह गोल किया। उनका शॉट कोण लेकर गोल में गया जिसका सासुओलो के गोलकीपर आंद्रिया कॉनसिगली के पास कोई जवाब नहीं था।

### न्यूकासल और लीड्स का मैच 1-1 से ड्रॉ छूटा

**न्यूकासल।** न्यूकासल ने एलन सेंट मैक्सिमिन के गोल की मदद से लीड्स के खिलाफ इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट मैच 1-1 से ड्रा खेला। फ्रांस के 24 वर्षीय मैक्सिमिन ने सेंट जेम्स पार्क स्टेडियम में लगभग 50 हजार दर्शकों के सामने 44वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इससे पहले राफिन्हा ने 13वें मिनट में लीड्स को बढ़त दिलाई थी। इन दोनों टीमों को लीग में अब भी पहली जीत का इंतजार है। लीड्स के पांच मैचों में तीन और न्यूकासल के इतने ही मैचों में दो अंक हैं। मैनचेस्टर यूनाईटेड, चेल्सी, लिवरपूल और एवर्टन के चार चार मैचों में समान 10 अंक हैं और वे शीर्ष पर हैं।

### कोच मुर्तजा लोधगर का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**नई दिल्ली।** बंगाल के पूर्व स्पिनर और मिजोरम अंडर-19 टीम के मुख्य कोच मुर्तजा लोधगर का शुक्रवार की रात को विशाखापट्टनम में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने इसकी पुष्टि की। लोधगर 45 साल के थे और वह मिजोरम की टीम के साथ विशाखापट्टनम गए थे जहां टीम को वीनू मांकड़ ट्रॉफी (अंडर-19 राष्ट्रीय एकदिवसीय) में खेलना है। इससे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू सत्र की शुरुआत भी होगी। डालमिया ने कहा, रात्रि भोज के बाद यह दुखद घटना हुई। मुर्त भाई (लोधगर) और टीम के फिजियो रात्रि भोज करने के बाद बाहर टहल रहे थे कि तभी उनके सीने में तेज दर्द हुआ और वह नीचे गिर गए। उन्होंने कहा, फिजियो और टीम के अन्य सदस्य उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए जहां उन्हें मृत घोषित किया गया। मुर्तजा ने अपने करियर में नौ रणजी ट्रॉफी मैच खेले जिनमें 34 विकेट लिए।

# सियासी कुश्ती में मनोहर ने किया चित्त



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश के राजनैतिक हालातों और किसान आंदोलन सहित करनाल लाठीचार्ज पर मोदी के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट रख दी और उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश के हालात पूरी तरह काबू में है।**

मंथन



भाजपा शासित राज्यों कर्नाटक, उत्तराखंड और गुजरात के मुख्यमंत्रियों को बदलने के बाद राजनैतिक हलकों में कयास लगाए जा रहे थे कि अब हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का नंबर आने वाला है क्योंकि प्रचार किया जा रहा था कि यहां किसान आंदोलन सहित अनेक ऐसे मुद्दे है, जिन्हें खट्टर सरकार सुलझा नहीं पा रही है और भाजपा के लिए हालात लगातार खराब होते जा रहे है, लेकिन इस सबके बावजूद ऐसे अनेक कारण है, जो उन्हें पद से हटाए जाने से भाजपा हाईकमान को रोक रहे है। दूसरे अभी प्रदेश में चुनाव 2024 में होने है और उससे पहले मई 24 में केंद्र के चुनाव होने है, ऐसे में गुजरात पर संघ परिवार मेहरबान है और भाजपा हाईकमान को भी उनसे कोई खास दिक्कत नहीं है।

मसला केवल किसान आंदोलन है, जो केंद्र द्वारा बनाए गए तीन कृषि कानूनों को लेकर चल रहा है, उसे भी काफी हद तक हरियाणा सरकार संभाल रही है। पिछले दस महीनों में केवल एक बार करनाल में किसानों पर लाठीचार्ज हुआ है और उसे भी सरकार ने अच्छे से ट्रैकल कर लिया हैं। सियासी जानकारों का कहना है कि पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री मनोहर लाल को प्रधानमंत्री ने मिलने का जो समय दिया था, उसने इन सारी अटकलों पर विराम लगा दिया है कि मुख्यमंत्री खट्टर को भी जल्द बदला जाएगा। गौरतलब है कि जबसे भाजपा हाईकमान ने उत्तराखंड और गुजरात में मुख्यमंत्री बदले है, इस बात की चर्चा आम थी कि अब हरियाणा, मध्यप्रदेश और हिमाचल के भाजपा मुख्यमंत्रियों पर भी गाज गिर सकती है क्योंकि भाजपा नए चेहरों को सामने लाकर चुनाव लड़ेगी, अगर इस दलील को मान भी लिया जाए, तो इन तीनों ही प्रदेशों में निकट भविष्य में कोई चुनाव नहीं होने जा रहे। रही बात प्रदेश में चल रहे किसान आंदोलन के बाद तनाव की तो इसमें मुख्यमंत्री का कोई दोष नहीं है, ऐसे में मुख्यमंत्री ने अपनी स्थिति को स्पष्ट करने के उद्देश्य से इसी सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगा था और उन्हें तुरंत प्रधानमंत्री के व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद समय दे दिया गया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के राजनैतिक हालातों और किसान आंदोलन सहित करनाल लाठीचार्ज पर मोदी के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट रख दी और उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश के हालात पूरी तरह काबू में है। सूत्रों का दावा है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के जाट मतदाताओं की नाराजगी को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की और हाईकमान को स्पष्ट किया कि अगर जाट मतदाताओं का कुछ प्रतिशत भाजपा से नाराज है, तो नानजाट मतदाताओं का अधिकतम भरोसा भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री के साथ हुई बैठक के बाद मुख्यमंत्री काफी आश्वावत नजर आए। उनके चेहरे पर विजय की झलक थी यानी उन्होंने प्रधानमंत्री के समक्ष पूरी सियासी स्थिति को स्पष्ट कर उनसे मुख्यमंत्री बने रहने का आशीर्वाद हासिल कर लिया। दरअसल, मुख्यमंत्री ने इस बैठक से अपनी ही पार्टी में विपक्ष की भूमिका निभाने वाले चंद जाट चेहरों को यह संकेत दे दिया कि वे बेशक कितना भी जाट मतदाताओं की नाराजगी का ढिंढौरा पीट ले, हाईकमान उनके साथ है। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री ने अपने उन राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों को करारी पटखनी दे दी है, जो उनको हटाए जाने की अटकलों को न केवल हवा दे रहे थे, बल्कि प्रदेश के कई गैरजाट मंत्रियों, विधायकों से मुलाकात कर अपना सियासी आधार मजबूत करने में जुटे थे।

गौरतलब है कि पिछले दिनों भाजपा के पूर्वमंत्री कैप्टन अभिमन्यु अपने फरीदाबाद दौरे के दौरान खनन मंत्री मूलचंद शर्मा के निवास पर पहुंचे थे, जहां कुछ भाजपा विधायक भी मौजूद थे। राजनैतिक हलकों में इसे सीधे-सीधे लॉबिंग करना कहते है। मालूम हो कि प्रदेश के एक अन्य जाट नेता ओपी धनखड़ जो मौजूदा समय में प्रदेश अध्यक्ष पद पर है, उनकी भी मुख्यमंत्री से ज्यादा नहीं बनती। अनेक मौकों पर उनकी दूरियां सियासी हलकों में देखी गई है। मालूम हो कि ये दोनों जाट नेता जो पिछली भाजपा सरकार में मंत्री थे, इस बार चुनाव हार गए थे, उसके बावजूद उन्हें भाजपा हाईकमान ने ठीक जगह एडजस्ट कर रखा है। इतना ही नहीं एक और जाट नेता सुभाष बराला जो पिछली बार प्रदेश अध्यक्ष थे, वो भी अपना चुनाव हार गए थे, अगर ये दिगगज जाट नेता चुनाव नहीं हारते तो भाजपा को जजपा के साथ किसी प्रकार का गठबंधन कर सरकार न बनानी पड़ती, खैर अबकि बार मनोहर लाल खट्टर ने उनको हटाए जाने के सभी कयासों को खत्म करते हुए स्पष्ट संकेत दे दिया है कि फिलहाल उनकी कुर्सी को कोई खतरा नहीं है।

## प्रदेश में कांग्रेस संगठन खड़ा न हो पाने की क्या है मजबूरी

प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभा रही कांग्रेस पार्टी पिछले कई सालों से जिलास्तर पर अपना संगठन नहीं बना पाई है। आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सेलजा हर बार इस जवाब को टाल जाती है। पिछले दिनों पानीपत में एक कार्यक्रम के दौरान सेलजा से यही सवाल कुछ पत्रकारों द्वारा पूछा गया कि हरियाणा में कांग्रेस का संगठन कब तक खड़ा होगा, तो प्रदेश अध्यक्ष ने इसका कोई स्पष्ट जवाब न देते हुए मात्र इतना कहा कि भाजपा कांग्रेस के संगठन की चिंता न करें। प्रदेश में संगठन न होने के बावजूद कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा का प्रचार कर रहा है।



गौरतलब है कि हरियाणा में हुड्डा कार्यकाल के बाद से कांग्रेस का कोई जिलाध्यक्ष नहीं है और न ही ब्लॉक स्तर पर पार्टी का कोई संगठन बन पाया है, जिसके चलते पार्टी धीरे-धीरे हाशिए पर पहुंच गई है। हालांकि किसान आंदोलन ने पार्टी को फिर से मजबूती प्रदान की है और प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सेलजा पुरजोर कोशिश कर रही है कि हरियाणा के प्रत्येक जिले में संगठन तैयार किया जाए, ताकि आगामी चुनावों में कांग्रेस मजबूती से भाजपा को शिकस्त दे सके, लेकिन मजबूरी यह है कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा हाईकमान की लाख कोशिशों के बावजूद किसी और को प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर स्वीकार करने को तैयार नहीं वो इस पद पर अपने पुत्र दीपेंद्र हुड्डा या किसी अपने विश्वासपात्र को देखना चाहते है, यही कारण है कि कांग्रेस के पिछले प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर को भी उन्होंने टिकने नहीं दिया। आखिरकार उन्हें पार्टी को छोड़कर अपना अलग मंच बनाना पड़ा।

अब जबसे कुमारी सेलजा प्रदेश अध्यक्ष बनी है, तभी से उनके संबंध भी पूर्व मुख्यमंत्री से खट्टे-मीठे बने हुए है और इस बात की जानकारी कांग्रेस हाईकमान को भी है, लेकिन इसके बावजूद भूपेंद्र हुड्डा पर कोई लगाम नहीं लग पाई है। हालांकि पिछले महीने जब पंजाब प्रदेश अध्यक्ष पद पर कांग्रेस हाईकमान ने नवजोत सिंह सिद्धू को मनोनीत किया है, तब से हरियाणा के भी हालात बदले है। अब तक हुड्डा खेमे का झंडा उठा कर चलने वाले कई कांग्रेसी विधायक और नेता अब कुमारी सेलजा के मंच पर नजर आने लगे है क्योंकि उन्हें डर लगने लगा है कि अगर हाईकमान ने भूपेंद्र हुड्डा के पर कतर दिए, तो फिर उनके पास और कोई ठिकाना नहीं रहेगा इसीलिए सेलजा की बैठकों में अब हुड्डा गुट के नेता भी शामिल होने लगे है। इसके अलावा किरण चौधरी और रणजीत सुरजेवाला के साथ-साथ पूर्वमंत्री चौधरी विरेंद्र सिंह का खेमा भी कुमारी सेलजा को सलाम करने लगा है, लेकिन इस सबके बावजूद हरियाणा में कांग्रेस का संगठन नहीं बन पा रहा है। सूत्रों का कहना है कि ऐसा इसलिए नहीं हो पा रहा है क्योंकि प्रदेश के सभी गुट जिलों में अपना जिला अध्यक्ष चाहते है इसीलिए आज तक इस पर सहमति नहीं बन पाई है और अगर सेलजा ने अपनी मर्जी से जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी, तो फिर कांग्रेस की फूट खुलकर सामने आ जाएगी। सियासी हलकों में इस बात की भी चर्चा आम है कि अगर हाईकमान भूपेंद्र हुड्डा गुट को प्रदेश का सारा जिम्मा सौंप दे, तो कांग्रेस पार्टी हरियाणा में पुन: सत्ता में आ सकती है क्योंकि भूपेंद्र हुड्डा के अलावा कांग्रेस में एक भी नेता ऐसा नहीं है, जो कांग्रेस की सत्ता में वापस ला सकने की क्षमता रखता हो, जबकि हाईकमान समझती है कि अगर हुड्डा गुट को सारी कमान सौंप दी गई तो प्रदेश का नानजाट, दलित, पिछड़ा मतदाता भाजपा की झोली में पड़ सकता है। यही कारण है कि आज तक हरियाणा में कांग्रेस अपना संगठन नहीं खड़ा कर पा रही है।

# बच्चों को चाहिए अनुकूल वातावरण

**रुश्दा मजीद कहती हैं कि एक बच्चे की भावनात्मक भलाई का सारतत्व आसपास के माहौल से जुड़ा होता है।**



कोविड -19 महामारी ने बच्चों में कुछ स्थितियों को बढ़ा दिया है। उम्र के बावजूद, भावनात्मक और व्यक्तिगत विकास दक्षताओं, अवसरों और गतिविधियों को करते समय वे कैसा महसूस करते हैं, के बारे में है। चूंकि बच्चे कैसा महसूस करते हैं और वे कैसे कार्य करते हैं, के बीच एक सामंजस्यपूर्ण परस्पर क्रिया है, इसलिए उनके बौद्धिक विकास, रचनात्मकता, या समग्र कल्याण का समर्थन करने की कोशिश करते समय उनकी भावनात्मक जरूरतों को कभी भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। खासकर अब। शोध पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है जो दर्शाता है कि माता-पिता में भावनात्मक बुद्धिमत्ता बढ़ने से बच्चे के जीवन में स्वस्थ और मजबूत रिश्ते बनते हैं। हमारी भावनाएं निर्धारित करती हैं कि हम अपने दैनिक जीवन में कैसे कार्य करते हैं, इसलिए उन्हें विनियमित और प्रबंधित करना महत्वपूर्ण है। जबकि बच्चों, परिवार और विशेष रूप से माता-पिता में भावनात्मक विनियमन के विकास के लिए एक आनुवंशिक घटक इस महत्वपूर्ण संकाय को आकार देता है। इस प्रकार, बच्चे अपने माता-पिता के रूप में तुलनीय नियामक दृष्टिकोण विकसित करके अपनी भावनाओं को नियंत्रित करना सीख सकते हैं। यह एक बच्चे के विकास और भलाई पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव साबित होता है। पांच साल से कम उम्र के बच्चे अभी भी उनके अपने व्यक्ति हैं, जिनकी अलग-अलग पसंद और नापसंद हैं और जो उनके व्यक्तित्व को आकार देते हैं।

बच्चे सबसे अच्छा कैसे सीखते हैं? अवलोकन के माध्यम से। बच्चे अपने माता-पिता में जो देखते हैं उससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। बच्चे के विकास की शुरुआत में, वे अपने माता-पिता द्वारा प्रदर्शित प्रतिक्रियाओं और भावनाओं को सीधे मॉडलिंग करके इसे प्राप्त करते हैं। बाद में, विकास प्रक्रिया के दौरान, अधिक मौखिक घटकों को अपनाया जा सकता है। माता-पिता के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे स्थिति का विश्लेषण करके, विभिन्न दृष्टिकोणों को समझकर और फिर संतुलित तरीके से प्रतिक्रिया करके कठिन बातचीत और चुनौतियों के माध्यम से अपने तरीके से सफलतापूर्वक नेविगेट करने के लिए खुद को प्रोजेक्ट करें। यह बच्चों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। परिवार के भावनात्मक माहौल का भी बच्चे की भावनाओं को नियंत्रित करने की क्षमता पर बहुत प्रभाव पड़ता है। यहीं से माता-पिता और बच्चे का रिश्ता चलन में आता है। बच्चे खुलेपन के स्तर को प्रतिबिंबित करेंगे जो माता-पिता चित्रित करते हैं। भावनाओं की पहचान करने, परिणामों का विश्लेषण करने और माता-पिता के साथ चर्चा करने में सक्षम होने के लिए उदाहरण के माध्यम से प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। भावनाओं का नियमन एक जटिल कौशल है जो जीवन भर विकसित होता है।

माता-पिता की चंचलता सहज, रचनात्मक, मनोरंजक और लचीली होने की क्षमता है। माता-पिता अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने और अपने दिमाग को उत्तेजित करने के लिए बच्चों के लिए मजेदार और मनोरंजक आउटलेट बनाना दीर्घकालिक भावनात्मक स्थिरता को तैयार करने का एक तरीका हो सकता है। इन माध्यमों का उपयोग करके, माता-पिता अपने बच्चों के साथ घनिष्ठ और अधिक खुले संबंध बना सकते हैं, जिससे कम उम्र में विचारों और भावनाओं की खुली अभिव्यक्ति होती है।

प्रारंभिक बाल विकास देखभाल पर अनुसंधान ने आठ साल से कम उम्र के बच्चों के 137 माता-पिता के नमूने का अध्ययन किया, जिन्होंने अपने माता-पिता की चंचलता के स्तर, अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने की क्षमता, माता-पिता-बच्चे की निकटता और संघर्ष के स्तर, और उनके बच्चे की भावना विनियमन और चिंता की स्व-रिपोर्ट की। . माता-पिता की चंचलता सीधे उनके बच्चों में बेहतर भावना विनियमन से जुड़ी थी। यह जुड़ाव माता-पिता की भावनात्मक जागरूकता और उनकी निकटता के स्तर द्वारा लाया गया था। पेरेंटिंग तकनीकों में भावनात्मक बुद्धिमत्ता और विनियमन का उपयोग बच्चों को जटिलता और तनाव को नेविगेट करने, स्वस्थ और सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देने, नवाचार और रचनात्मकता के लिए जगह बनाने और सकारात्मक परिवर्तन करने वाले बनने में मदद कर सकता है। बच्चों को जिन कुछ सामान्य भावनात्मक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है उनमें एडीएचडी (ध्यान घाटे की सक्रियता विकार), चिंता विकार, खाने का विकार आदि शामिल हैं।

यहां माता-पिता के लिए कुछ व्यावहारिक सुझाव दिए गए हैं :

**सावधान रहें :** बच्चों की प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दें। इस बात से अवगत रहें कि वे कहां हैं और वे किसके साथ हैं क्योंकि यह आपको चुनौतियों और भावनात्मक उथल-पुथल का जवाब देने में मदद करने के लिए बेहतर स्थिति में रखता है।

**कारणों की पहचान करें :** उनकी भावनाओं के अंतर्निहित कारणों को पहचानने में उनकी सहायता करें।

**संवाद करें :** दूसरों के साथ भावनाओं के बारे में बात करना उनसे निपटने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है।

**आत्म-प्रतिबिंब :** भावनाओं को नियंत्रित करने और चीजों को सोचने के लाभों को मॉडल करें।

**आत्म-सम्मान पर विचार करें :** माता-पिता से सुदृढीकरण और प्रोत्साहन बच्चों के आत्म-सम्मान को मजबूत करने और आशावाद और राहत जैसी भावनाओं को पैदा करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय कर सकता है।

अंत में, एक बच्चे की भावनात्मक भलाई का उसके आसपास बनाए गए वातावरण से सब कुछ होता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता और भावनात्मक नियमन उन अनुभवों और टिप्पणियों से उपजा है जो वे कम उम्र में करते हैं।

**( लेखक बर्नार्ड वैन लीयर फाउंडेशन की भारत प्रतिनिधि हैं )**

